वर्ष 72 ▸ अंक 341 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 08 सितंबर, 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

> जो लोग थोड़ी-सी अस्थायी सुरक्षा पाने के लिए अपनी मौलिक स्वतंत्रता छोड़ सकते हैं, वे न तो स्वतंत्रता के योग्य हैं और न ही सुरक्षा के।
> – बेंजामिन फ्रैंकलिन

## आठ साल बाद एशिया कप पर भारत का कब्जा




**दिलप्रीत और सुखजीत चमके**

भारत ने राजगीर (बिहार) में खेले गए एशिया कप हॉकी 2025 फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया और अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। भारत की ओर से सुखजीत सिंह, अमित रोहिदास और दिलप्रीत सिंह (2 गोल) ने शानदार प्रदर्शन किए। दक्षिण कोरिया की तरफ से सोन डेन ने एकमात्र गोल दागा। आठ साल बाद भारत ने एशिया कप जीता है और यह उसका चौथा खिताब है।

(विस्तृत खबर पेज-6 पर)

**विंध्य में सीएम बोले-** संसाधनों के अभाव का बहाना बनाती रहीं विपक्षी सरकारें

## बहुती प्रपात का एमपीटी करेगा विकास

**विशेष संवाददाता, भोपाल/ रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कांग्रेस ने कभी भी न तो जनता के हितों की बात की और न ही प्रदेश के विकास के बारे में सोचा। कांग्रेस सहित अन्य दलों की सरकारें विकास के लिए सदैव संसाधनों के अभाव का बहाना बनाती रहीं। जबकि देश भर में भाजपा की सरकारों ने विकास के लिए कभी भी संसाधानों की कमी नहीं होने दी।

मुख्यमंत्री रविवार को विंध्य क्षेत्र के मऊगंज जिले के देवतालाब में विकास कार्यों की सौगात देने के बाद आमजन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में विकास और जनकल्याण के लिए कभी भी संसाधनों की कमी नहीं होने दी है। यही कारण है कि सभी जिलों का विकास तेजी से हो रहा है। सीएम ने कहा कि खेत में किसान और सीमा पर जवान दोनों का सम्मान हमारी सरकार के लिए सर्वोपरि है। किसान सम्मान निधि तथा अन्य प्रोत्साहन गतिविधियों के माध्यम से राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। पर्याप्त सिंचाई और बिजली की उपलब्धता प्रदेश के सभी क्षेत्रों में सुनिश्चित की जा रही है।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने 2 साल से कम समय में जो विकास किया है वह ऐतिहासिक है। उन्होंने विकास योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी। क्षेत्र में सड़क, नहर और माइक्रो इरिगेशन परियोजना से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने रीवा में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और पर्यटन कान्क्लेव का आयोजन कर पूरे विंध्य में विकास के नए द्वार खोले हैं।



**बहुती जल प्रपात का अवलोकन**

सीएम ने मऊगंज प्रवास पर बहुती जल प्रपात का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने घोषणा की कि बहुती जल प्रपात को पर्यटन विभाग विकसित करेगा और इसे भव्य पर्यटक स्थल का रूप दिया जाएगा। इसी तरह देवतालाब मंदिर में शिवलोक का निर्माण कराया जाएगा। देवतालाब, बनारस और प्रयागराज धार्मिक क्षेत्र का अनूठा त्रिकोण है। जिसका विकास किया जाएगा।

**मदद: छग के बाढ़ पीड़ितों को प्रदेश देगा 5 करोड़ रुपए**

मध्यप्रदेश सरकार ने पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के अतिवृष्टि और बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पहल की है। सरकार ने छग को 5 करोड़ रुपए की राशि के साथ एक ट्रेन राहत सामग्री भेजने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ में अतिवृष्टि और बाढ़ से निर्मित स्थिति के संदर्भ में कहा है कि पड़ोसी राज्य की मदद करना हमारा दायित्व है। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा सहित कई क्षेत्रों में बाढ़ से बहुत क्षति हुई है। सीएम ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार सदैव उनके साथ है। मध्यप्रदेश की ओर से भविष्य में भी छत्तीसगढ़ को आवश्यकतानुसार सहायता और राहत उपलब्ध कराई जाएगी।

### संक्षिप्त खबरें

**अदालत का आदेश**

#### अदाणी के खिलाफ न छापें अप्रमाणित खबरें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को अदाणी समूह के खिलाफ प्रकाशित होने वाली कथित मानहानिपूर्ण और अप्रमाणित खबरों पर रोक लगा दी। रोहिणी कोर्ट के स्पेशल सिविल जज अनुज कुमार सिंह ने यह अंतरिम आदेश अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की याचिका पर सुनाया। अदालत ने पत्रकारों और दो वेबसाइटों को निर्देश दिया कि वे अदाणी समूह के बारे में बिना प्रमाणित रिपोर्ट प्रकाशित या प्रसारित न करें। जिन पत्रकारों पर यह रोक लगी है, उनमें परंजॉय गुहा ठाकुरता, रवी नायर, अबीर दासगुप्ता, अयस्कांत दास और आयुष जोशी शामिल हैं। वहीं, जिन वेबसाइटों को नोटिस भेजा गया है, उनमें प्रांजॉय डॉट इन, अदाणी वॉच डॉट ओआरजी और अदाणी फाइल्स डॉट कॉम शामिल हैं। अदालत ने कहा कि इन प्लेटफार्मों पर प्रकाशित सामग्री प्राइमा फेसी (प्रथम दृष्टया) मानहानिपूर्ण प्रतीत होती है और इससे कंपनी की साख को नुकसान पहुंच रहा है।

#### शरजील ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली दंगों की तथाकथित 'लार्जर कॉन्सपिरेसी' (बड़ी साजिश) मामले में आरोपी जेएनयू के पूर्व छात्र शरजील इमाम ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इमाम ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने 2 सितंबर को यह फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट ने शरजील के अलावा उमर खालिद, अतहर खान, खालिद सैफी, मोहम्मद सलीम खान, शिफा-उर-रहमान, मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा और शादाब अहमद की याचिकाएं भी खारिज कर दी थीं। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया इमाम और उमर खालिद की भूमिका गंभीर प्रतीत होती है। अदालत के मुताबिक, इन दोनों ने सांप्रदायिक आधार पर भड़काऊ भाषण दिए जिससे मुस्लिम समुदाय के बड़े पैमाने पर लामबंद होने की संभावना बनी। शीर्ष अदालत में यह मामला अभी सूचीबद्ध होना बाकी है। 28 जनवरी 2020 को गिरफ्तार किए गए शरजील इमाम दिल्ली दंगों के अन्य आरोपी फिलहाल जेल में हैं।

**तबाही का मानसून:** हिमाचल सबसे ज्यादा प्रभावित, 366 मौतें, 4.07 लाख करोड़ का नुकसान

## देशभर में बारिश-बाढ़ से 9 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान, 600 से ज्यादा मौतें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देशभर में इस मानसून सीजन ने जनजीवन और अर्थव्यवस्था को गहरा झटका दिया है। देशभर में इस साल अब तक बारिश-बाढ़ से 600 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं, वहीं कुल नुकसान का अनुमान करीब 9.03 लाख करोड़ रुपए लगाया जा रहा है। यह तबाही 9 राज्यों में फैली, जहां सड़कों, पुलों, गांवों, शहरों और लाखों हेक्टेयर फसल पर सबसे ज्यादा असर पड़ा। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में रहे। इसके अलावा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी भारी तबाही हुई है।

सबसे ज्यादा असर हिमाचल प्रदेश पर पड़ा, जहां 24 जुलाई से 7 अगस्त के बीच बारिश, बाढ़ और लैंडस्लाइड जैसी घटनाओं में 366 लोगों की जान गई और 4.07 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान हुआ। शिमला (116 फीसदी) और कुल्लू (113 फीसदी) जैसे पहाड़ी जिलों में सामान्य से दोगुनी बारिश हुई। पंजाब में भी सभी 23 जिले अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं। यहां 46 लोगों की मौत और 1.75 लाख हेक्टेयर फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं, उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के नौगांव में शनिवार शाम को बादल फटने से बाजार और घरों में पानी-मलबा घुस गया। कई गाड़ियां बह गईं। सिरमौर (हिमाचल) में पूरा पहाड़ नदी में समा गया, हालांकि वहां बस्ती नहीं थी।

कश्मीर घाटी में बाढ़ और भूस्खलन से सड़क संपर्क बाधित हुआ है। रामबन और उधमपुर जिलों में कई मकान ढह गए। यहां भी अब तक सैकड़ों करोड़ का नुकसान दर्ज किया गया है।



**देशभर में बारिश-बाढ़ से नुकसान का अनुमान**

| राज्य | मौत | अनुमानित नुकसान (रुपए में) | विशेष प्रभाव |
|---|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश | 366 | 4,07,000 करोड़ | सड़कें, पुल, घर, पर्यटन ढांचा ध्वस्त |
| पंजाब | 46 | 13,289 करोड़ | 1.75 लाख हेक्टेयर फसल बर्बाद |
| उत्तराखंड | 30+ | 95,000 करोड़ | बादल फटने से बाजार, गांव तबाह |
| राजस्थान | 20+ | 91,000 करोड़ | हाईवे-162 बहा, गांव डूबे |
| उत्तर प्रदेश | 40+ | 91,500 करोड़ | यमुना-घाघरा उफान, गांव डूबे |
| गुजरात | 5+ | 92,000 करोड़ | साबरमती-विश्वामित्री खतरे पर |
| जम्मू-कश्मीर | 15+ | 9800 करोड़ | भूस्खलन, मकान ढहे |
| महाराष्ट्र | 50+ | 93,000 करोड़ | गन्ना, कपास, मछली पालन तबाह |
| गोवा | 75 | 9500 करोड़ | तटीय इलाकों में तबाही |



**यूपी-गुजरात में नदियां उफान पर:** उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना नदी शहर से 1 किमी दूर तक फैल गई और वृंदावन परिक्रमा मार्ग डूब गया। इटावा के सात गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गुजरात में साबरमती और विश्वामित्री नदियां खतरे के निशान पर हैं, जिससे वडोदरा और अहमदाबाद जैसे शहरों में निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।

**देशभर में रेड-ऑरेंज अलर्ट:** मौसम विभाग ने गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में रेड अलर्ट, गोवा में ऑरेंज अलर्ट और 20 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया है। एनडीआरएफ की 12 और एसडीआरएफ की 20 टीमें राहत-बचाव में लगी हैं।

**मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में भी तबाही, 55 से अधिक मौत 37 सौ करोड़ का नुकसान:** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ भी नुकसान से अछूते नहीं रहे। मप्र के नर्मदापुरम, होशंगाबाद और जबलपुर जिलों में नदियां उफान पर हैं। अब तक करीब 35 मौतें दर्ज की गई हैं और राज्य सरकार ने 2,200 करोड़ से अधिक का नुकसान आंका है। सबसे ज्यादा असर कृषि और ग्रामीण सड़कों पर पड़ा है। छत्तीसगढ़ के बस्तर और रायपुर संभाग में लगातार बारिश से धान की फसलें जलमग्न हो गईं। यहां अब तक 20 से अधिक मौतें और 1,500 करोड़ का अनुमानित नुकसान सामने आया है।

**पीएम कल करेंगे दौरा:** इस बीच पीएम मोदी 9 सितंबर को पंजाब का दौरा करेंगे। वे नई दिल्ली से अमृतसर पहुंचेंगे और यहां एरियल सर्वे करेंगे। इसके बाद गवर्नर व सीएम के साथ बैठक के बाद गुरदासपुर का भी दौरा करेंगे।

**शहडोल:** अब रामपुर पंचायत में भ्रष्टाचार

## दो माह में खाए 67 हजार रुपए के समोसे और बूंदी

**जागरण, शहडोल।** जिले में सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पहले दो फोटोकॉपी के लिए 4,000 रुपए का भुगतान, फिर ईंट खरीद में बड़ा घोटाला और अब बूंदी व समोसे के 70 हजार रुपए के बिल ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नया मामला जनपद पंचायत गोहपारू की ग्राम पंचायत रामपुर का है। सोशल मीडिया पर वायरल बिलों के अनुसार, दो माह में पांच बिलों के जरिए 66,950 रुपए बूंदी और समोसे के नाम पर पास कराए गए हैं। आंगनबाड़ी के लिए कुकर, कुर्सी, गिलास और चिमटा जैसी सामग्रियों के नाम पर लगभग 53 हजार रुपए के तीन और बिलों का भुगतान भी किया गया है। बिल देने वाले होटल संचालक अब्दुल अली का कहना है कि वह प्रतिदिन कई बिल बनाते हैं, इसलिए किस बिल की बात की जा रही है, यह देखने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



**जांच के बाद कार्रवाई करेंगे: सीईओ**

जनपद सीईओ गोहपारू सुधीर दिनकर ने कहा कि उन्हें अभी इस घोटाले की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**पुराने मामलों में भी कार्रवाई अधूरी**

यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले जयसिंहनगर के कुदरी में मात्र दो फोटोकॉपी के लिए 4,000 रुपए का भुगतान किया गया था। बुढ़ार के भठिया में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 2,500 ईंटों के बदले 1.25 लाख रुपए का बिल पास किया गया। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने इन दोनों मामलों में सरपंच और सचिव को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। साथ ही एसडीएम और सीईओ जनपद पंचायत को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए थे।

## मणिपुर: एनएच-2 खुला, लेकिन आवाजाही पर पाबंदियां बरकरार

**गुवाहाटी, जेएनएन।** मणिपुर में इम्फाल से नागालैंड को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) को फिर से खोलने के बावजूद राज्य में आवाजाही की पाबंदियां बरकरार हैं। यह राजमार्ग जीवनरक्षक आपूर्ति का मुख्य मार्ग माना जाता है, लेकिन इसके खुलने से शांति प्रक्रिया पर नए तनाव उभर आए हैं। शनिवार को दो प्रमुख कुकी-जो सशस्त्र संगठन, कुकी नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (केएनओ) और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) ने कहा कि एनएच-2 के खुलने को 'मैतेई और कुकी-जो इलाकों के बीच स्वतंत्र आवाजाही की स्वीकृति' न समझा जाए। यह बयान उस समय आया जब केंद्र और राज्य सरकार के साथ इन संगठनों ने हाल ही में सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ) समझौते को एक साल के लिए संशोधित और नवीनीकृत किया। 2008 से चल रहे इस युद्धविराम समझौते के तहत कुकी-जो समूहों ने मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने, संवेदनशील इलाकों से कैंप हटाने और राजनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति जताई है। मई 2023 से मैतेई-कुकी टकराव में 260 से अधिक मौत हो चुकी है और 60,000 से ज्यादा विस्थापित हुए हैं।

## क्षिप्रा में डूबी कार में मिली टीआई की लाश, दो अन्य की तलाश जारी

### चिंतामन जा रही थी टीम, आरक्षक चला रही थी कार

**जागरण, उज्जैन।** क्षिप्रा नदी में शनिवार शाम डूबी पुलिस कर्मियों की कार में तीन पुलिस कर्मी सवार थे। इन तीन में से एक टीआई की लाश रविवार सुबह 4 किलोमीटर दूर मिली। वह थाना प्रभारी अशोक शर्मा की है। देर रात एसआई मदनलाल का शव भी बरामद किया गया, जबकि कॉन्स्टेबल आरती पाल की तलाश में दूसरे दिन भी अंधेरा होने तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाता रहा। अभी तक कार भी नहीं मिल सकी है।

क्षिप्रा नदी के पुल की बाईं ओर यह कार अनियंत्रित होकर 12 फीट नीचे गिर गई थी। पुल पर घटना के समय तैनात एएसआई ने सफेद कार को अनियंत्रित होकर पुल से गिरते देखा था। मगर देर रात तक रेस्क्यू करने के बाद भी पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ व होमगार्ड की टीम को कोई सफलता नहीं मिल सकी।

रविवार सुबह दोबारा बोट व ड्रोन से शुरू की गई सर्चिंग में आठ बजे घटना स्थल से 4 किमी दूर एक लाश तैरते हुए मिली। तीन पुलिसकर्मी शनिवार को उज्जैन से चिंतामन के लिए निकले थे। वे एक लड़की के लापता होने के मामले में जांच करने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार पुल से अनियंत्रित होकर शिप्रा में जा गिरी।

एसपी प्रदीप शर्मा के मुताबिक यह कार आरक्षक आरती पाल चला रही थी। कार में एसआई मदनलाल निमामा भी सवार थे। एसआई का शव तो मिल गया लेकिन आरक्षक नहीं मिल सका हैं। पानी का बहाव इतना तेज था कि नदी में गिरते ही कार डूब गई। सर्चिंग टीम को भी काफी परेशानी हो रही है।



**टीआई शर्मा का हुआ अंतिम संस्कार**

रविवार को सुबह-सुबह मिला टीआई शर्मा का शव परिजनों को सौंप दिया गया। देर रात को एसआई मदनलाल का शव भी मिल गया है। हादसे में मृत थाना प्रभारी शर्मा का चक्र तीर्थ घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। शर्मा के बड़े बेटे दर्श ने मुखाग्नि दी। यहां एडीजी उमेश जोगा, एसपी प्रदीप शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**'द कूल' हीरो** — 'द चेज' के टीजर में आर माधवन के साथ फायरिंग करते दिखे महेंद्र सिंह धोनी

## अब सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाएंगे कैप्टन कूल

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम के सबसे सफल कप्तान और लाखों प्रशंसकों के चहेते महेंद्र सिंह धोनी अब क्रिकेट मैदान से पर्दे पर कदम रख चुके हैं। धोनी जल्द ही अभिनेता आर माधवन के साथ एक्शन से भरपूर प्रोजेक्ट 'द चेज' में नजर आने वाले हैं। रविवार को माधवन ने इसका टीजर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसने फैंस के बीच सनसनी मचा दी।

टीजर में धोनी और माधवन दोनों ब्लैक आउटफिट और सनग्लासेस पहने नजर आते हैं। दोनों हाथों में गन लिए दुश्मनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते दिखते हैं। यहां तक कि एक दृश्य में धोनी कार की छत पर चढ़कर भी गोलीबारी करते नजर आते हैं। टीजर में धोनी का इंट्रो 'द कूल हीरो' के तौर पर दिया गया है, जो उनके क्रिकेटिंग दिनों के उपनाम 'कैप्टन कूल' की याद दिलाता है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि यह प्रोजेक्ट एक फिल्म है या वेबसीरीज। इतना जरूर तय है कि इसे वासन बाला ने डायरेक्ट किया है, जो आलिया भट्ट की हालिया फिल्म जिगरा के निर्देशक भी रहे हैं। आर माधवन ने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए लिखा, 'वन मिशन। टू फाइटर्स। तैयार हो जाइए, धमाकेदार चेज शुरू होने वाली है। 'द चेज' टीजर अब आउट है। डायरेक्टेड बाय वासन बाला। कमिंग सून।' टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर #MSDhoni और #TheChase ट्रेंड करने लगे। धोनी के प्रशंसक उन्हें पहली बार एक्शन अवतार में देखकर उत्साहित हैं। क्रिकेट मैदान पर हेलीकॉप्टर शॉट से गेंदबाजों को चौका देने वाले धोनी अब कैमरे के सामने गोलियों की बरसात करते दिखेंगे।

धोनी की जिंदगी पर पहले ही एक सुपरहिट फिल्म 'एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' बन चुकी है। 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी की भूमिका निभाई थी। दिशा पाटनी, कियारा आडवाणी और अनुपम खेर भी इसमें अहम भूमिकाओं में थे। लगभग 104 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने करीब 216 करोड़ की कमाई की थी।

धोनी ने 2004 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में उन्होंने भारत को पहला टी-20 वर्ल्ड कप जिताया और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत दिलाई। 2020 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया, लेकिन आईपीएल में वे अब भी चेन्नई सुपर किंग्स की जान बने हुए हैं।



**कपिल से कांबली तक कई क्रिकेटर आए पर्दे पर**

**विनोद कांबली:** 90 के दशक के स्टार बल्लेबाज रहे, उन्होंने अन्ना (1996) में काम किया। लेकिन फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही और कांबली का करियर आगे नहीं बढ़ सका।

**सलिल अंकोला:** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज रह चुके अंकोला ने फिल्मों के साथ-साथ टीवी सीरियल्स में भी किस्मत आजमाई। उन्होंने 'कुर्बानियां' और 'पिता' जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन खास सफलता नहीं मिली।

**अजय जडेजा:** स्टाइलिश क्रिकेटर जडेजा ने कर्मयोगी (2012) में अभिनय किया, मगर यह फिल्म भी दर्शकों को पसंद नहीं आई।

**कपिल देव, सुनील गावस्कर:** महान क्रिकेटर कपिल देव और गावस्कर भी गेस्ट अपीयरेंस के रूप में फिल्मों में नजर आ चुके हैं। गावस्कर ने मराठी फिल्म 'सावली प्रेमाची' और हिंदी फिल्म 'मालामाल' (1988) में अभिनय किया है।

**जापान के प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा**

## सत्ता बचाने की कोशिश में शिगेरु इशिबा ने छोड़ा पद

**टोक्यो, जेएनएन।** जापान की राजनीति में रविवार को बड़ा उलटफेर हुआ जब प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जापानी मीडिया एनएचके के मुताबिक इशिबा ने यह फैसला इसलिए लिया ताकि उनकी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी टूटने से बच सके। इशिबा गठबंधन सरकार को जुलाई में हुए हाउस ऑफ काउंसलर्स यानी ऊपरी सदन के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। संसद के उच्च सदन की कुल 248 सीटों में से बहुमत बनाए रखने के लिए 50 सीटें चाहिए थीं, लेकिन गठबंधन केवल 47 सीटें जीत सका। एलडीपी को इनमें से महज 39 सीटें मिलीं। यह लगातार दूसरी हार थी। इससे पहले अक्टूबर 2024 में हुए निचले सदन के चुनाव में भी इशिबा बहुमत से वंचित रह गए थे।



**निचले सदन में भी बहुमत नहीं**

निचले सदन में भी इशिबा का गठबंधन बहुमत से पीछे था। 465 में से बहुमत के लिए 233 सीटें चाहिए थीं, जबकि गठबंधन को केवल 215 सीटें मिली थीं। विपक्षी सीडीपीजे को 148 सीटें मिलीं, लेकिन विपक्ष आपस में बंटा रहा। इस स्थिति का फायदा उठाकर इशिबा छोटे दलों और विपक्षी सांसदों के समर्थन से सरकार चला रहे थे।

### निर्मला ज्योति महिला मण्डल को कारण बताओ नोटिस जारी

# जिला पंचायत सीईओ के निरीक्षण में पाया गया था घटिया भोजन

जागरण, सतना

नगरीय क्षेत्रों में स्कूली बच्चो को उपलब्ध कराये जाने वाले मध्यान भोजन के घटिया पाये जाने के बाद जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने निर्मला ज्योति महिला मंडल रीवा को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ ने चित्रकूट नगरीय क्षेत्र की लक्षित प्राथमिक एवं माध्यामिक शालाओ का औचक निरीक्षण किया था जहां पर विद्यार्थियों को ताजा , मीनू अनुसार और स्वस्थ्य भोजन प्रदाय करने के लिए समूह को अनुबंधित किया गया है लेकिन 4 सितम्बर को किये गये निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ को घटिया स्तर का भोजन देखने को मिला है।





### कीड़े युक्त दिया गया भोजन

जिला पंचायत सीईओ द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान चित्रकूट क्षेत्र के प्राथमिक एवं माध्यामिक शालाओ में चावल , अरहर की पतली दाल, आलू टमाटर , एवं सोयाबडी की कीड़े युक्त सब्जी बच्चो को परोसी गई थी। समूह संचालक द्वारा किया गया यह कृत्य बेहद लापरवाही पूर्ण एवं नियमो को उल्लंघन है। सब्जी में कीड़े पाये जाने का तथ्य छात्रो एवं रसोईयो द्वारा प्रामाणित हुआ है इस बात से यह स्पष्ट होता है कि बच्चो के स्वस्थ्य के साथ खिलवाड करते हुये उन्हे कीड़े युक्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है जो अत्यधिक हानिकारक एवं खाद्य जनित रोग ग्रस्ति करने वाला है। इस कृत्य को घोर अमानवियता की श्रेणी में रखा गया है। बच्चो को कीड़े युक्त भोजन प्रदाय करना अनुबंद्ध की शर्तो का खुला उल्लंघन है। इतना ही नही यह कृत्य विद्यार्थियों का भारत के संविधान द्वारा अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन के अधिकार का उल्लंघन भी है।

**बच्चों को निर्धारित मात्रा से कम दिया जाता है भोजन :** बीआरसीसी मझगवां द्वारा निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई है कि चित्रकूट के सेंट्रल कीचन में 20 विद्यालयो का भोजन बनाया जाता है वहां पर दीनदयाल अन्त्योदय रसोई का भी भोजन बनाया जाता है। बच्चो को निर्धारित मात्रा से कम भोजन उपलब्ध कराया जाता है कीचन से आलू के छिलके निकाले जाने वाले पात्र का ठीक से साफ नही किया गया। चावल के बर्तन में भी अत्यधिक संख्या में भी मक्खिया लगी पाई गई है।

### क्यों न अधिरोपित की जाये 50 हजार की शस्ति

जिला पंचायत सीईओ ने जारी की गई नोटिस में स्पष्ट कहा है कि निरीक्षण के दौरान जिस तरह की बडी गडबडी सामने आई है उसे देखने के बाद क्यो न 50 हजार की शस्ति अधिरोपित की जाये। उन्होने 17 सितम्बर को 11 बजे समक्ष में उपस्थित होकर समाधान कारक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

## श्रावणी विश्वास के सितार वादन से ग्रामोदय में श्रोता मंत्र मुग्ध हुए

**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में स्पीक मैके नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक भव्य संगीत कार्यक्रम हुआ जिसमें प्रसिद्ध सितार वादक श्रावणी विश्वास ए बनारस ने आकर्षक सितार वादन कर अपनी अद्भुत संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस विशेष यादगार कार्यक्रम से दर्शकों को संगीत की दुनिया में एक अद्भुत यात्रा पर जाने का अवसर मिला। इस मौके पर कलाकारों ने अद्भुत संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न रागों पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईंए जिन्होंने दर्शकों को संगीत की विविधता का अनुभव कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने स्पीक मैके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे शास्त्रीय संगीत को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रो मिश्रा ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृति उत्थान की दिशा में ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे सतत प्रयास की जानकारी दी। प्रसिद्ध सितार वादक श्रावणी विश्वास बनारस के सितार वादन में राग शुद्ध सारंग पर आधारित तीन गतों की प्रस्तुति, जिसमें मध्यालय, एकताल और तीनताल शामिल थे। भजन शघुपति राघव राजा राम की भावपूर्ण प्रस्तुति रही। राग यमन पर आधारित फिल्मी गीतों की प्रस्तुति जिसमें जब दीप जले आना ष्लाल इश्क और नाम गुम हो जाएगा शामिल थे। विभिन्न रागों पर आधारित फिल्मी गीतों की प्रस्तुति जिसमें जाने कहाँ गये वो दिन और मेरे ढोलना सुन शामिल थे। धुन शिव कैलाशो के वासी और राग देस मांड बिलावल पर आधारित प्रस्तुति हुई। तबला वादक के रूप में ज्ञान स्वरूप मुखर्जी और यश सोनकर ने प्रस्तुति दी। ज्ञापन डॉ विवेक फड़नीस कार्यक्रम संयोजक संगीत इकाई ने किया। इस अवसर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी और छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया बहुती प्रपात का अवलोकन

**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मऊगंज जिले के पहले प्रवास पर नई गड़ी जनपद पंचायत के बहुती ग्रामपंचायत पहुंचने पर बहुती प्रपात का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वाटरफॉल के नजदीक जाकर व्यू प्वाइंट से जलप्रपात की गिरती हुई दूधिया जल धारा और वहां बनने वाले इंद्रधनुष की आभा का अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर संजय जैन ने बताया कि बहुती प्रपात के अप स्ट्रीम में स्टॉप डैम का निर्माण प्रस्तावित है। स्टॉप डैम में जल का संचय रहने से वाटर फॉल की जल धारा का 12 महीने अविरल प्रवाह बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने बहुती प्रपात के समीप कार्यक्रम स्थल पर गौपूजा भी की। इस दौरान जंगल में विचरण करने वाली गौमाताओ को अपनी एक आवाज में अपने पास बुलाने की कला रखने वाले रकरी गांव के गौसेवक सौखीलाल यादव ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेट की।

## एग्रीकल्चर मर्चेंट एसोसिएशन की आमसभा सम्पन्न, नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

**जागरण, सतना।** एग्रीकल्चर मर्चेंट एसोसिएशन सतना की द्विवार्षिक आमसभा एवं अधिवेशन होटल सफारीए सेमरिया चौक स्थित मोती महल सभागार में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन दो सत्रों में आयोजित किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ। इस चुनाव में 'रामचरण गुप्ता अध्यक्षए जितेन्द्र अग्रवाल महामंत्री तथा सचिन गुप्ता कोषाध्यक्ष' निर्विरोध चुने गए। निर्वाचन प्रक्रिया में विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल चुनाव अधिकारी के रूप में मंचासीन रहे। निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी गई। प्रथम सत्र की शुरुआत में मंच संचालन सचिन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक रामचरण गुप्ता सुशील पाण्डेय संजय अग्रवालए विपुल हांडाए तथा एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी मनीष मित्तल अध्यक्ष ई मनीष गुप्ता महामंत्री और राहुल गंभीर कोषाध्यक्ष मंचासीन रहे। सभा में दो वर्षों का प्रगति प्रतिवेदन महामंत्री ई मनीष गुप्ता ने प्रस्तुत किया जबकि कोषाध्यक्ष राहुल गंभीर ने दो वर्ष की आय-व्यय रिपोर्ट सदन के समक्ष रखी। सदन में उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। प्रमुख सदस्यों में शैलेष केशरवानी सरल वेदी मनोज अग्रवाल रतन अग्रवाल अशोक शुक्ला अमित अग्रवाल प्रदीप अग्रवालए रवि प्रजापति राकेश तिवारी ध्रुव गुप्ता दुर्गा माली अभिजीत जैन रोहित हांडा संतोष चौरसिया कमल मंघनानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। अधिवेशन के समापन अवसर पर शैलेष केशरवानी ने आभार प्रदर्शन किया। नव.निर्वाचित अध्यक्ष रामचरण गुप्ता ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए संस्था की प्रगति व्यापारी हित और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।



## पंचतत्व में विलीन हुए कौशलेन्द्र, गृह ग्राम में हुआ अंतिम संस्कार

**जागरण, सतना।** सांसद गणेश सिंह के निज सचिव कौशलेन्द्र सिंह रिंकू का पार्थिव शरीर दिल्ली से रविवार सुबह उनके गृह ग्राम चोरमारी पहुंचाए जहां उनके निवास पर अंतिम दर्शन के लिए कुछ देर पार्थिव शरीर को रखा गया। हजारों की संख्या में राजनीतिक और सामाजिक लोगों ने गृह निवास पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कीए उसके बाद उनके छोटे भाई लवलेश सिंह ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। कौशलेंद्र के परिवार के लिए यह दुखद क्षण और भी कष्टदायक है। कौशलेन्द्र के एक चार वर्षीय मासूम बेटा है जबकि उनकी पत्नी गर्भवती हैं। अंतिम संस्कार के वक्त परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल थाए पूरा परिवार शोक की चादर में लिपटा हुआ है। 30 वर्षीय कौशलेन्द्र 28 अगस्त की रात माधवगढ़ क्षेत्र में बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के तुरंत बाद उन्हें स्थानीय स्तर पर रीवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर होने पर सांसद गणेश सिंह ने दो दिनों बाद एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में एयर लिफ्ट किया था। लेकिन शुनिवार कौशलेन्दर जिंदगी जंग हार दुनिया को अलविदा कर दिया।



**इन्होंने दी श्रद्धांजलि :** पूर्व सांसद रीवा देवराज पटेल, पूर्व विधायक रामलखन पटेल, उमेश प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह बराज, अनिल जायसवाल, सुधा सिंह, संतोष सोनी, संकल्प सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, डॉ दुर्योधन सिंह, पंकज सिंह, गजेन्द्र सिंह, पुनित पटेल, विजय सिंह, धीरज पांडेय, वीरेंद्र सिंह, रामयश सिंह, सत्यभान सिंह, गणेश विश्वकर्मा, प्रसन्न सिंह, दिलीप पटेल, रावेद्र सिंह, रामभान सिंह टाइगर, मनीष तिवारी, रविंद्र सिंह सेठी, गेंदलाल भाई पटेल, देवेंद्र सिंह, रमाकांत पयासी, रूपनारायण सिंह, आशुतोष गुप्ता, कालिका पटेल, रामनरेश पटेल, इंद्रजीत सिंह, बाबूलाल सिंह, बीके शुक्ला, रामसहाय गौतम, पुष्पराज कुशवाहा, उत्तम वाल्मीकि, राजेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, कमलेंद्र सिंह, हरभजन सिंह, श्रीकृष्ण द्विवेदी, कृष्णशरण सिंह, सुशील गुर्जर, प्रवीण सिंह, जय सिंह , सत्येंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, दीपक सिंह, केबी सिंह, रतन श्रीवास्तव, अनिल अग्रहरि, रामभन सिंह, संजय अग्रवाल, अनमोल गुप्ता, सागर चौरसिया, रावेद सिंह छोटू, कैलाश सिंह, शिवभूषण सिंह, गंगा सिंह, वीरेश सिंह, विजय बहादुर सिंह, रावेंद्र सिंह, स्नेहलता सिंह, प्रियंक त्रिपाठी, केके त्रिपाठी, सूर्यपाल सिंह, अरविंद सिंह, शुभम तिवारी, जगदीश सिंह, अतुल सिंह परिहार, शैलेंद्र दाहिया, कल्याणदास विश्वकर्मा, विक्रम सिंह विसेन, पवन पांडेय, गीतेश्वर सिंह, सोमचंद ताम्रकार, अरविंद सिंह, मनीषा सिंह, आशा शुक्ला, प्रदीप सिंह, कमलनयन सिंह, लालबहादुर सिंह, मनसुख लाल गुप्ता, अशोक सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह, आदित्य सिंह, कृष्णा आनंद सिंह बघेल, सत्यम सर्राफ अजय सिंह, करण पटेल सुरेंद्र सिंह, सर्वेश राय सिंह, मिथिलेश पटेल, संजय पटेल, चंदन अग्रवाल, गुलाब सिंह, कोमल सिंह, नवीन सिंह, राघवेंद्र, रवि सिंह, सचिन सिंह, अजय पाल सिंह, बलराज सिंह, इंद्राज सिंह, पुष्पराज सिंह, राकेश पटेल, गुड्डू परौहा, रामू सोनी, विकास द्विवेदी आदि लोगों ने पहुंचकर श्रद्धासुमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अध्यापकों की समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री से राज्य शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण भेंट

**जागरण, सतना।** राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं सतना जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने आज मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री माननीय राव उदय प्रताप सिंह से सतना में शिष्टाचार भेंट कर शिक्षकों से संबंधित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। यह मुलाकात शिक्षकों के हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर सतना नगर पालिक निगम के माननीय महापौर योगेश ताम्रकार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पांडे भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संघ के जिला प्रवक्ता रविन्द्र गौतम ने इस भेंटवार्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एऔर शिक्षकों की समस्याओं को स्पष्ट रूप से मंत्री महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया। मंत्री महोदय को सौंपें गए ज्ञापन के प्रमुख नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का निर्धारणरू वर्तमान में अध्यापक संवर्ग की वरिष्ठता 01 जुलाई 2018 से मानी जा रही हैए जिससे लगभग 2.5 लाख कर्मचारी प्रभावित हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि नियुक्ति दिनांक के आधार पर ही वरिष्ठता का निर्धारण किया जाएए जिससे न्यायोचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का मोहल्ला आधारित कर दूरवर्ती स्कूलों में समायोजन न किया जाए जिससे बालिकाओं की शिक्षा में वृद्धि हो सके। ई.अटेंडेंस की व्यवस्था में व्यापक विसंगतियां होने के कारण वर्तमान ई.अटेंडेंस प्रणाली में आ रही तकनीकी समस्याओं को देखते हुए मांग की गई है कि जब तक यह प्रणाली पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है इसलिए इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। सतना जिले के वंचित प्राथमिक शिक्षकों को राज्य शिक्षा सेवा कैडर मे नियुक्त आदेश करने हेतु निर्देश शीघ्र जारी किए जाएं । इस पर मंत्री जी माननीय राव उदय प्रताप सिंह ने शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए हर संभव सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री महोदय की संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए राज्य शिक्षक संघ ने उनका आभार प्रकट किया। शैलेन्द्र त्रिपाठी ने विश्वास जताया है कि सरकार शीघ्र ही इन समस्याओं के निराकरण हेतु ठोस निर्णय लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्यरत रहेंगे। और प्रदेश की शासकीय शिक्षा व्यवस्था को देश में अग्रणी बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।



## प्रथम नियुक्ति दिनांक से मानी जाये शिक्षकों की सेवाअवधि

**जागरण, सतना।** राज्य शिक्षा सेवा के शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से मान्य किए जाने को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष अतुल सिंह परिहार ने शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को ज्ञापन सोपा ज्ञापन सतना प्रवास पर आए शिक्षा मंत्री को सर्किट हाउस में शासकीय शिक्षक संगठन का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर प्राथमिक शिक्षकों माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ समय मान वेतन मान दिए जाने को लेकर मंत्री को आभार प्रकट करते हुए अपनी सबसे प्रमुख मांग प्रथम नियुक्त दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाल किए जाने का ज्ञापन सोपा गया जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आपकी मांगों पर सरकार निर्णय लेगी ज्ञापन शोपने वालों में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष विवेक सिंह बघेल प्रांतीय महामंत्री रविशंकर तिवारी संजय सिंह लव कुश तिवारी मनीष सिंह कुलदीप मौर्य बृजेश सिंह अखिल सिंह अभिमन्यु पांडे ईश्वर दिन चौधरी नागेंद्र द्विवेदी नरेंद्र सिंह केपी सिंह विनय तिवारी विजय तिवारी उपस्थित रहे।






### लवडेल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

**जागरण, सतना।** लवडेल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने कक्षाओं को सजाकर शिक्षकों का स्वागत किया। बच्चों ने केक काटकर एवं उपहार भेंट कर अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दींए जिनमें गीतए नृत्य और नाट्य प्रस्तुति शामिल रही ।पूरे विद्यालय में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन मृगेंद्र सिंह ने गुरु शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया। सिंह ने छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने आगे चल के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही संस्थान का उद्देश्य है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयर मैन मृगेन्द्र सिंह चेयरपर्सन श्रीमती पूजा सिंह डायरेक्टर विनय सिंह प्राचार्या श्रीमती श्रीति सोम ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और शिक्षकों को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे।



### अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने मनाया शिक्षक दिवस

**जागरण, सतना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने टाइनी टाट्स प्ले स्कूल किंडर गार्डन में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के स्थान मनाया। इस अवसर पर शिक्षिका सुजाता पांडेय शुभा दुबे शिक्षक रमा मिश्रा को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यरूप से रंजन गौतम पूजा चतुर्वेदी विद्या पांडेय सारिका पांडेय जय श्री द्विवेदी आकांक्षा दुबे ममता पांडेय रेखा तिवारी सची गौतम अस्मिता गौतम करुणा पांडेय निशा द्विवेदी मीना शर्मा सहित अन्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे और शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने हॉफमैराथन का किया शुभारंभ

**जागरण, सतना।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने रविवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हॉफ मैराथन 2025 का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन तथा फ्लैग ऑफ कर किया। सतना हॉफ मैराथन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 के खेल मैदान से प्रारंभ होकर सिविल लाइन चौराहा, सेमरिया चौराहा, इंडस्ट्रीयल एरिया एवं कृपालपुर गेट से वापस मुड़ते हुये शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में समाप्त हुई। रैली के शुभारंभ अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत लोगो में फिटनेस के प्रति जागरुकता लाने में यह मैराथन अहम भूमिका निभायेगी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मैं सभी विजेताओं एवं आयोजनकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। मैराथन में जिन खिलाडियों को सफ्लता नहीं मिली है वो निराश ना हो। लगन, निष्ठा तथा कड़ी मेहनत के साथ प्रयास करे तो आगे सफ्लता जरूरी मिलेगी। इस अवसर पर विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष सतना भगवती प्रसाद पाण्डेय, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया, सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा, विंध्य चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, एकेएस यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर अनंत सोनी, एपीएस विश्वविद्यालय रीवा के डायरेक्टर डॉ. रामभूषण मिश्रा सहित अधिकारी-कर्मचारीगण एवं देश के विभिन्न राज्यों से आए धावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सतना हाफ मैराथन 2025 में 21 किमी, युवा दौड़ 10 किमी एवं अमृत दौड 5 किमी दौड़ के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरुस्कार राशि के प्रतीक स्वरुप चेक एवं इनाम भी वितरित किये गये।







**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनीष हिमांशु (MANISH HIMANSHU) पिता श्री रामनाथ सिंह निवासी उत्तरी पतेरी तहसील रघुराजनगर जिला सतना मध्य प्रदेश मेरे पुत्र ASTITVA HIMANSHU के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश ASTITVA HEMANSHU पिता का नाम MANISH HEMANSHU एवं माता का नाम SEEMA SINGH HEMANSHU दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र के अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का सही नाम ASTITVA HIMANSHU पिता का नाम MANISH HIMANSHU माता का नाम SEEMA SINGH HIMANSHU दर्ज है जो कि सही है अतः आज दिनांक से मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों मे मेरे पुत्र का सही नाम ASTITVA HIMANSHU एवं पिता का नाम MANISH HIMANSHU व माता का नाम SEEMA SINGH HIMANSHU दर्ज किया जाए।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 08 सितंबर 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश ● उत्तर प्रदेश ● दिल्ली ● हरियाणा ● उत्तराखंड ● पंजाब ● जम्मू-कश्मीर ● बिहार ● झारखंड ● हिमाचल प्रदेश ● पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.14 अस्त : आज
05.45 उदय : कल

शहर का तापमान
32.0 0 अधिकत
26.0 0 न्यूनतम



# सीएचसी रामपुर नैकिन में रात में मवेशियों का कब्जा

जागरण अव्यवस्था

## मरीजों की जगह गाय-बैल के घूमने का वीडियो वायरल

### नवजात और महिलाओं पर संक्रमण का बढ़ा खतरा

जागरण, सीधी



जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन अव्यवस्थाओं के साए में संचालित हो रहा है। शनिवार रात एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कई गाय और बैल अस्पताल के मुख्य द्वार से लेकर बीएमओ के चेंबर तक घूमते एवं बैठे दिखाई दे रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में पिछले माह ही एक मरीज के बेड़ पर कुत्ते के आराम फरमाने का वीडियो वायरल हुआ था। यह मामला भी काफी सुर्खियों में बना रहा। जिस पर जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से दोषियों पर कार्यवाही का आश्वासन देते हुए नोटिस भी जारी हुई थी। लेकिन कोई सार्थक कार्यवाही न होने के कारण अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन के अंदर गाय-बैलों के स्वच्छंद विचरण एवं बैठने का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रिकालीन ड्यूटी जिन स्वास्थ्य कर्मचारियों की लगती है वह पूरी तरह से स्वेच्छाचारी रहते हैं। कुछ कर्मचारी उपस्थित रहते हैं तो अन्य नदारद रहते हैं। जिसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन की व्यवस्थाएं लगातार पटरी से उतरी हुई है। चर्चा के दौरान बताया गया कि बीएमओ डॉ. प्रेरणा त्रिपाठी अस्पताल में मौजूद नहीं रहतीं। वह सीधी जिला मुख्यालय से ही काम देखती हैं। उनकी लापरवाही के चलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन की व्यवस्थाएं प्रभावित हैं। रात के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में एक डॉक्टर, नर्स, वार्ड ब्वाय और स्वीपर की ड्यूटी रहती है फिर भी रात में मवेशियों के अस्पताल के अंदर विचरण करने और बैठने पर अंकुश लगाने की जरूरत नहीं समझी जाती। यहां के अस्पताल में डिलेवरी की सुविधा भी है। ऐसी स्थिति में नवजात शिशुओं और प्रसूता महिलाओं को संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। सोशल मीडिया में सतीश कुमार चतुर्वेदी द्वारा वीडियो शेयर करते हुए अस्पताल को गौशाला कहा है। सोशल मीडिया में अस्पताल के अंदर मवेशियों की मौजूदगी एवं गोबर करने के मामले में लोगों की काफी नाराजगी भी लगातार सामने आ रही है। इस लापरवाही पर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उसकी निगरानी न करने के कारण इस तरह की लापरवाहीपूर्ण घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं। यदि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थल में मवेशियों का विचरण एवं आवाजाही होती है वह काफी चिंता की बात है। इस पर दोषियों के विरुद्ध यदि कार्यवाही नहीं होती है तो स्पष्ट है कि ऐसे लापरवाहों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यदि कुत्ता के मरीजों के बीच बैड में बैठने के वायरल हुए वीडियो को गंभीरता से लिया जाता तो दोषियों को नोटिस जारी करने के बाद उन पर प्राथमिकता से कार्यवाही भी की जाती। नोटिस देकर केवल औपचारिकताएं निभाने के कारण ही रामपुर नैकिन अस्पताल में सुरक्षा को लेकर लापरवाही बनी हुई है।

### रात में ड्यूटी से गायब रहते हैं डॉक्टर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में रात में एक डॉक्टर की ड्यूटी लगाई जाती है। यह डॉक्टर केवल गंभीर केसों के आने पर ही आते हैं। रात में मौजूद नर्स एवं वार्ड ब्वाय द्वारा ही अधिकांश मामलों में आने वाले मरीजों का उपचार सुनिश्चित किया जाता है। रात्रिकालीन ड्यूटी में डॉक्टर को अस्पताल में रहना चाहिए लेकिन वह अपने बंगले से ही ड्यूटी की औपचारिकताएं निभाते हैं। बीएमओ का हाल यह है कि वह विभागीय कार्य बताकर जिला मुख्यालय में ही डेरा जमाए रहती हैं। उनके नियमित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन न आने के कारण यहां पदस्थ अन्य स्वास्थ्य अमला पूरी तरह से स्वेच्छाचारी बना हुआ है। उनके लिए रजिस्टर में हस्ताक्षर कर गायब हो जाना आम बात है। यदि किसी स्वास्थ्य कर्मचारी की जरूरत मरीज व उनके परिजनों को पड़े तो उनकी तलाश में भटकना आम बात है। यह स्वास्थ्य कर्मचारी दिन के समय भी मनमौजी ड्यूटी करते हैं। कुछ कर्मचारी तो केवल रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के लिए ही पहुंचते हैं। निगरानी व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन की काफी लचर होने का खामियाजा मरीजों और उनके परिजनों को ही हमेंशा भुगतना पड़ता है। यहां की स्थिति यह है कि गंभीर मरीजों का उपचार करने की बजाय उनको सीधे रेफर कर दिया जाता है। यहां के मरीज जिला अस्पताल सीधी या फिर रीवा अस्पताल में उपचार कराने के लिए जाते हैं। शासन द्वारा भले ही अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं लेकिन मरीजों को उसका लाभ नहीं मिल पाता।

# युवक की बेरहमी से पिटाई, वीडियो वायरल

## जमोड़ी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर किया मामला दर्ज

जागरण, सीधी



युवक की काफी बेरहमी से मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर लोगों द्वारा इसकी तीव्र निंदा की जा रही है। जमोड़ी थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार तेंदुआ ग्राम फ्लाई ऐश ब्रिक्स में काम कर रहे कुछ लोगों के बीच कहासुनी होने पर इनके द्वारा एक व्यक्ति को लाठियों से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया गया। घायल युवक हांथ जोड़ता रहा व गिड़गिड़ाता रहा लेकिन आरोपियों को तरस नहीं आया। आरोपियों द्वारा बेरहमी से पिटाई के बाद घायल युवक को एक कमरे में बंद कर दिया गया। उधर जमोड़ी थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस की विवेचना में पाया गया कि 4 सितम्बर 2025 को घायल रज्जन कोरी अपने पिता मीरू कोरी के लिये खाना लेकर रोड के किनारे तरफ दोपहर करीब 3 बजे जा रहा था। पेट्रोल टंकी तेंदुआ के पास जब वह पहुंचा तो ईटा भट्ठा में काम करने वाला एक व्यक्ति सिंगरेट पीते हुये आया और रज्जन कोरी से बिना कुछ बोले मारपीट करने लगा। वह व्यक्ति रज्जन कोरी को पकडकर ईटा भट्ठा तरफ ले गया, वहां उसके दो-तीन साथी आ गये और सभी रज्जन कोरी से हांथ-मुक्का, डंडा से मारपीट करने लगे। हल्ला-गुहार सुनकर आसपास के लोग भी पहुंचे, मारपीट में घायल के हांथों एवं पैरों में चोटें तथा पीठ में स्याह चोंटे आई हैं। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

> मारपीट के मामले में दो-तीन अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 351(2), 351(5), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।
> **दिव्यप्रकाश त्रिपाठी, थाना प्रभारी जमोड़ी**

## पुलिस की निगरानी में गणेश प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण विसर्जन



**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं जिले के समस्त पुलिस अनुभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा थाना एवं चौकी प्रभारियों की मुस्तैद सुरक्षा व्यवस्था एवं देखरेख में गणेश प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो रहा है। अब तक जिले के विभिन्न घाटों पर कुल 900 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका है जिसमें थाना कोतवाली 250 प्रतिमाएं, थाना जमोड़ी 30 प्रतिमाएं, थाना चुरहट 118 प्रतिमाएं, थाना कमर्जी 319 प्रतिमाएं, थाना अमिलिया 21 प्रतिमाएं, थाना बहरी 29 प्रतिमाएं, थाना मझौली 13 प्रतिमाएं, थाना मड़वास 20 प्रतिमा, थाना कुसमी 28 प्रतिमाएं, थाना भुईमाड़ 14 प्रतिमाएं गायघाट घाट, कोलदहा घाट, भंवरसेन घाट, कुर्रवाह घाट, सोनगढ़ घाट, कालिका मंदिर तालाब, गोतरा घाट, गोपद नदी घाट टिकरी तथा देवघटा घाट में विसर्जित की गई। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल की सतत निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक नियंत्रण के कारण अब तक सभी विसर्जन कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक सम्पन्न हो रहे हैं।

## जिले में औसत वर्षा 1165.5 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 7 सितम्बर को सीधी जिले में 4.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 5.0 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 17.4 मि.मी., सिहावल में 3.0 मि.मी., बहरी में 2.4 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1165.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 7 सितम्बर तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 1277.5 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 925.5, चुरहट में 1078.0, गोपद बनास में 1265.6, सिहावल में 1201.6 मि.मी., मझौली में 1252.0 मि.मी. और कुसमी में 1158.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 1110.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 55.3 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# न्यूज कार्नर

## सेमरिया क्षेत्र में बिजली कटौती से आम जनमानस परेशान



**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती ने आम जनमानस की परेशानियों को बढ़ा दिया है। इस समय रात और दिन दोनों समय में बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण उमस भरी गर्मी में बिजली की अनियमित आपूर्ति ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की है कि अघोषित बिजली कटौती में लगाम लगाई जाए, ताकि आम जनमानस को राहत मिल सके। सेमरिया क्षेत्र के सेमरिया बाजार, कुबरी, बढ़ौरा, देवगढ़, मानकीसर, ओवरहा, बम्हनी और रामगढ़ में सर्वाधिक बिजली कटौती की सूचना मिली है। इस अघोषित बिजली कटौती से आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की संभागीय बैठक संपन्न



**जागरण, सीधी।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र की संभागीय बैठक रीवा के श्रीराम पैलेस में प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के मुख्य आतिथ्य, सीपी सिंह संभागीय अध्यक्ष की अध्यक्षता, हरीश मिश्र प्रांतीय सचिव, विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष, राजेश सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवकरण सिंह प्रांतीय संगठनमंत्री के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती एवं चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर प्रांताध्यक्ष भरत पटेल द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात रमेश प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष रीवा द्वारा स्वागत भाषण के बाद हरीश मिश्रा प्रांतीय सचिव द्वारा संघ की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत जानकारी बैठक में आए हुए पदाधिकारियों को दी गई। विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सम्मान और अधिकार मिला है। आगे भी पुरानी पेंशन की लड़ाई प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व लड़ेंगे और जीतेंगे। राजेश सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष ने रीवा-सतना के अध्यापकों के लोकायुक्त प्रकरण के निराकरण एवं न्यायालय के निर्देश के बावजूद राज्य शिक्षा सेवा में संविलियन न होने पर प्रशासनिक अधिकारियों को आड़े हाथों लिया एवं आगामी माह में प्रांताध्यक्ष भरत पटेल की अनुमति से आमरण अनशन प्रारंभ करने की बात कहा एवं अधिकारों के लिए एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने अपने चिर-परिचित जोशीले अंदाज में शिक्षकों की प्रदेश भर में व्याप्त समस्याओं के लिए शासन और अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। कार्यक्रम में हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष सीधी एवं प्रांतीय सचिव, विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष, शिवकरण सिंह प्रांतीय संगठनमंत्री, अरूण सिंह कार्यकारी जिलाध्यक्ष सीधी, सुखधाम सिंह ब्लाक अध्यक्ष सीधी, संतोष प्रजापति जिला सचिव, राकेश मिश्रा जिला संगठन मंत्री कार्यक्रम में शामिल रहे।

## दुर्गाजी ग्रुप ने केक काटकर मनाया शिक्षक दिवस



**जागरण, सीधी।** दुर्गाजी ग्रुप बम्हनी के द्वारा दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी के प्रांगण में दुर्गाजी ग्रुप के संचालक सत्येंद्र कुमार पाण्डेय के द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सतीश कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी की गरिमा पूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात अतिथियों का बैच लगाकर एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय अपने वक्तव्य में कहा कि आज हम लोग डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस मौके पर दुर्गाजी ग्रुप के द्वारा मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय के हाथों शिक्षकों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। जिनमे प्रमुख शैलेंद्र शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला, विवेक मिश्रा, जीतेंद्र द्विवेदी, श्रीमती दीपाली सिंह चौहान, अमर बहादुर पटेल, अनुराग उपाध्याय, विकास शर्मा, दीपक गुप्ता, शिवांशु द्विवेदी, विजय द्विवेदी, यज्ञनारायण यादव, यज्ञभान प्रजापति, वंश गोपाल साकेत, सूर्यकांत पाण्डेय, गौरी शंकर सतनामी, प्रतिक्षा मिश्रा, दीपाली पाण्डेय, रुचि तिवारी, रीना सिंह, संगीता सेन, गोल्डी सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय हित एवं छात्र हित में कार्य करने वाले समाज सेवी संजय द्विवेदी, रामजनम कोल, बब्लू विश्वकर्मा का भी दुर्गाजी ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया।

## रखरखाव के अभाव में मर रहे हैं गौवंश: उदयकमल

**जागरण, सीधी।** जिले में कई शासकीय गौ शालाएं संचालित है जिसमें प्रत्येक गौ वंश के लिए शासन द्वारा 40 रुपए की राशि गौ शाला संचालकों को गौ वंश के भोजन, पानी एवं उपयुक्त रखरखाव के लिए आवंटित की जाती है लेकिन दुर्भाग्य से शासकीय गौ शालाओं में गौ वंश चारदीवारी के भीतर भोजन, पानी, रखरखाव के अभाव में मर रहे हैं या यातना पूर्वक जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। अधिवक्ता उदय कमल मिश्र ने आगे कहा कि जहां शासकीय गौ शालाएं नहीं है वहां पर स्थानीय लोग अवैध बाड़ा बनाकर गौ वंश को रखें है। जहां पर भी गौ वंश भोजन, पानी, उपचार एवं रखरखाव के अभाव में मर रहे हैं या असहाय स्थिति में तड़प रहें हैं। जिले की शासकीय गौ शालाओं एवं अवैध बाड़े में रखें गये गौ वंश के साथ हो रहे क्रूरता के संबंध में जब जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों को अवगत करायें जाने पर भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसलिए शासकीय गौ शालाओं एवं अवैध बाड़े के संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए दो विकल्प हैं या तो शासकीय गौ शाला के संचालकों एवं अवैध बाड़े के संचालकों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 (1) की उपधारा ङ एवं ज के तहत आपराधिक मामले दर्ज कराया जाय या शासकीय गौ शाला के संचालकों एवं अवैध बाड़े के संचालकों के अतिरिक्त जिम्मेदार शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उक्त गैर जिम्मेदार लोग, जिनके कारण बेसहारा गौ वंश भोजन, पानी, उपचार एवं रखरखाव के अभाव में मर रहे हैं या तड़प रहें हैं के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज करने की सहायता की मांग की जाय।

# नगर परिषद रामपुर में राष्ट्रीय नेत्रदान संगोष्ठी का हुआ आयोजन





**जागरण, सीधी।** भारत सरकार व मध्य प्रदेश शासन के आह्वान पर 6 सितंबर को नगर परिषद रामपुर नैकिन के सभागार में 40 वां राष्ट्रीय नेतदान पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम कुमार साहू अध्यक्ष नगर परिषद रामपुर नैकिन व महामंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग संगठन मध्य प्रदेश रहे। विशिष्ट अतिथि महेंद्र प्रसाद पाण्डेय, अध्यक्ष राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण समिति भारत सीधी संजय कुमार बाजपेयी, अध्यक्ष सीडीएस सीधी पुष्पेंद्र कुमार शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम सीधी बाला प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ अध्यापक उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर नैकिन रिंकू सिंह पार्षद रामपुर नैकिन की उपस्थित में सामुदायिक भवन रामपुर नैकिन में नेत्रदान पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद के समस्त स्टाफ सफाई कर्मी एवं नागरिकों ने भाग लिया। श्री राम कुमार साहू अध्यक्ष नगर परिषद रामपुर नैकिन के निर्देशानुसार जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव लेखपाल नगर परिषद रामपुर नैकिन के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन की सुचारु व्यवस्था की गई। नेत्रदान विषय पर विस्तृत रोचक जानकारी डॉ. एके द्विवेदी जिला विस्तार एवं माध्यमिक अधिकारी सीधी के द्वारा दी गई। नेत्रदान के महत्व एवं आवश्यकता पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। राम कुमार साहू अध्यक्ष नगर परिषद रामपुर नैकिन के द्वारा अपने आंखों के नेत्रदान की घोषणा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोतागण द्वारा नेतदान के विस्तृत जानकारी का आत्मसात किया गया एवं संकल्प दोहराया गया कि यह जानकारी हम अपने घर परिवार समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। यह बहुत ही पुण्य और पुनीत का कार्य है। इसमें आमजन की सहभागिता नितांत आवश्यक है। डॉ. एके द्विवेदी जिला विस्तार एवं मध्यम अधिकारी सीधी द्वारा सभी अतिथियों एवं सहभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम के आयोजन को सफल बताया।

# हर ग्राम पंचायत में बनेंगे सुव्यवस्थित एवं निर्बाध पहुंच वाले श्मशानघाट

## 5वें राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त राशि से होगा विकास

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी

जागरण, सीधी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5वें राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत अधोसंरचना विकास अनुदान मद की राशि से प्रदेश में सुव्यवस्थित श्मशान घाटों का विकास किया जायेगा। श्मशान घाटों के विकास कार्यों के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। सभी जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन आमजन के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं प्रत्येक आश्रित ग्राम में वित्तीय वर्ष 2025-26 तक न्यूनतम एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सहज तथा बारहमासी निर्बाध पहुँच वाले श्मशान घाट की उपलब्धता के लिये प्रतिबद्ध है। ग्रामों में श्मशान घाटों के विकास के लिये त्रिस्तरीय पंचायत राज प्रशासन से न्यूनतम आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक ग्राम में श्मशान मद के लिये आवश्यक भूमि आरक्षित हो। आरक्षित भूमि की संपूर्ण रूप से फेंसिंग की गई हो। स्थल पर पहुँचने के लिये साल के बारहों महीने निर्बाध एवं सहज पहुँच मार्ग उपलब्ध हो। श्मशान मद में आरक्षित भूमि अतिक्रमण से मुक्त हो। इन मापदण्डों की अनुपलब्धता की स्थिति में प्रत्येक ग्राम पंचायत को राजस्व अभिलेखों से यह ज्ञात करना होगा कि ग्राम पंचायत के किस ग्राम में पहले से श्मशान घाट के लिये भूमि आरक्षित होकर श्मशान घाट है और किस ग्राम में नहीं है। प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रत्येक ग्राम में, जिसमें श्मशान के लिये भूमि उपलब्ध नहीं है, आवश्यक उपयुक्त भूमि आरक्षित कराने के लिये मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत संबंधित जिला कलेक्टर को आवेदन कर भूमि आरक्षित करानी होगी। जहां पहले से श्मशान घाट है और आरक्षित भूमि की यदि समुचित फेंसिंग नहीं है, तो उस भूमि की फेंसिंग प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा तैयार किये गये मानकों के आधार पर कराई जाये। चेन लिंक के लिये प्राक्कलन के अनुसार अथवा स्थानीय बोल्डरों, पत्थरों से निर्मित खखरी के द्वारा की जा सकेगी। श्मशान घाट तक निरापद रूप से पहुँचने के लिये समुचित मार्ग उपलब्ध नहीं हो अथवा मार्गों में पुलिया/रपटा नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन दुष्कर होता है, ऐसे स्थलों पर निर्बाध पहुँच के लिये आवश्यकतानुसार समीपवर्ती मार्ग से श्मशान स्थल तक 3.75 मीटर (लगभग) चौड़ाई की सी.सी. रोड और यथाआवश्यक पुलिया/रपटा भी बनाया जाये। आवश्यक भूमि की अनुपलब्धता की स्थिति में जिला कलेक्टर से निर्धारित प्रक्रिया से मार्ग निर्धारण कराये जाने की कार्यवाही की जाये। श्मशान घाट के लिये पूर्व से आरक्षित भूमि पर यदि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण है तो संबंधित सीईओ जिला पंचायत द्वारा राजस्व एवं पंचायत अमले के सहयोग से तत्काल अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही करायी जाकर आरक्षित भूमि पर फेंसिंग की जाये। ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पंचायत समन्वय अधिकारी तथा उपयंत्री उत्तरदायी रहेंगे। इसी प्रकार जनपद स्तर पर सहायक यंत्री, कार्यक्रम अधिकारी/सीईओ जनपद पंचायत, खण्ड पंचायत अधिकारी और जिला स्तर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत/परियोजना अधिकारी तथा पंचायत सेल उत्तरदायी होंगे।

## नवोदय विद्यालय में नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन संपन्न

**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार व मध्य प्रदेश शासन से जारी दिशा निर्देश अनुसार 6 सितंबर को डॉ. डीके त्रिपाठी प्राचार्य पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी के मार्गदर्शन में 40 वां राष्ट्रीय नेत्रदान परवाड़े का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के शिक्षकए स्टाफव छात्र-छात्राओं में नेत्रदान के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र प्रसाद पाण्डेय अध्यक्ष राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता निवारण समिति भारत सीधी, विशिष्ट अतिथि संजय कुमार बाजपेयी अध्यक्ष सीडीएस सीधी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुबोध कुमार तिवारी प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट द्वारा किया गया। नेत्रदान के आवश्यकता महत्व एवं नेत्र बैंक के कार्य प्रणाली पर विस्तृत जानकारी डॉ. एके द्विवेदी जिला विस्तार एवं माध्यमिक अधिकारी सीधी के द्वारा दी गई। नेत्रदान घोषणा पत्र भराए जाने पर भी लोगों को प्रोत्साहित एवं उत्साहित किया गया।

# पूर्व मंत्री पहुंचे अमिलिया खाद गोदाम, एसडीएम को लगाया फोन

## टोकन के बावजूद किसानों को नहीं मिल रही खाद

### किसानों की समस्या पर की गई सार्थक पहल

जागरण, सीधी



यूरिया-खाद को लेकर पूरे जिले में किसानों का भटकाव बना हुआ है। गोदामों में सुबह से ही किसानों की कतारें लगने लगती हैं। फिर भी अधिकांश किसानों को खाद न मिलने से वह मायूश होकर घर लौटने को मजबूर हैं। कुछ इसी तरह की समस्या मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित अमिलिया के गोदाम में भी बनी हुई है। किसानों को खाद न मिलने की शिकायत पर पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल अमिलिया गोदाम पहुंचे, उनसे किसानों द्वारा खाद न मिलने की शिकायतें करते हुए कहा गया कि वह कई दिनों से गोदाम का चक्कर काट रहे हैं। हालात यह है कि टोकन मिलने के बावजूद अमिलिया गोदाम से खाद नहीं मिल रही है। श्री पटेल ने किसानों की समस्या को काफी गंभीरता से लिया। उनके द्वारा मौके पर से ही सिहावल एसडीएम प्रिया पाठक को कॉल कर किसानों की समस्या बताई गई। एसडीएम ने तुरंत खाद वितरण व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही टोकन धारक किसानों को प्राथमिकता से खाद वितरित करने को कहा। किसानों का कहना है कि समय पर खाद न मिलने से फसल को नुकसान हो सकता है। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने जिस तत्परता के साथ हस्तक्षेप किया है उससे किसानों को राहत की उम्मीद जगी है। उधर खाद के लिए परेशान किसान संजय त्रिपाठी ने बताया कि तीन दिन पहले टोकन मिलने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिली। उनके जैसे सैकड़ों किसान रोजाना अमिलिया गोदाम आ रहे हैं। फसल की नाजुक स्थिति में खाद की कमी किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है। बताते चलें कि मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित अमिलिया में खाद न मिलने को लेकर किसानों का आक्रोश कई बार फूट चुका है। इससे पूर्व उनके द्वारा खाद न मिलने पर काफी हंगामा भी किया गया था। जिसके बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आक्रोशित किसानों को समझाइस दी गई। साथ ही खाद वितरण को लेकर भी मौके पर पहुंचकर पारदर्शिता सुनिश्चित कराई गई। फिर भी खाद वितरण को लेकर किसानों की परेशानियां कम नहीं हुई। जिसके बाद उनके द्वारा अमिलिया बाजार में आकर चक्काजाम का भी प्रयास किया गया। इस दौरान सिहावल तहसीलदार के वाहन को भी किसानों द्वारा घंटे भर तक रोंककर रखा गया।

### अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी यूरिया का भटकाव

सीधी जिले में यूरिया-खाद को लेकर किसानों का भटकाव करीब एक महीने से बना हुआ है। किसानों की भीड़ इतना ज्यादा गोदाम में उमड़ रही है कि व्यवस्था बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को पसीने छूट रहे हैं। कृषि विभाग के उप संचालक समेत अन्य अधिकारियों द्वारा किसानों को यही आश्वासन दिया जा रहा है कि जल्द ही यूरिया को लेकर बना भटकाव खत्म होगा। फिर भी यूरिया खाद की मांग वर्तमान में इतनी ज्यादा है कि सीधी जिले को जो आवंटन मिल रहा है उससे किसानों का भटकाव खत्म नहीं हो रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यूरिया की मांग सबसे ज्यादा किसान कर रहे हैं। जबकि इसके विकल्प के रूप में नैनो यूरिया समेत जैविक खाद का पर्याप्त स्टाक मौजूद है। लेकिन किसान केवल यूरिया की मांग कर रहे हैं। यूरिया की एक साथ काफी ज्यादा मांग होने के कारण समस्या बनी हुई है। यह अवश्य है कि सीधी जिले को प्रति दिन स्टॉक मिल रहा है जो भी स्टॉक मिलता है उसका वितरण सभी गोदामों में कराया जाता है। जिससे किसानों को यूरिया का वितरण होता रहे। समस्या इसलिए भी ज्यादा बनी हुई है कि अधिकांश किसान 5-6 बोरी यूरिया की मांग करते है जबकि स्टॉक की कमी के चलते अधिकांश जगहों में केवल एक बोरी यूरिया किसानों को वितरित की जा रही है। इस वजह से भी किसानों में आक्रोश बना हुआ है।

# प्रेमनगर बस्ती में 24 लाख रुपए से अधिक की लागत से होंगे विकास कार्य



## महापौर श्रीमती सूरी ने जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनों के साथ भूमिपूजन कर दी विकास कार्यों की सौगात

**जागरण, कटनी।** नगर के जोन क्रमांक तीन अंतर्गत आने वाले विभिन्न पांच वार्डों की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने एवं नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित प्रेमनगर बस्ती में निर्मित पानी की टंकी के आसपास रिक्त स्थल में कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन विगत दिवस महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से संपन्न हुआ।

पेयजल आपूर्ति सुद्रण करने हेतु लगभग 24 लाख रुपए से अधिक की राशि से कराए जाने वाले बाउंड्रीवाल, सम्पवेल, पंपहाउस एवं यूरिनल आदि निर्माण कार्यों के दौरान भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पार्षद श्रीमती खुशबू अनिरुद्ध सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद श्रीमती सीमा अरविंद श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद अनिरुद्ध नारायण सोनी, मनोज गुप्ता, कमलेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष रजत जैन, उपाध्यक्ष प्रमोद सोनी, प्रदीप उपाध्याय, उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह बघेल, मृदुल श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में स्थानीय जनों की विशेष मौजूदगी रही।

### पेयजल आपूर्ति के साथ स्वच्छता एवं सुरक्षा भी होगी सुनिश्चित-महापौर

महापौर श्रीमती सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से प्रत्येक वर्ग का कल्याण हो रहा है। नगर विकास हेतु शासन से प्राप्त अनुदान से प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे है। भूमिपूजन उपरांत वार्ड के इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से पांच वार्डों वार्ड क्रमांक 14 से 18 की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम के माध्यम से किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी प्रदान कर महापौर श्रीमती सूरी ने उपस्थित जनों से घरों एवं दुकानों से रोजाना निकलने वाले कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहनों में देकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोगी बनने की अपील की। कार्यक्रम को क्षेत्रीय पार्षद द्वारा भी संबोधित किया जाकर वार्ड के विकास कार्यों तथा बस्ती के लोगों की पट्टे संबंधी समस्या से विस्तार से अवगत कराते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से समस्या का निराकरण कराने का आग्रह किया गया।

### बरसते पानी में किया प्रेमनगर बस्ती का पैदल निरीक्षण

भूमिपूजन उपरांत क्षेत्रीय पार्षद एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा प्रेमनगर बस्ती में नाली की समस्या से अवगत कराए जाने पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा बरसते पानी में ही संपूर्ण प्रेमनगर बस्ती का पैदल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बस्तीवासियों से संवाद कर उनकी जलभराव संबंधी समस्याएं भी सुनीं और क्षेत्रीय उपयंत्री जेपी बघेल को नाली निर्माण हेतु नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिक संतोष गौतम, रामचरण रजक, मुन्ना भाई, संजय नाकरा, शिव बरसैयां, संजय, कुलदीप, मातृशक्ति श्रीमती ललिता पासी, मंजू यादव, ललिता विश्वकर्मा, सीता पटेल, भूरीबाई वंशकार सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

# जिले में वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल अपडेशन का अभियान

## वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में वाहन स्वामी सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं कर सकते हैं अपडेट

**शहडोल।** जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती अनपा खान ने जानकारी दी है कि परिवहन विभाग द्वारा मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इन्फार्मेशन सेंटर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नम्बर अपडेट कर सकते हैं।

वाहन के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षों बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है। उन्होंने बताया है कि वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है।

अपडेड प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में वाहन रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लायसेंस संबंधी समस्त सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे है। डेटाबेस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर आवेदक को अपना सत्यापन कराना होता है। मोबाइल नंबर डेटाबेस पर उपलब्ध न होने पर कई बार आवेदक इन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। संबंधित वाहन के विरूद्ध अन्य प्रणालियों से चालान जारी होने पर डेटाबेस पर सही नंबर न होने के कारण कई बार वाहन स्वामियों को चालान के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। चालान का भुगतान लंबित होने पर ऐसे व्यक्तियों को परिवहन विभाग की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है। न्यायालयीन कार्यवाही की जाने पर उन्हें कोर्ट से समन भी आ सकते हैं। इन कारणों से मोबाइल नंबर अपडेट होना आवश्यक है। मोबाइल अपडेशन की विस्तृत प्रक्रिया मध्यप्रदेश परिवहन पोर्टल के यूआरएल पर उपलब्ध है।

# 108 बनी जीवनदायिनी नवजात को समय पर पहुंचाया अस्पताल

**जागरण उमरिया।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में 108 बनी जीवनदायिनी नवजात शिशु को ऑक्सीजन देते हुए ईएमटी देवनारायण एवं पायलट दीपक यादव द्वारा समय पर जिला अस्पताल पहुंचाया गया जिससे शिशु की जान बच सकी स्टाफ की प्रशंसा करते हुए जोन प्रभारी अंकुश नायडू एवं नितिन वाजपेई और जिला प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने ऐसे तात्पर रहकर काम करने की हिदायत दी है और अपने स्टाफ को समय पर जनता के बीच सरकार की इस योजना को पहुंचाने की बात कही है और कहे है कि हम लोगों का यही कर्तव्य है कि हम मरते हुए को जीवन देना कर्तव्य है जिला के समस्त लोकेशन के स्टाफ को पत्र के माध्यम से यह संदेश पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं कि आप लोग तत्पर रहकर किसी योजना को बराबर हितग्राहियों के बीच पहुंचाएं ताकि जनता और शासन की इस योजना को समय पर लाभ मिल सके और शासन जनता के बीच विश्वास बना रहे।

# भारत आदिवासी पार्टी करेगी बिना में विस्तार

**जागरण ब्यौहारी।** भारत आदिवासी पार्टी के बिन्धय के प्रभारी लाल बहादुर नेटी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत आदिवासी पार्टी विन्धय में अपना विस्तार करेगी शहडोल और रीवा संभाग के हर एक ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति करके संगठन को मजबूत करेगी क्योंकि भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने जनता को बहुत छला इसलिए जनता इन दोनों पार्टियों को नहीं चाहती और भारत आदिवासी पार्टी से जुड़ना चाहती शीघ्र ही भारत आदिवासी पार्टी का विन्धय में जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करेगी।

# सुमन सखी चैटबॉट नागरिक-केंद्रित सुशासन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम : उप मुख्यमंत्री

## मध्यप्रदेश में एआई आधारित सुमन सखी चैटबॉट सेवा शीघ्र होगी प्रारंभ प्रारंभिक चरण में फोकस मातृ स्वास्थ्य पर अगले चरण में समस्त स्वास्थ्य सेवाओं में होगा विस्तार

**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं में नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश में जल्द ही सुमन सखी चैटबॉट सेवा प्रारंभ की जा रही है। सुमन सखी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट होगा, जो नागरिकों को गर्भावस्था के दौरान देखभाल, उच्च जोखिम कारकों की जानकारी, तथा महिलाओं से संबंधित सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में नागरिक-केंद्रित सुशासन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह सेवा न केवल योजनाओं की जानकारी और सेवाओं तक त्वरित पहुँच उपलब्ध कराएगी, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जनविश्वास को भी मज़बूत करेगी। मिशन डायरेक्टर एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि सुमन सखी चैटबॉट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीएसईडीसी) के सहयोग से विकसित किया गया है। सुमन सखी चैटबॉट 24×7 उपलब्ध रहेगा और हिंदी भाषा में होगा, ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाएँ भाषा की किसी भी बाधा के बिना इसका लाभ उठा सकें। प्रारंभिक चरण में इसका फोकस मातृ स्वास्थ्य सेवाओं पर होगा और धीरे-धीरे अन्य प्रमुख योजनाएँ भी इसमें शामिल की जाएँगी। नागरिक इसे व्हाट्सएप के माध्यम से उपयोग कर सकेंगे।

# शिक्षक दिवस पर ब्रह्मकुमारी बहनों ने किया 40 शिक्षकों का सम्मान




**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राज्ययोग केंद्र संचालिका बी.के.लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में लगभग 40 शिक्षकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माउंट आबू से आए वरिष्ठ शिक्षक बी.के. भोलानाथ भाई, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य चित्रा प्रभात, केडीसी डायरेक्टर पारस जैन, केसीएस स्कूल की पूर्व प्राचार्या सुश्री राजेंदर कौर लाम्बा, साधुराम के पूर्व प्राचार्य के.पी.तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर हुआ। आश्रम की बहनों द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान तिलक पुष्प शाल और ईश्वरीय सौगात भेंटकर कर किया गया। भोलानाथ भाई ने उद्बोधन देते हुए कहा कि आप बचपन से सुनते आ रहे हैं विद्या ददाति विनयं इसका अर्थ होता है कि विद्या विनय देता है नम्रता सीखता है यदि किसी के जीवन में नम्रता नहीं आया तो उसका विद्वान होने का कोई मतलब नही। केडीसी डायरेक्टर पारस जैन ने कहा कि शिक्षक हमारे मन को आकार देते हैं, बल्कि यह हमारे जीवन के मार्गदर्शक प्रकाश का उत्सव भी है। एक मार्गदर्शक ऐसा भी है जो अक्सर अनदेखा रह जाता है वो हैं हमारे परम शिक्षक परमात्मा यानि ईश्वर जो हमारी जीवन यात्रा के हर कदम पर हमारे साथ रहते हैं। सुश्री राजेंदर कौर लांबा ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने कर्म यात्रा का शुभारंभ एक शिक्षक के रूप में किया धीरे धीरे आगे बढ़ते हुए देश का सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर पहुंचे और प्रत्येक शिक्षक का मस्तिष्क गर्व से ऊंचा उठ गया कि शिक्षक पहुंचे राष्ट्रपति पद पर। चित्रा प्रभात, प्रकाश भोमिया, सरमन तिवारी सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन, नेहा बहन, मूर्ति बहन, रानी शर्मा, तृप्ति बहन, प्रियंका बहन, वैष्णवी बहन, सुनील भाई, विनोद भाई का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश भाई ने किया।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# रीठी पुलिस ने अवैध कट्टा कारतूस सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों पर नियंत्रण करने एवं अवैध हथियार रखने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में अभिनय विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.संतोष डेहरिया व एसडीओपी उमराव सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी रीठी के नेतृत्व में दिनांक 6 सितम्बर 25 को अवैध कट्टा कारतूस जप्त कर 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया।

घटना दिनांक 6 सितम्बर 25 को मुखबिर से जानकारी मिली कि जबलपुर का कुख्यात बदमाश हरीश पेसवानी किसी गंभीर घटना की करने की फिराक में अवैध कट्टा कारतूस अपने पास रखे हुए है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर हरीश पेशवानी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से एक 315 बोर का देसी कट्टा एवं एक 315 बोर का जिंदा कारतूस जप्त किया गया। मामले की विवेचना दौरान अवैध कट्टा कारतूस के स्रोत की जानकारी जुटाई गई मामले में सोभित सिंह निवासी हरद्वारा की संलिप्तता पाए जाने पर प्रकरण मे आरोपी हरीश पेशवानी पिता सीवन दास पेसवानी उम्र 39 वर्ष निवासी रामनगर, अधारताल जबलपुर एवं सोभित सिंह निवासी हरद्वारा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस कार्यवाही में विशेष भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद शाहिद, दिनेश चौहान, विनोद पटेलए, सउनि पांडे, अजय मेहरा, राम पाठक, शमशेर सिंह, आशुतोष, अमन, नीतेश दुबे, विजय, जफर, ज्ञानेंद्र का विशेष योगदान रहा।

## गणेश विसर्जन जुलूस में संदिग्धों पर त्वरित कार्रवाई

**कटनी।** गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कटनी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। पुलिस की पैनी निगाह और सतर्कता से किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को टालते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया गया। इस दौरान की गई कार्यवाही में जुलूस से 200 से अधिक चूड़ा, कड़ाद्ध निकलवाए गए।

2 चाकू जब्त किए गए, 3 प्रकरणों में धारा 185 एमवी एक्ट की कार्यवाही की गई। युवकों को थाने में बैठाकर पूछताछ की गई। 21 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर पूछताछ व तस्दीक करने के बाद रुक्सत किया गया। त्योहारों पर शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की असामाजिक हरकत करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा कटनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि धार्मिक पर्वों को मिलजुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएँ और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# समाज सेवा विकास संस्था ने किया 1 हजार से ज्यादा पौधों का वितरण



**कटनी।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कटनी जिले की समाज सेवा विकास संस्था ने एक अनोखी पहल शुरू की है। हाल ही में गणेश चतुर्थी और शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था ने नैगवा ग्राम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर एक स्टॉल लगाकर फलदार और छायादार पौधों का मुफ्त वितरण किया। संस्था ने एक पौधा एक त्यौहार अभियान के तहत अब तक एक हजार से अधिक पौधे वितरित किए हैं।

संस्था की सदस्य पूजा सिंह ने बताया कि इस वितरण के दौरान 100 से ज्यादा पौधे बांटे गए। पौधे लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उन्हें पाल पोसकर बड़ा करने और वृक्ष बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। यह अनूठा तरीका लोगों को सिर्फपौधा देने तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास भी कराता है।

समाजसेवी सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि पिछले एक साल में उनकी टीम ने विभिन्न तरीकों से एक हजार से अधिक पौधे वितरित किए हैं। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने हर त्योहार पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस विचार को बढ़ावा देने के लिएए संस्था ने बैनर और पोस्टर का भी इस्तेमाल कियाए जिन पर यह संदेश लिखा था।

पौधों के वितरण के साथ साथ संस्था ने नैगवा गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में गणेश चतुर्थी और शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बड़े पैमाने पर पौधारोपण भी किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चो और ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दौरान इनकी रही फिज़ा बी, बबिता सिंह, राजेश नंदनी रजक, पूजा सिंह, प्रभा सेन, सुधा पाठकर, मैना सिंह, राजाराम पटेल, सिद्धार्थ जाटव, रामचरण सिंह आदि की मौजूदगी रही।

## कार्यालय उप संचालक मत्सयोद्योग पोड़ी मैहर जिला मैहर (म.प्र.)

क्रमांक 325/उसम/निविदा/2025-26 पोड़ी मैहर दिनांक 03/09/2025

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय को सरसोखली की आवश्यकता है। अत: आनलाइन ई निविदा की व्यवस्था के तहत मत्स्य बीज उत्पादन कार्य अंतर्गत मत्स्यबीज एवं प्रजनको की आहार सामग्री वर्ष 2025-26 मे प्रदाय हेतु निम्नानुसार समयावधि में निविदा क्रय एवं भरी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| सामग्री का नाम | सरसोखली |
| अनुमानित मात्रा | 150 क्विंटल |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 400.00 |
| धरोहर राशि | 7000.00 |
| आनलाइन निविदा क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | 12.09.2025 दोपहर 12.00 बजे से |
| आनलाइन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि | 22.09.2025 सायं 5.30 बजे तक |
| आनलाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि | 22.09.2025 सायं 5.30 बजे तक |
| सामग्री का सेम्पल जमा करने का दिनांक | 23.09.2025 सायं 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 24.09.2025 सायं 3.00 बजे तक |

निविदा का विवरण www.mptenders.gov.in वेब साइट अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा आनलाइन की क्रय (निर्धारित फीस जमा कर) तथा प्रस्तुत की जा सकेगी। धरोहर राशि आनलाइन स्वीकृत की जावेगी। भविष्य मे निविदा आमंत्रण सूचना मे किये जाने वाले संसोधन आनलाइन बेब साइट पर प्रदर्शित होंगे।

G-18352/25

सहायक संचालक मत्स्योद्योग
पोड़ी मैहर जिला मैहर (म.प्र.)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है।
वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

# पितृपक्ष में पूर्वजों को तर्पण और श्राद्ध से दें श्रद्धांजलि

**कटनी।** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृपक्ष श्राद्ध पक्ष का शुभारंभ हो चुका है। इसे पितरों का पावन काल माना जाता है। श्रद्धालु इस अवधि में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध करते हैं।

**कैसे करें पूजा :** पंडित राघवेश दास जी महाराज ने बताया कि पितृपक्ष में सूर्योदय के बाद स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर तर्पण करना चाहिए। तर्पण के लिए कुशा, तिल, जल और पका हुआ अन्न अर्पित किया जाता है। ब्राह्मण भोज व दान भी पुण्यकारी है। उन्होंने कहा की पूर्वजों को जल, तिल और अन्न अर्पित करने से उनकी आत्मा तृप्त होती है और घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

**पितृदोष और हानियाँ :** महाज्ञानी राघवेश दास जी महाराज का कहना है कि जो लोग पितृपक्ष में श्राद्ध नहीं करते, उनके परिवार में पितृदोष प्रकट हो सकता है। पितृदोष के कारण संतान को बाधाएँ आती हैं, दांपत्य जीवन में अशांति रहती है और उन्नति रुक जाती है। इसलिए हर परिवार को श्राद्ध अवश्य करना चाहिए।

**आस्था का संदेश :** पंडितों का कहना है कि पितृपक्ष केवल कर्मकांड नहीं बल्कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। यह परिवार को संस्कारों से जोड़ने और परंपराओं को आगे बढ़ाने का समय होता है।

# पुरानी ग्रेवल सड़क को दिखाया नया जिम्मेदारों पर करोड़ों की हेराफेरी का आरोप

## कंचनपुर पंचायत में करोड़ों का भ्रष्टाचार उजागर, सरपंच-सचिव पर आरोप, पहले भी पकड़ी गई गड़बड़ी, फिर भी जारी अनियमितता




जागरण डिंडोरी

मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले की ग्राम पंचायत कंचनपुर में बड़ा घोटाला सामने आया है, आरोप है कि मनरेगा और 15वें वित्त की राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सरपंच, सचिव और उपयंत्री पर भ्रष्टाचार व फर्जी बिलिंग का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा को ज्ञापन सौंपा है। शिकायत की प्रतियां कमीश्नर जबलपुर, कलेक्टर डिण्डौरी, जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ शहपुरा को भी भेजी गई हैं।

### पहले भी पकड़ी गई गड़बड़ी, फिर भी जारी अनियमितता

पूर्व में भी कंचनपुर पंचायत के सरपंच और सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला डिण्डौरी ने 1 अगस्त 2025 को आदेश जारी कर दोनों से ?5.57 लाख की वसूली का निर्देश दिया था। बावजूद इसके, ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच और सचिव ने उपयंत्री की मिलीभगत से पंचायत की राशि का दुरुपयोग जारी रखा।

### फर्जी बिल और घटिया निर्माण के आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नाला विस्तार के नाम पर फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए आहरित किए गए। स्टाम्प डेम को स्वीकृत स्थान के बजाय अनुपयोगी जगह पर बनाया गया, जिसमें गलत मूल्यांकन कर करोड़ों का नुकसान पहुंचाया गया। कंचनपुर में पहले से बने ग्रेवल कार्य को कागजों में नया दर्शाकर पुनः भुगतान करवा लिया गया। डुण्डीसाई के बैगा मोहल्ला में पुलिया निर्माण में घटिया काम कराकर करीब नौ लाख रुपए निकाल लिए गए।

### तालाब निर्माण में भारी गड़बड़ी

शिकायत में कहा गया है कि राजेंद्र आर्मो नामक कर्मचारी को पद से हटाए जाने के बाद भी तालाब निर्माण कार्य में भुगतान किया गया। कंचनपुर में शमशान घाट क्षेत्र में निजी भूमि पर पच्चीस लाख रुपए की लागत से तालाब बनाया गया, लेकिन यह पानी में डूबकर अनुपयोगी साबित हुआ। डुण्डीसरी गांव में भी वन विभाग की भूमि पर बिना अनुमति तालाब का निर्माण कराया गया, जिसकी लागत पच्चीस लाख रुपए बताई जाती है, परंतु यह अधूरा और मानकविहीन है।

### 15वें वित्त की राशि का दुरुपयोग

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि सरपंच और सचिव ने 15वीं वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग किया है। बैनर, ग्लास और स्टेशनरी जैसे खर्चों के नाम पर हजारों रुपए सीधे अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए गए।

### ग्रामसभा नहीं, पारदर्शिता पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि 15 अगस्त से अब तक पंचायत में ग्रामसभा आयोजित नहीं हुई। ग्रामसभा न होने से पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो गई है और पंचायत प्रतिनिधि मनमानी कर रहे हैं।

### ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि सभी संदिग्ध कार्यों के बिल भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए। हल्का पटवारी की मौजूदगी में स्थल निरीक्षण कर जांच कराई जाए और दोषी सरपंच, सचिव तथा उपयंत्री पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में पंचायतों में भ्रष्टाचार पर रोक लग सके।

# जनपद पंचायत अधिकारियों पर अवैध भुगतान का दबाव बनाने का आरोप




**जागरण, मंडला।** जनपद पंचायत मंडला अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेंको में स्वीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य भवन निर्माण कार्य को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं जनपद पंचायत मंडला के उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर ने कहा कि जनपद पंचायत के खंड अधिकारी, सीईओ एवं ग्राम पंचायत उपसरपंच द्वारा सचिव पर बिना निविदा प्रक्रिया के और बिना मूल्यांकन किए गए कार्य का अवैध भुगतान करने का दबाव डाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जनपद निधि से स्वीकृत इस सामुदायिक स्वास्थ्य भवन निर्माण कार्य में नियमों का पालन नहीं किया गया। आरोप है कि निर्माण कार्य न तो विधिवत निविदा प्रक्रिया से कराया गया और न ही तकनीकी मूल्यांकन की औपचारिकता पूरी हुई। इसके बावजूद सचिव पर भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले को लेकर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार और दबाव की राजनीति से पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्राम पंचायत सचिव प्रकाश मार्को का कहना है कि वह नियमों के अनुसार ही कार्य करना चाहते हैं, लेकिन अधिकारियों के दबाव में आना संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि वे अवैध भुगतान करने से इंकार करते हैं, तो उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पूरे प्रकरण पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि पंचायत निधि जनता के विकास कार्यों के लिए होती है, लेकिन यदि इस तरह से नियमों की अनदेखी कर भ्रष्टाचार किया जाएगा तो विकास कार्य प्रभावित होंगे। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित उच्च अधिकारी इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करते हैं और क्या ग्राम पंचायत ढेंको में सामुदायिक स्वास्थ्य भवन निर्माण कार्य की पारदर्शी जांच कराई जाएगी।

# खजुराहो में धूमधाम से निकली भगवान गणेश की भव्य विसर्जन शोभायात्रा

**खजुराहो।** पर्यटन नगरी खजुराहो में 10 चला गणेशोत्सव पर्व सम्पन्न हो गया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जगह जगह विराजे प्रथम पूज्य भगवान गणेश की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इसी क्रम में नगर के सेवाग्राम वार्ड क्र.10 में पत्रकार आनंद अग्रवाल के निवास पर मिट्टी से निर्मित भगवान गणपति देव की सायं 4 बजे से भव्य विषर्जन शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर खूडऱ नदी स्थित दूल्हादेव घाट पहुंची जहां पर पार्थिव भक्तिभाव से गणेश विसर्जन किया गया। इसके पूर्व शोभायात्रा में गणेश भक्तों ने ढोल तांसों की थाप तथा डी.जे.की धुन पर थिरकते हुए गणपति बप्पा मोरया अगले वरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाए। इस दौरान खजुराहो टी.आई.सुरभि शर्मा सहित पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए तथा सी.एम.ओ.बसंत चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नगरीय प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की जिससे निर्विघ्न विसर्जन सम्पन्न हुआ।

# ग्रामीणों ने उठाई जिम्मेदारी, श्रमदान व चंदे से बनवासी टोला में शुरू हुआ नया स्कूल भवन निर्माण



**जागरण डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले की किसलपुरी ग्राम पंचायत के पोषक ग्राम बनवासी टोला के ग्रामीणों ने शिक्षा की महत्ता को समझते हुए अद्भुत मिसाल पेश की है। जब उनकी फरियाद प्रशासन और जिम्मेदारों तक पहुंचकर भी अनसुनी रह गई, तो उन्होंने ठान लिया कि अपने बच्चों के भविष्य से समझौता नहीं करेंगे। यही वजह रही कि ग्रामीणों ने न केवल चंदा इकट्ठा किया बल्कि श्रमदान भी शुरू कर दिया और अपने पैसों से स्कूल भवन का निर्माण आरंभ कर दिया।जर्जर भवन से शुरू हुई परेशानी

बनवासी टोला का पुराना स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका था। हालात इतने खतरनाक थे कि बच्चों की पढ़ाई के दौरान किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा बना रहता। लगभग एक माह पूर्व जिलाप्रशासन के आदेश पर उस भवन को ध्वस्त कर दिया गया, लेकिन नए भवन की कोई व्यवस्था नहीं की गई।अस्थायी इंतज़ाम भी नाकाफीभवन गिराए जाने के बाद पहले तो ग्रामीणों ने अपने बच्चों की पढ़ाई एक घर में शुरू की। बाद में उन्हें मजबूरीवश दो किलोमीटर दूर एक पुराने भवन में शिफ्ट करना पड़ा। लेकिन उस भवन की हालत भी बेहद खराब और बच्चों के अनुकूल नहीं थी। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई गई, मगर समाधान नहीं मिला।

### बच्चों के भविष्य की खातिर ग्रामीणों का संकल्प

समस्या का समाधान न देखकर ग्रामीणों ने खुद जिम्मेदारी उठाने का फैसला किया। गांव के हर परिवार से दो-दो हजार रुपये का चंदा इकट्ठा किया गया। इसके बाद महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग सभी ने मिलकर श्रमदान शुरू कर दिया।ईंट-पत्थर ही नहीं, उम्मीदों का निर्माण फिलहाल लगभग 65 बच्चों की पढ़ाई जारी है और नए भवन का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्रामीणों की यह पहल सिर्फ ईंट-पत्थर जोड़ने का काम नहीं है, बल्कि यह उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को गढ़ने की जद्दोजहद है।ग्रामीणों का मानना है कि जब तक शासन-प्रशासन पहल नहीं करता, तब तक वे खुद अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की लड़ाई लड़ते रहेंगे। बनवासी टोला के लोगों की यह कोशिश पूरे जिले ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

# समाजसेवियों ने नौगांव को स्वच्छ शहर बनाने के लिए किया श्रमदान

**छतरपुर।** नगर पालिका नौगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.एस.अवस्थी ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मनसा देवी मंदिर के पास सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने सभी पार्षदों से भी श्रमदान कार्यक्रमो में भागीदारी हेतु अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी पूर्व एसडीएम केएल अहिरवार एवं शिल्पी राय ने मनसा देवी मंदिर के पास पॉलीथिन कचरा एवं गाजर घास, खरपतवार उखाड कर किया। स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बेस्डर एवं पूर्व सीएमओ डी डी तिवारी ने तसलो में पॉलीथिन कचरा मंदिर के पास से संग्रहित कर नगर पालिका के कचरा वाहन में डाला। इस अवसर पर अजय सिंह चंदेल, संतोष गंगेले कर्मयोगी, संतोष तिवारी, राजकुमार मिश्रा आदि ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। पूर्व एसडीएम के एल अहिरवार ने कहा की जब तक वार्ड स्वच्छ नही होगे तब तक शहर कचरा रहित नही बन सकता है इसमें वार्ड पार्षदो की भागीदारी अधिक महत्वपूर्ण है साथ ही श्रमदान के बाद एक ट्राली कचरा एकत्रित कर कचरा प्रस्संकरण केन्द्र भेजा गया।

# वनवासी विकास परिषद की बैठक सम्पन्न



**जागरण मण्डला।** वनवासी विकास परिषद महाकौशल जिला ईकाई मंडला की त्रै-वार्षिक कार्ययोजना को लेकर जिला समिति की बैठक आयोजित की गई। योजना प्रमुख तारा मार्को ने वनवासी विकास परिषद महाकौशल के बारे में विस्तार से बताते हुए कार्य योजना पर संवाद किया। वहीं सचिव डॉ मुकेश तिलगाम ने बैठक में संगठन कार्य विस्तार सहित अन्य बिन्दुओं से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। वहीं अध्यक्ष कैलाश डेहरिया ने जिला समिति के विस्तार एवं आगामी समय पर किए जाने वाली कार्य योजना एवं एकलव्य बालक छात्रावास के विकास कार्य संबंधी एजेंडा से अवगत कराया। बैठक के पूर्व भारत माता के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालित किया गया एवं गीत के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला समिति के विस्तार एवं अन्य बिन्दुओं पर अपनी सहमति व्यक्त की। इस दौरान जिला संगठन मंत्री राजू कुड़ापे, संरक्षक किशोरी लाल साहू, जगत मरावी, श्रीमति रजनी मरावी, श्रीमति उमा यादव, जिला महिला प्रमुख जैनकली मरावी, नीरज अग्रवाल, अनिल मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक समापन पर नगर परिषद भुआ बिछिया की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमति रजनी मरावी का पुष्पमाला से स्वागत भी किया गया।

# लीनेस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**छतरपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के एक होटल में लीनेस क्लब द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, इसके बाद अतिथि शिक्षकों का माल्यार्पण कर शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षकों में पूर्व प्राचार्य श्रीमती सूर्यमुखी द्विवेदी, पूर्व शिक्षक श्रीमती ऊषा सिंह, पूर्व शिक्षक शैलजा खरे, शिक्षक श्रीमती निर्मला रजक, प्राचार्य एस.जी. सिंह, भागवत गीता शिक्षक रुचि द्विवेदी, पूर्व प्राचार्य पी.डी.पी. लीनेस आभा श्रीवास्तव, शिक्षक श्रीमती प्रगति गुप्ता, शिक्षक शंकर पिपारिया, शिक्षक राफिया खातून एवं शिक्षक श्रीमति प्रियंका सूर्यमुखी शामिल रहे। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग पी.डी.पी. लीनेस आभा श्रीवास्तव का रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लीनेस बहनों में ली. लक्ष्मी सिंह बुंदेला, ली. रेखा दोसाज, ली. गीता अग्रवाल, ली. सुषमा भार्गव, ली. कौशल दोसाज, ली. स्वराज बुंदेला, एरिया एग्जीक्यूटिव ली. कल्पना चौधरी, एरिया ऑफिसर ली. रजनी रावत, ली. अनीता श्रीवास्तव, ली. नीलम रावत, अध्यक्ष ली. कल्पना रावत, कोषाध्यक्ष ली. मानसी अग्रवाल, उपाध्यक्ष ली. दीपा सिंह, ली. ऋतु चौरसिया, ली. शशी गुप्ता, एरिया सचिव ली. रीना खरे, ली. प्रवीणा राय, ली. निशा अग्रवाल, ली. रचना अग्रवाल, ली. रानी अग्रवाल, ली. संगीता दोसाज, ली. कल्पना असाटी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# गढ़ा में बनेगा अत्याधुनिक विद्युत सबस्टेशन

## राजनगर विधायक के प्रयासों से क्षेत्र में बिजली संकट होगा दूर



**राजनगर।** राजनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। भाजपा विधायक अरविंद पटैरिया के निरंतर प्रयासों का नतीजा है कि अब बागेश्वर धाम गढ़ा में नवीन विद्युत सबस्टेशन की स्थापना की जा रही है। यह परियोजना न केवल ग्राम गढ़ा बल्कि पूरे राजनगर क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय लिखेगी।

बागेश्वर धाम, जो आज करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, यहां आने वाले भक्तों और स्थानीय ग्रामीणों को लंबे समय से बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता था। इस सबस्टेशन के निर्माण के बाद क्षेत्रवासियों को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। विधायक अरविंद पटैरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि गढ़ा में विद्युत सबस्टेशन का निर्माण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल आवासीय क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बेहतर होगी बल्कि गढ़ा में होने वाले धार्मिक आयोजनों और पर्यटन सुविधाओं को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि गढ़ा में स्थित बागेश्वर धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। यहां सालभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति पर दबाव बढ़ जाता है। सबस्टेशन बनने के बाद इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। इस परियोजना के पूरा होने पर गढ़ा और आसपास के गांवों को 24 घंटे बिजली मिलेगी। किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र का आर्थिक व धार्मिक महत्व और बढ़ेगा। विधायक अरविंद पटैरिया ने कहा, यह सिर्फ एक सबस्टेशन नहीं, बल्कि गढ़ा और आसपास के क्षेत्र के विकास का रोडमैप है। हम हर संभव प्रयास करेंगे।

# आर्य समाज महाराजपुर में लगेगा निःशुल्क सर्वरोग निवारण शिविर

**महाराजपुर।** आर्य समाज महाराजपुर में रविवार को प्रातः 10 बजे से सर्व रोग निवारण शिविर लगने जा रहा है जिसमें कई प्रकार की बीमारियों की जांचें एवं इलाज यथार्थ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल झांसी के सुयोग्य डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा। शिविर पूर्णतः निशुल्क रखा गया है जिसमें सभी प्रकार के रोगों की जांच एवं दवाइयां निःशुल्क वितरित की जाएंगी। शिविर में रोगियों की जांच प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो जाएंगी जो सायंकाल 4 बजे तक चलेंगी। जो भी रोगी मरीज गंभीर बीमारी से पीड़ित है या जिन्हें इलाज की आवश्यकता है वे रविवार को प्रातः 10 बजे आर्य समाज महाराजपुर पहुंचकर अपना इलाज निःशुल्क करवा सकते हैं। शिविर में पंजीयन हेतु प्रत्येक मरीज को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। यथार्थ हॉस्पिटल झांसी के मार्केटिंग डायरेक्टर अरुण कुमार पांडे द्वारा बताया गया कि आर्यसमाज महाराजपुर में इस शिविर को लगाने का मुख्य उद्देश्य गरीब और असहाय लोगों का निःशुल्क इलाज कर पीड़ित मानवता की मदद करना है। इसके अलावा जो लोग गंभीर बीमारी से पीड़ित है यदि समय रहते रोगी की गम्भीर बीमारी का पता लगा लिया जाए तो व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है। आर्य समाज महाराजपुर के प्रधान उमेश आर्य ने नागरिकों एवं ग्रामीणों से अपील की है कि अधिक से अधिक रोगियों को इलाज करवाने हेतु इस शिविर में सम्मिलित कराकर मानवता के इस कार्य मे सहयोग प्रदान करें।

# डिंडौरी में तेज रफ्तार वाहन शो-रूम में घुसा, बड़ा हादसा टला



**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिला मुख्यालय में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार वाहन अचानक नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से टकराने के बाद सीधे दूसरी साइड स्थित शो-रूम के अंदर जा घुसा। मिली जानकारी के अनुसार हादसा खनूजा फैशन हाउस के पास तेज रफ्तार कार पार्किंग में खड़ी गाड़ी से टकराया और फिर सीधे शो-रूम के भीतर घुस गया। जिससे खनूजा फैशन पैलेस में रखे फ्रिज और सड़क किनारे खड़ी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान दुकान में छोटे-छोटे बच्चों समेत कई लोग खरीदारी कर रहे थे। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन व चालक को हिरासत में ले लिया। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

# उर्मिल नदी का विषाक्त पानी पीने को मजबूर नगरवासी



**लवकुशनगर।** नगरपरिषद द्वारा सन 2018-19 में उर्मिल जल परियोजना अन्तर्गत करीब 14 करोड़ की लागत से नगर में पेय जल सप्लाई चालू की गयी थी। नगर को पानी तो घर घर पहुँचाया जा रहा है लेकिन पानी की शुद्धता पर हमेशा सवालिया निशान लगते रहे है। पहले तत्कालीन ठेकेदार द्वारा भी गन्दा और विषाक्त पानी नगर में सप्लाई किया जा रहा था उसी तर्ज पर वर्तमान ठेकेदार रविन्द कुमार दुबे मेसर्स छतरपुर द्वारा भी उर्मिल नदी प्लांट पर किसी प्रकार का कोई रखरखाव ना होने के कारण उसी पेय जल में मछवारे मछली पकड़कर वहीं प्लांट में काटकर धोते है और वही पानी नगर में सप्लाई कर लोगो को परोसा जा रहा है। नगरपरिषद की उदाशीनता इतनी की मजाल है कि ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई स्वीकृत की जाये।

# कलेक्टर ने प्रतिमा विसर्जन कुण्ड पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा शनिवार की रात में नगर के महाराजपुर संगम क्षेत्र तथा नावघाट में अचानक पहुंचे। यहाँ उन्होंने नगर पालिका परिषद द्वारा बनाये गये कृत्रिम भगवान गणेश प्रतिमा विसर्जन कुण्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने दोनों स्थानों पर मौजूद नगर पालिका परिषद स्टाफ और पुलिस अधिकारियों से प्रतिमा विसर्जन के विषय में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थल पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिये तथा आमजन की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मण्डला श्री हिमांशु भलावी, सीएमओ नगर पालिका परिषद श्री गजानन नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# जिले के छात्रावास चल रहे भगवान भरोसे ज़िम्मेदार अधीक्षक और चपरासी बने ईद के चाँद

## बिना अधीक्षक के चल रहा छात्रावास, गेट खुला और बच्चे घूम रहे सड़कों पर, जिम्मेदार नदारद



**जागरण मंडला।** जिले की शिक्षा व्यवस्था और छात्रावास में पढ़ रहें बच्चों का भविष्य अब भगवान के हाथों में क्योंकि शिक्षक हो या अधीक्षक केवल अपनी ड्यूटी करने और अपने आप को बताने आते है की हम है अभी गए नहीं है अगर आपको कोई समस्या हो हमे बतला देना अभी हम बाहर है, आज जिले की सरकारी शिक्षा व्यवस्था चौपट हो चुकी है जिला मुख्यालयों में बैठे सहायक आयुक्त हो या जिला शिक्षा अधिकारी या फिर सर्व शिक्षा अभियान के डी पी सी साहब अपने अपने चहेतों को कार्यालयों में अटेच या संलग्नीकरण कर आफ़िस या आसपास के स्कूलों में बुला लिए है और दुरांचल छेत्रो में स्कूल हो या फिर सब भगवान के भरोसें छोड़ दिए है!वही आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला जिले में शिक्षा विभाग की जितनी तारीफ की जाये उतनी कम है बच्चों के माता पिता बच्चों को पढ़ाने के लेकर चिंतित रहते हैं लेकिन शायद शिक्षक के पद पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी और.शिक्षक अपनी लापरवाही रवैये से बाज नहीं आते विगत दिनों निवास के पिपरिया में दिल दहला देने वाली घटना हुई जिसमें एक बच्ची की जान तक चली गई इसके बाद भी लापरवाह रवैये पर कोई सख्ती नहींऐसा ही नया मामला तहसील मुख्यालय घुघरी की ग्राम बम्हनी आदिवासी बालक छात्रावास का आया है जहां पर बच्चे तो छात्रावास में हैं लेकिन जिनको जिम्मेदारी दी गई है वही छात्रावास से नदारद नजर आते हैं।

*वहीं जब रेवांचल की टीम ने छात्रावास के बच्चों से बात की तो पता चला कि अधीक्षक महोदय तो तीन-चार दिनों से नहीं आये हैं भृत्य के भरोसे बच्चों को छोड़कर अपना समय घर में बिता रहे हैं जबकि छात्रावास में रहने और वहां रह रहे बच्चों की देखभाल के लिए ही उनकी नियुक्ति की गई है लेकिन कोई देखने वाला नहीं तो मनमर्जी से आना और जाना करते नजर आते हैं।*

***अधीक्षक महोदय सुखलाल जी***

*अधीक्षक सर तीन चार दिन से नहीं आये हैं चपरासी हैं जो वो भी सुबह शाम खाना बनाकर अपने घर चले जाते हैं बाकि हम लोग ही हैं यहां पर बाकि देखभाल करने वाला कोई नहीं है भगवान भरोसे रह रहें है!*

***आदिवासी बालक छात्रावास बम्हनी घुघरी***

*मैं पता करवा लेता हूं वैसे उनको छात्रावास में ही होना चाहिए अगर नहीं हैं तो दिखवा लेता हूं!*

***एल एस उईके***
***बी.ई.ओ.घुघरी मंडला***

> भारतीय मानसून के दौरान विघ्नहर्ता गणेश के दस दिवसीय उत्सव और देवी दुर्गा के नौ रात्रि उत्सव के बीच हिंदू पितृपक्ष, या पूर्वजों (पितरों) का पखवाड़ा मनाते हैं। यह वर्ष के कृष्ण पक्ष में, चंद्र मास का एक कृष्ण पक्ष है। यह पूर्वजों को भोजन कराने का समय है।



# पूर्वजों को भोजन कराने की 3,000 साल पुरानी परंपरा

● देवदत्त पटनायक ●

पूरे भारत में हिंदू पुरुष दक्षिण दिशा की ओर मुख करके, काले तिलों से मिश्रित चावल के गोलों को, जिन्हें पिंडा कहते हैं, जलस्रोतों के पास घास के पत्तों पर रखते हैं। वे इन पिंडों पर एक अनोखे तरीके से जल डालते हैं, जिसे तर्पण कहते हैं, और यह जल दाहिने हाथ के अंगूठे के ऊपर से, जो शरीर से दूर फैला होता है, डाला जाता है। कौवों को यह चावल खाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कई हिंदू परिवार इन दिनों के दौरान कार, घर या नए कपड़े खरीदने से भी कतराते हैं। कोई अनुबंध नहीं होता। कोई शादी-ब्याह नहीं होता। यह हिचकिचाहट दिलचस्प है क्योंकि यह हिंदुओं के मृतकों के साथ अस्पष्ट रिश्ते को उजागर करती है। पूर्वजों का सम्मान किया जाता है और उन्हें भोजन कराना ज़रूरी है, यह सच है। हालाँकि, मृत्यु से जुड़ी सभी चीज़ें अशुभ और अशुद्ध भी मानी जाती हैं। बेशक, सभी हिंदू इन प्रथाओं और रीति-रिवाजों का पालन नहीं करते। हिंदू धर्म विविध, गतिशील और जटिल है। लेकिन मृत्यु के बारे में मुख्यधारा की हिंदू समझ गरुड़ पुराण के प्रेत-कल्प से आती है, जिसकी रचना एक हज़ार साल पहले हुई थी और जिसे आज भी अंतिम संस्कार के दौरान पढ़ा जाता है। श्राद्ध की रस्म, जिसमें पूर्वजों को पिंडदान शामिल है, का पता गृह्यसूत्र साहित्य से लगाया जा सकता है, जो 2,500 साल से भी ज़्यादा पुराना है, जो परंपरा की एक उल्लेखनीय निरंतरता का संकेत देता है। पूर्वजों के लिए प्रयुक्त पितृ शब्द का पता हिंदू धर्म के सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद में भी लगाया जा सकता है।

## पितृ ऋण का भुगतान है पूर्वजों को भोजन कराना

यद्यपि पूर्वजों को भोजन और उपहार देने की प्रथा कई संस्कृतियों में पाई जाती है, हिंदू रीति-रिवाज अनोखे हैं क्योंकि वे पुनर्जन्म के तत्व मीमांसा पर आधारित हैं, न कि किसी शाश्वत परलोक पर। हिंदुओं का मानना है कि कुछ भी स्थायी नहीं है, यहाँ तक कि मृत्यु भी नहीं। मृतक अंततः अपने अवैतनिक ऋणों को चुकाने के लिए जीवितों की दुनिया में लौट आते हैं। ऋणों के बोझ से मुक्त होने के लिए जीवन आवश्यक है। मृतकों को भोजन कराना अपने आप में एक दायित्व है, ऋण का भुगतान। जीवित लोग अपने जीवन और विशेषाधिकारों के लिए मृतकों के ऋणी हैं। मृतक जीवितों की दुनिया में अपनी वापसी और जीवन चक्र को चालू रखने के लिए जीवितों पर निर्भर रहते हैं। शाश्वत वापसी का यह विचार हिंदू मन में अनुष्ठान और कथाओं के माध्यम से समाया हुआ है। वैदिक काल में, यज्ञ के बाद अनुष्ठान स्थल को अग्नि दी जाती थी, जैसा कि अंतिम संस्कार में किया जाता है और फिर वेदी को नई ईंटों से पुनर्निर्मित किया जाता था।



### अशुद्धता से जुड़ाव

हिंदू विश्वदृष्टि में मृत्यु की एक और अनूठी विशेषता इसका अशुद्धता से जुड़ाव है। यदि देवताओं के लिए दक्षिणावर्त दिशा निर्धारित की जाती है, तो पूर्वजों के लिए वामावर्त दिशा निर्धारित की जाती है। श्मशान जाने वालों को बिना स्नान किए घर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता। महिलाओं की स्थिति भी इससे बेहतर नहीं थी- मासिक धर्म वाली महिलाओं और विधवाओं को भी मृत्यु का स्पर्श माना जाता था और इसलिए उन्हें अलग-थलग कर दिया जाता था।

### पुनर्जन्म की अवधारणा

हिंदू धर्म में पुनर्मृत्यु और पुनर्जन्म की अवधारणा के प्रतीक स्वरूप ही त्योहार के बाद, देवताओं की मिट्टी की मूर्तियों को भी मृतकों की राख की तरह जलाशयों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इस प्रकार, देवता भी अनित्य हैं। वे इस वर्ष चले जाते हैं, लेकिन अगले वर्ष वापस आ जाते हैं, जो उपनिषदों में वर्णित पुनर्मृत्यु और पुनर्जन्म की वास्तविकता का अनुकरण करता है।

ओडिशा के जगन्नाथ पुरी मंदिर में, देवता लकड़ी, कपड़े और राल से बनी एक चमकीले रंग की प्रतिमा में विराजमान हैं। हर बारह साल में, देवता वृद्ध हो जाते हैं और उन्हें अपना पुराना शरीर त्यागना पड़ता है। एक गुप्त अनुष्ठान में, आँखों पर पट्टी बाँधे एक पुजारी द्वारा देवता की आत्मा को पुराने शरीर के एक गुप्त कक्ष से निकालकर नए शरीर के एक गुप्त कक्ष में रखा जाता है। फिर पुराने शरीर को दफना दिया जाता है, और नए शरीर को एक भव्य समारोह में मंदिर में स्थापित किया जाता है, ताकि वह एक बार फिर दैनिक, मासिक और वार्षिक अनुष्ठान चक्रों का अनुभव कर सके।

हिंदू पुनर्जन्म के बारे में अपने विचार भारतीय मूल के अन्य धर्मों, जैसे बौद्ध और जैन धर्म, के साथ साझा करते हैं। दुनिया के अधिकांश अन्य हिस्सों में मिथक एक ही जीवन और उसके बाद एक अनंत जीवन के इर्द-गिर्द बुने जाते हैं। भारत में भी लिंगायत और नव-बौद्ध जैसे समुदाय हैं जो पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते। जब आप मानते हैं कि आप केवल एक बार जीते हैं, तो यह जीवन और यह शरीर विशेष हो जाता है। दोनों को समाधियों और समाधियों के साथ याद किया जाता है, एक ऐसी प्रथा जिसका रूढ़िवादी हिंदू बहिष्कार करते हैं क्योंकि वे चाहते हैं कि मृतक आगे बढ़े, न कि वहीं रुके।

# क्या ट्रेड वार बन जाएगा संपूर्ण वार?

● रमण रावल ●

क्या भारत और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग दो राष्ट्राध्यक्षों के अहंकार की लड़ाई है? कतई नहीं। क्या अमेरिका पहली बार ऐसा कर रहा है? हर्गिज नहीं। क्या ट्रंप बेहद सनकी हैं, जिन्हें आगे-पीछे अपने ही देश में खारिज किया जा सकता है? बिल्कुल नहीं, वे सनक पर सवार तो हैं , लेकिन अमेरिका में खारिज नहीं किए जा रहे। तो सवाल यह है कि यह सिलसिला कहां जाकर रुकेगा। क्या भारत या ट्रंप के टैरिफ को न मानने वालों के खिलाफ युद्ध जैसे हालात भी पैदा किए जा सकेंगे?

दरअसल, यह आशंका 50-50 प्रतिशत मानी जा सकती है। प्रत्यक्ष और सीधे तौर पर युद्ध न भी करें तो स्थितियां वैसी बनाई जा सकती हैं, तो इससे कैसे निपटा जाए और क्या इसका कोई आसान या तत्काल हल संभव है? इसका जवाब बेहद कठिन है। उसकी वजह है कि अमेरिका के सौ साल की पृष्ठभूमि, जो दोगलेपन, धोखा, स्वार्थपरकता, लालच, ब्लैंकमेलिंग के अस्त्रों के जखीरे से भरी पड़ी है। फिर भी जो बड़ा बदलाव आया है, वह यह कि भारत, चीन, रूस जैसे देश दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। व्यापारिक और सामरिक दोनों तरह से। यही पीड़ा ट्रंप को विचलित कर रही है। इसमें यह समझना नादानी होगी कि यह लड़ाई जल्द समाप्त हो जाएगी या ट्रंप अपने कदम पीछे खींच लेंगे। यह भी न समझें कि भारत झुक जाएगा या 50 प्रतिशत दर के साथ व्यापार जारी रखेगा। हम भारतीयों को अब इतना तो स्वीकार करना चाहिए कि पिछले 11 वर्षों में हमने जो आर्थिक मजबूती हासिल की है, वह किसी गीदड़ भभकी से मटियामेट कर दी जाएगी। यह भी न समझें कि हम कटोरे वाले देश हैं, जो विकल्पहीन है। यह भी न मानें कि कोई फैसला या पंगा किसी तानाशाही प्रवृत्ति के तहत लिया जा रहा है। हम चूंकि विश्व की एक निरंतर मजबूत होती अर्थव्यवस्था वाले देश हैं तो इस तरह के दबावों, खटकरम से दो-चार होना रहेगा। आवश्यकता इस बात की है कि किसी मुश्किल दौर में हम धैर्य के साथ अपनी सरकार पर विश्वास रखते हुए उसके पीछे खड़े रह सकते हैं या कारणों की गहराई को जाने बिना आलोचना न करें ,उसे कोसे नहीं।



> क्या भारत या ट्रंप के टैरिफ को न मानने वालों के खिलाफ युद्ध जैसे हालात भी पैदा किये जा सकेंगे? यह आशंका 50-50 प्रतिशत मानी जा सकती है। प्रत्यक्ष और सीधे तौर पर युद्ध न भी करें तो स्थितियां वैसी बनाई जा सकती हैं, तो इससे कैसे निपटा जाये और क्या इसका कोई आसान या तत्काल हल संभव है?

## खिसियाहट से भरा अमेरिका

अमेरिका वही कर रहा है। वह विकल्पहीन है। वह बेहद आहत है। उसका अहंकार बेतरह जख्मी है, इस बात से कि उसके वार झेलने का माद्दा पैदा हो चुका है और उससे भी बड़कर पलटवार भी होने लगा है, जो उसके अस्तित्व के घनघोर संकट का संकेत है। ऐसे में वह बिलबिलायेगा, तिलमिलायेगा, बौखलायेगा, चौधराहट दिखायेगा और एक हड़बड़जदा व्यक्ति जो-जो कर सकता है, वह सब करेगा। तब हम कैसे पेश आए, कैसे दुनिया इसका मुकाबला करे ? यह भूल जाइये कि कोई भी देश अपने हितों से परे जाकर किसी दूसरे देश की मदद करेगा या कोई संयुक्त मोर्चा बनाकर अमेरिका के खिलाफ लड़ेगा। जो आज अमेरिका से पीड़ित हैं, कल वे उसकी गोद में बैठे थे और जो आज उसकी आंखों में झांककर देख रहे हैं, वे कल उससे गलबहिया करते नजर आ सकते हैं। यानी शिकार को लेकर झगड़ रहे शेरों के झुंड का ध्यान भटकने पर सियारों का समूह उस शिकार को लेकर भाग जाने में जरा-सी देर नहीं करेगा। यही 21वीं सदी में लोगों या राष्ट्रों का चरित्र है। खासकर पश्चिमी समाज का, जिन्होंने अतीत में दुनिया को फतह कर अपना झंडा लहराने से परहेज नहीं किया। देशों को गुलाम बनाया, दोहन किया, उन्हें कंगला बनाकर छोड़ दिया। फिर उन्हें आत्म निर्भर भी बनने नहीं देना चाहते, ताकि वे उन संपन्न देशों पर अवलंबित रहें।

## जितनी बड़ी आर्थिक शक्ति , वही सुपर पॉवर

हमें यह भी समझना होगा कि इस दौर की दुनिया महाभारत, हल्दी घाटी, प्लासी, हिरोशिमा, नागासाकी के जैसे युद्ध से फैसले करने की नहीं है। यह केवल मिसाइलों, परमाणु बम से हार-जीत का मसला भी नहीं है। इक्कीसवीं सदी में जो जितनी बड़ी आर्थिक शक्ति है, वह उतना बड़ा सफल, संपन्न और सक्षम देश है। वही सुपर पॉवर है, वही विश्व विजेता है। तो यह लड़ाई सुपर पॉवर के सिंहासन डोलने की है। यह संघर्ष विश्व व्यापार में एकाधिकार खोते जाने का है। यह दौर बरबाद होकर भी सामने वाले को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने के हठधर्मी आचरण पर अड़िग रहने का है।

**अनिश्चितता का दौर :** इस अनिश्चितता के दौर में दुनिया इतने खेमों में बंटी नजर आ रही है कि जब आपको लगे कि फलां देश अमेरिका के खिलाफ या आपके साथ है, तब वह पलक झपकने जितने अगले क्षण में व्हाइट हाउस में डिनर लेते नजर आने लगता है। भारत अभी इसी गहमागहमी,असंमजसता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। उसने घरेलू मोर्चे पर 11 साल जो संघर्ष किया,उससे तो जैसे-तैसे निपट ही रहा था, अब तो विदेशी ताकतें भी उनसे आ मिली प्रतीत होती हैं। इसलिये,भारत जैसे देश की असल परीक्षा तो अब शुरू हुई है। इससे वह कैसे और कब निपट पाता है,उसी पर उसका आगे का मार्ग निर्धारित होगा। भारत के भाग्य में शायद यही लिखा है कि वह कभी निश्चिंत होकर नहीं रह पायेगा। कभी आक्रांताओं से निपटना होगा तो कभी उसके अपने पीठ पर सवार होकर घात को उतावले रहेंगे। सामने दिख रहे शत्रु से लड़ना आसान रहता है, लेकिन उस दुश्मन के साथ मिले अपने लोगों को देख पाने की दिव्य दृष्टि नहीं है तो आप पृथ्वीराज चौहान की गति को प्राप्त हो सकते हैं।

# 'आनंद' के डॉ. भास्कर बनर्जी (अमिताभ बच्चन) का किरदार खुद से प्रेरित होकर लिखा था ऋषि दा ने

बाबू मोशाय, जिंदगी बड़ी होनी चाहिए। लंबी नहीं....। आनंद फिल्म का ये डायलॉग कभी इरिलिवेंट नहीं होगा। 'आनंद' ऋषिकेष मुखर्जी साहब की क्राफ्टमैनशिप का एक खूबसूरत नमूना है। और 'आनंद' की नींव पड़ी थी तब, जब राज कपूर बीमार पड़े थे।

1998 के एक इंटरव्यू में ऋषि दा ने बताया था कि वास्तव में आनंद एक बायोग्राफिकल फिल्म थी। आनंद बनाने का आईडिया मुझे तब आया था जब राज कपूर से मेरी दोस्ती हुई थी। ऋषि दा ने उस इंटरव्यू में कहा था। ऋषि दा ने ये भी कहा था कि आनंद उन्होंने तब लिखी थी जब राज कपूर बहुत बीमार पड़ गए थे।

अपनी बीमारी के दौरान राज कपूर ने खुद को बहुत आशावादी रखा था। जबकी राज कपूर की स्थिति उस वक्त बहुत गंभीर थी। वो पल्स की किसी बीमारी का शिकार हो गए थे। लेकिन आनंद की ही तरह राज कपूर भी बीमारी से टूटने की बजाय खूब हंसते-हंसाते थे। जबकी डॉक्टर भास्कर बनर्जी( अमिताभ बच्चन) के किरदार को ऋषि दा ने खुद से प्रेरित होकर लिखा था। वो एक ऐसा किरदार था जिसे अपने दोस्त की जान की बहुत परवाह थी।

उस इंटरव्यू में ऋषि दा ने राज कपूर के बारे में बात करते हुए कहा था,मैं सोचता था कि अगर राज को कुछ हो गया तो मेरा क्या होगा? हम सबको राज की बहुत फिक्र होती थी। लेकिन वो हमेशा मुस्कुराता रहता था। फिल्म में आनंद भी तो ऐसे ही मुस्कुराता रहता है। जबकी डॉक्टर भास्कर बनर्जी को उसकी फिक्र लगी रहती है। ऋषि दा ने उसी इंटरव्यू में ये भी बताया था कि उन्होंने मात्र 30 दिनों में आनंद फिल्म पूरी कर ली थी। शूटिंग के दौरान ऋषि दा राजेश खन्ना को पिंटू बाबा कहकर पुकारते थे। ऋषि दा के मुताबिक,राजेश खन्ना आनंद के लीड हीरो नहीं थे। अमिताभ ने लीड रोल निभाया था। क्योंकि अमिताभ का किरदार फिल्म में आखिर तक रहता है। अमिताभ के किरदार के ज़रिए ही हमें आनंद की कहानी पता चलती है। राजेश खन्ना सेकेंड लीड थे। अमिताभ बच्चन को डॉक्टर भास्कर बनर्जी के किरदार में कास्ट किए जाने के बारे में बात करते हुए ऋषि दा ने कहा था कि कुछ लोगों ने अमिताभ को उस रोल में कास्ट करने पर सवाल उठाए थे। लेकिन ऋषि दा फुल कॉन्फिडेंट थे कि उस रोल के लिए अमिताभ बच्चन एकदम परफेक्ट हैं। यही तो एक अनुभवी जौहरी की खासियत होती है। 27 अगस्त 2006 के दिन ऋषि दा 84 साल की उम्र में ये दुनिया छोड़ गए थे। अजब इत्तेफाक है कि ऋषि दा के एक और बहुत करीबी दोस्त, महान गायक मुकेश जी की मृत्यु भी ऋषि दा की मृत्यु वाले दिन से ठीक तीस साल पहले, 27 अगस्त 1976 को हुई थी। मुकेश जी के पुत्र नितिन मुकेश के गुरू थे ऋषि दा।

एक वक्त था जब नितिन मुकेश फिल्ममेकर बनना चाहते थे। बिल्कुल ऋषि दा जैसे। उन्होंने काफी वक्त तक ऋषि दा के असिस्टेंट की हैसियत से काम भी किया था। हालांकि, जब मुकेश जी की मृत्यु हो गई तो नितिनि मुकेश जी का फिल्मकार बनने का ख्वाब टूट गया। महान ऋषिकेश मुखर्जी साहब व महान मुकेश जी को शत शत नमन। राज कपूर जी को भी नमन।



> अपनी बीमारी के दौरान राज कपूर ने खुद को बहुत आशावादी रखा था। लेकिन आनंद की ही तरह राज कपूर भी बीमारी से टूटने की बजाय खूब हंसते-हंसाते थे। तभी डॉक्टर भास्कर बनर्जी(अमिताभ बच्चन) के किरदार को ऋषि दा ने खुद से प्रेरित होकर लिखा था। वो एक ऐसा किरदार था जिसे अपने दोस्त की जान की बहुत परवाह थी।

# वंशावली और रीति-रिवाजों से भी दुर्लभ रोगों का खतरा

## जेनेटिक म्युटेशन संबंधी अध्ययन



> अधिकतर लोग जानते हैं कि करीबी रिश्तेदारियों या खून के रिश्तों में शादी करने से बच्चों में दबे हुए रोग उभरने का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन जाति, कुल या कबीले के भीतर शादी करने के भी यही खतरे हैं, विशेषकर छोटे समुदायों में। इसीलिए बहुत से समुदाय अपने गोत्र या वंश में शादी करने से बचते हैं।

भारत में करोड़ों लोग दुर्लभ रोगों से पीड़ित हैं। जेनेटिक डाटा दुर्लभ आनुवंशिक रोगों की पहचान व इलाज करने में मददगार है। राष्ट्रीय मिशन के तहत दुर्लभ रोगों वाले 5,000 लोगों की मैपिंग का लक्ष्य है ताकि जीनोम सीक्वेंस के तहत नये जीन/वैरिएंट की खोज व जांच की जा सके। शोधकर्ताओं के अनुसार, अपने ही सांस्कृतिक समूह के भीतर विवाह के कारण जेनेटिक विविधता कम होती है व दुर्लभ रोगों की आशंका बढ़ती है।

दिल्ली के अस्पताल में भर्ती एक रोगी और बेंगलुरु के दूसरे अस्पताल में भर्ती रोगी में, दोनों में जाहिर तौर से आपसी संपर्क नहीं था। लेकिन दोनों में समान म्युटेशन (किसी जीन के डीएनए में स्थायी परिवर्तन) था और उनके सैंपलों में डीएनए का लम्बा डुप्लीकेट ब्लॉक भी था। इसलिए यह संभव है कि 200-300 साल पहले उनके पूर्वज समान हों। ऐसा अश्विन दलाल का कहना है। वह हैदराबाद स्थित सेंटर फॉर डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स के प्रमुख हैं। बच्चों में दुर्लभ जेनेटिक रोगों पर नये राष्ट्रीय मिशन की यह शीर्ष संस्था है और इस मिशन के अश्विन दलाल प्रमुख जांचकर्ता हैं। यह कार्यक्रम 2023 में आरंभ हुआ था ताकि दुर्लभ बीमारियों वाले 5,000 रोगियों की मैपिंग की जा सके और भारतीय उपमहाद्वीप में जो देशज दुर्लभ रोगों से जुड़े नये जीन/वैरिएंट हैं उनकी खोज की जा सके। आधिकारिक तौरपर भारत में 72 मिलियन रोगी ज्ञात दुर्लभ रोगों से पीड़ित हैं। दलाल की संस्था में अभी तक 2,000 रोगी पंजीकृत किये जा चुके हैं और 1,000 जीनोम सीक्वेंस किये जा चुके हैं। वैरिएंट्स खोजने के बाद उनकी सेलुलर व एनिमल मॉडल्स से अतिरिक्त जांच की जायेगी।

### सीसीएमबी में जेनेटिक म्युटेशन पर स्टडी

दलाल की संस्था से कुछ फासले पर ही सेंटर फॉर सेलुलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (सीसीएमबी) है, जिसकी लैब में कुमारस्वामी थंगराज एक मशीन की ओर इशारा करते हैं जिसमें एनिमल मॉडल के टिश्यू से भरी टेस्ट ट्यूब्स घुमायी जा रही हैं। यह हाल ही में दक्षिण भारत के एक छोटे से समुदाय में खोजे गये जेनेटिक म्युटेशन के अध्ययन का पहला चरण है। जब इस वैरिएंट के वाहक दोनों पैरेंट्स होते हैं, तो बच्चे में घातक रोग उत्पन्न हो सकता है। थंगराज के अनुसार यह म्युटेशन संभवतः हजारों साल पहले किसी पूर्वज के जीन में उत्पन्न हुआ होगा और चूंकि यह समुदाय अपने समूह के भीतर ही विवाह करता रहा, इसलिए यह वैरिएंट बरकरार रहा।

**अपने समुदाय में विवाह परंपरा का असर :** भारत में जाति, धर्म, क्षेत्र आदि के भीतर विवाह करने की परम्परा है। यहां जो लगभग 4,600 समुदाय हैं उनमें से एक-तिहाई से भी अधिक पर दुर्लभ जेनेटिक रोग होने का खतरा मंडराता रहता है। यह बात थंगराज व अमेरिका के जेनीटीसिस्ट डेविड रीश के 2017 के मौलिक अध्ययन से सामने आयी। यह भी कि वंशावली व सामाजिक रीति-रिवाजों से भी स्वास्थ्य खतरे उत्पन्न होते हैं।

**म्युटेशन कैटलॉग व जेनेटिक टेस्ट्स के फायदे :** रोगों का बोझ कम करने के लिए म्युटेशन कैटलॉग और जेनेटिक टेस्ट्स विकसित किये जाते हैं, जो स्क्रीनिंग के लिए इस्तेमाल किये जा सकते हैं। जेनेटिक डाटा न सिर्फ दुर्लभ रोगों की पहचान करने के लिए लाभकारी है बल्कि इलाज में भी सहायक है। एक दशक पहले आंध्र प्रदेश के व्यास समुदाय में पाया गया कि उनमें एक ऐसा जेनेटिक म्युटेशन था, जो कुछ मसल रिलैक्सटेंट को हम नहीं होने देता था।

# मुंबई में राहुल मिश्रा की काउचर सफलता और बप्पा की विदाई

● शोभा डे ●

पिछले दिनों कोली समुदाय ने समुद्र देवता को नारियल चढ़ाकर उनकी पूजा की, और खुशी-खुशी गाने और नाचते हुए मछली पकड़ने वाले जहाज शांत हो चुके समुद्र में उतरे। मैं हमेशा इस दिन को डिंपल कपाड़िया से जोड़ती हूं। क्यों? क्या आपको याद है 'बॉबी' (1973) में डिंपल ने झूठ बोले कौआ काटे गाने पर कितनी शानदार तरीके से डांस किया था? यह फिल्म राज कपूर की किशोर प्रेम पर मोहित सूरी की 'सैयारा' जैसी एक सिनेमाई श्रद्धांजलि थी।



**बप्पा की विदाई में दिखता है 'हार्डकोर' मुंबईकर व्यवहार :** गणेश उत्सव के दौरान 'हार्डकोर' मुंबईकर व्यवहार गर्व से दिखाया जाता है। मुंबई पूरी तरह पागल हो जाती है! पिछली रात, मैं कोलाबा कोसेवे पर एक खड़े ट्रक के पीछे घंटों फंसी रही। ट्रक पर एक विशाल गणपति की मूर्ति थी, जो एक सिंहासन पर विराजमान थी। गणेश जी आवन जावन गाने पर नाच रहे लोगों को बिना पलक झपकाए देख रहे थे। यह वॉर-2 का हिट आइटम सॉन्ग है। भगवान को रोशनी देने के लिए एक अजीब सा उपकरण था, जिस पर तेज स्टूडियो लाइटें और छह पुराने लाउडस्पीकर लगे थे। हम कैफे लेओपोल्ड के ठीक बाहर थे, कुछ विदेशी पर्यटक बीड़ी पी रहे थे और हाथी वाले भगवान के सामने नाच रहे लोगों को देख रहे थे। कोलाबा कोसेवे हमेशा ऐसा ही रहता है - पागलपन भरा... कुछ मील दूर, मुंबई के मशहूर ढोल-ताशा वाले - सभी महिला वादक - सुंदर ढंग से सजाए गए मंडपों में गणपति को ले जा रहे थे। यह एक अद्भुत नजारा था। नौ गज की पैठणी साड़ी, पेशवा नथ और पगड़ी पहने सुंदर लड़कियां थीं। प्रोफेशनल ढोल-ताशा ग्रुप जाति, धर्म का भेदभाव नहीं करते - कई मुस्लिम लोग पूरे साल प्रशिक्षण लेते हैं और टोपी और दाढ़ी पहनकर जुलूस में शामिल होते हैं।



> गणेश उत्सव के दौरान 'हार्डकोर' मुंबईकर व्यवहार गर्व से दिखाया जाता है। मुंबई पूरी तरह पागल हो जाती है! ट्रक पर एक विशाल गणपति की मूर्ति जो एक सिंहासन पर विराजमान थी। गणेश जी आवन जावन गाने पर नाच रहे लोगों को बिना पलक झपकाए देख रहे थे। मैं इस बात से हैरान हूं कि दस दिनों के उत्सव के बाद, विसर्जन के समय मुंबईवासी भगवान को कितनी भावुकता से विदा करते हैं।

हर बार जब बप्पा हमारे बीच आते हैं तो मेरा हार्डकोर महाराष्ट्रीयन दिल उत्साह और उमंग बढ़ जाता है। मैं इस बात से हैरान हूं कि मुंबई गणपति की कितनी दिल से पूजा करता है। और दस दिनों के उत्सव के बाद, विसर्जन के समय मुंबईवासी भगवान को कितनी भावुकता से विदा करते हैं।

### शानदार पार्टियों ने माहौल बनाया

मुंबई में भारी बारिश के दौरान रैविसेंट हाई टी हुई। भारी बारिश के बावजूद, मुंबई की जानी-मानी हस्तियां दिल्ली के चावला परिवार को बधाई देने आईं। यह परिवार 1991 से बेहतरीन सिल्वरवेयर बनाता आ रहा है। इस बार खास बात यह थी कि ताज के गेटवे रूम की दीवारों पर सबसे सुंदर हाथ से बुने फारसी कालीन का संग्रह लगाया गया था। ये कालीन असली कलाकृति की तरह थे और उनकी कीमत 50 लाख से भी ज्यादा थी। जब तक मैं वहां पहुंची, उनमें से ज़्यादातर बिक चुके थे। फिर दिल्ली से कुछ और शानदार चीजें आईं।

### डिजायनर राहुल मिश्रा का न्यू लॉन्च

राहुल मिश्रा ने मुंबई में अपना कस्टोमाइज्ड कलेक्शन लॉन्च किया। उनका डेब्यू मुंबई के उग्र फैशन मार्केट में एक शानदार और सुरुचिपूर्ण एंट्री थी। इससे मिश्रा की अच्छी समझ और सेंसिबिलिटी का पता चलता है। वह जानता है। और मेसन राहुल मिश्रा में उनकी शानदार ओपनिंग नाइट पार्टी में आमंत्रित मेहमान भी यह जानते थे। ध्यान दें- यह एक मेसन है। कोई मामूली अटेलियर नहीं। सफलता धीरे-धीरे आती है। पेरिस हाईट काउचर वीक स्प्रिंग/समर 2025 में उनके शानदार शो के बाद मिश्रा की सफलता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। 'द पेल ब्लू डॉट' नाम का यह कलेक्शन (वुमन्स वियर डेली) की लेखक जेनिफर वेइल ने 'डिस्टोपिया से यूटोपिया तक' शीर्षक वाले रिव्यू में भी उल्लेखित किया। इंटरव्यू में राहुल ने कहा, हम कपड़ों के माध्यम से संदेश देने के लिए निश्चित रूप से संघर्ष करते हैं। मुझे यकीन नहीं है कि ओपनिंग के लिए मुझे जो हल्का हरा गाउन भेजा गया था, वह जलवायु परिवर्तन का संदेश दे रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### बीयू में बीस तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के लिए द्वितीय और तीसरे वर्ष में ट्रांसफर और परीक्षा स्टेटस बदलने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर जाकर 300 रुपये की आवेदन शुल्क के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 सितंबर रखी गई है। बीयू अनुसार ट्रांसफर के लिए दोनों संबंधित शिक्षण संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। स्वाध्यायी से नियमित व नियमित से स्वाध्यायी परीक्षा स्टेटस परिवर्तन भी समय-समय पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार किया जा सकेगा। छात्रों को सूचित किया गया है कि आवेदन प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी करें ताकि किसी भी परेशानी से बचा जा सके।

### अभिनेता बिंदु दारा सिंह ने की सीएम से भेंट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शनिवार को भोपाल में फिल्म अभिनेता बिंदु दारा सिंह ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सीएं डॉ मोहन यादव से भेंट की। डॉ. यादव ने इस दौरान बिंदु दारा सिंह का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया और उन्हें प्रदेश की फिल्म निर्माण नीति से अवगत कराया। बिंदु दारा सिंह मध्यप्रदेश प्रवास पर हैं। उन्होंने अपने अभिनय करियर में जय वीर हनुमान, विष्णु पुराण और अयोध्या की रामलीला जैसी फिल्मों और सीरियलों में हनुमान की भूमिका निभाई है। इसके अलावा जाने-माने अभिनेता और पहलवान दारा सिंह के पुत्र बिंदु ने कई फिल्मों में अभिनय किया है।

### वन विहार में गिद्ध दिवस पर हुई कार्यशाला


**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में शनिवार को बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सहयोग से गिद्ध जागरूकता दिवस पर जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विहार वीथिका में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्धों की भूमिका और उनके संरक्षण के बारे में जागरूक करना था। अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस हर साल सितंबर के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस दौरान यहां एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 30 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर गिद्धों के महत्व, संरक्षण के तरीकों के साथ-साथ पशुओं के उपचार में डायक्लोफेनिक दवा से होने वाली हानियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्लास्टिक प्रदूषण से गिद्धों के स्वास्थ्य को होने वाले खतरे पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पीसीसीएफ वन्यजीव शुभरंजन सेन, सीसीएफ आर श्रीनिवास मूर्ति, पूर्व संचालक संगीता सक्सेना, डॉ. स्वाति मोघे, सहायक संचालक वन विहार डॉ. रूही हक उपस्थित रहे।

# हर साल 1500 करोड़ कमाकर देने वाला जिला आबकारी जर्जर भवन में काम करने को मजबूर

## बारिश के दौरान गिर सकती है छत, दहशत में काम कर रहे कर्मचारी, विभाग नहीं दे रहा सात लाख की मंजूरी

**नितिन साहनी, भोपाल**

आबकारी का जिला अमला प्रदेश सरकार को हर साल लगभग 1500 करोड़ का रेवेन्यू देता है, लेकिन इसके बाद भी भोपाल में आबकारी अधिकारी और कर्मचारी दहशत के साये में काम करने को मजबूर हैं। बात अगर सब इंस्पेक्टर और उनसे नीचे के स्तर के कर्मचारियों की करें तो स्टाफ को अपने ऑफिस जाने में भी डर लग रहा है। भोपाल में आबकारी विभाग के कंठ्रोल रूम में ही जिला आबकारी नियंत्रक, उप निरीक्षक एवं स्टाफ का कार्यालय लगता है। कोहेफिजा में पुराने सचिवालय की यह बिल्डिंग लगभग 60 साल पुरानी है और लगभग जर्जर हो चुकी है। भोपाल में आबकारी के कुल 17 वृत हैं, इनमें से 16 शहरी क्षेत्र में हैं। आलम ये है कि इस दो मंजिला भवन के निचले तल पर ही एक ही कक्ष में दो-दो सब इंस्पेक्टरों के बैठने की जगह बनाई गई हैष और ऊपरी मंजिल खंडहर हो चुकी है। इसी भवन में आबकारी के लगभग 40 आरक्षकों और अन्य स्टाफ के लिए जगह बनाई गई है। यहां काम करने आ रहे स्टाफ के अनुसार इस भवन की छत कभी भी गिर सकती है, ऐसे में तेज बारिश होते ही स्टाफ अपनी जान बचाने के लिए सीट छोड़कर सुरक्षित स्थान पर खड़े हो जाते हैं।

भोपाल के कोहेफिजा में स्थित आबकारी विभाग का किराए का जर्जर दफ्तर, जिसमें काम कर रहे कर्मचारी दहशत में रहते हैं।

### जिला कार्यालय और वेयर हाउस भी दयनीय हालत में

बात अगर जिला कार्यालय की करें तो यहां के हालत भी बेहतर नहीं है। जिला कार्यालय में ही सहायक आयुक्त समेत सहायक जिला आबकारी आधिकारी और बैठते हैं। यह भवन भी लगभग सौ साल पुराना है। इस भवन को लेकर शत्रु संपत्ति के संबंध में विवाद कोर्ट में चल रहा है। इस भवन की हालत अब भी बेहद जर्जर हो रही है। यहां की अधिकांश दीवारों में दरारें और सीलन के साथ छत से लीकेज होने लगा है। यही हाल विदेशी शराब के वेयरहाउस का भी है। वह भी किराए की संपत्ति हैं और मरम्मत के आभाव में किसी भी दिन गिर सकता है।

### आबकारी कंट्रोल रूम की तत्काल मरम्मत की जरूरत

लगातार आ रही कर्मचारियों की शिकायतों के बाद सहायक आबकारी आयुक्त ने इसकी लिखित जानकारी विभाग के मुख्यालय भेजने के साथ ही आबकारी कंट्रोल रूम की तत्काल मरम्मत के लिए सात लाख रूपए का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को गए हुए भी दो माह से ज्यादा का समय बीत चुका है लेकिन अब तक विभाग की तरफ से इसकी मंजूरी नहीं मिली है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल भी इस संबंध में प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन तब भी विभाग ने फंड ही जारी नहीं दिया था।

> यह सही है कि कर्मचारी डर के माहौल में काम कर रहे हैं। जिला आबकारी नियंत्रक के दफ्तर की हालत तो बेहद ज्यादा जर्जर है। मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेज चुके हैं लेकिन मंजूरी नहीं मिली है।
>
> ■ **वीरेंद्र धाकड़**, सहायक आयुक्त, भोपाल

### सॉफ्टवेयर में उलझे इंजीनियर डेढ़ साल में चार बार बदलाव

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग में डेढ़ साल में चौथी बार सॉफ्टवेयर बदला जा रहा है। अब पूरे काम को वर्क मैनेजमेंट सिस्टम से पीएम गति पर शिफ्ट किया जा रहा है। एक साल में चौथी बार हो रहे इस बदलाव से इंजीनियरों ने विरोध शुरू कर दिया है। सॉफ्टवेयर की मदद से सड़क नापने का ट्रायल शुरू किया गया। इसमें तकनीकी समस्याओं से परेशान एक इंजीनियर ने कहा कि तकनीक जरूरी है, लेकिन काम के लिए स्टाफ भी दिया जाए। पीडब्ल्यूडी के आंतरिक कार्य के लिए वर्क मैनेजमेंट सिस्टम से इस पूरे कार्य को आईपीएमएस सॉफ्टवेयर पर शिफ्ट किया जा रहा है। इससे ऑनलाइन बिल बनेंगे और प्रोजेक्ट संबंधी पूरी जानकारी अपडेट हो पाएगी। इसकी ट्रेनिंग होनी थी, लेकिन एक महीने में ट्रेनिंग नहीं हो पा रही है। इस बीच इंजीनियरों को निर्देश दिए गए कि वे पीएम गति पोर्टल पर डेटा अपडेट करें। इसका ट्रायल शुरू हुआ, लेकिन कई समस्याएं आ रही हैं। इसके बाद इंजीनियरों ने लिखा कि प्रत्येक इंजीनियर को आउटसोर्स पर एक कंप्यूटर ऑपरेटर दिया जाए, ताकि वे डेटा फीड कर सकें। इस नुकसान से विभाग का मूल काम प्रभावित हो रहा है। पर पहले से काम चल रहा है। पीडब्ल्यूडी में एक साल पहले लोकपथ एप लॉन्च किया गया था। इसमें विभाग ने प्रदेश की सभी सड़कों का डेटा भी अपडेट करवाया जा रहा है। यह जनता की मदद के लिए बनाया गया था ताकि वे सीधे गड्ढे या खराब सड़क का फोटो खींचकर अपलोड कर सकें। ताकि तत्काल मेंटेनेंस किया जा सके।

# एम्स के विवादित अधीक्षक पुरवार की विदाई, कमेटियों का नए सिरे से गठन

## डॉ. गुप्ता बने अधीक्षक, पुरवार के खिलाफ साथियों का फूटा गुस्सा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में प्रशासनिक बदलाव शुरू हो गया है। एम्स के डायरेक्टर रहे डॉ. अजय सिंह के जाते ही यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। एम्स के नए चैयरमेन डॉ. महापात्रा, प्रभारी निदेशक डॉ. माधवानंद कर और डिप्टी डायरेक्टर आईपीएस संदेश जैन ने निर्णय लेना शुरू कर दिए है। इसी क्रम में एम्स अस्पताल के अधीक्षक पद पर ढाई साल से काम कर रहे डॉ. शंशाक पुरवार को बदल दिया गया है। उनकी जगह पर ईएनटी विभाग के डॉ. विकास गुप्ता को अस्पताल अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही पूर्व डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने जो विभिन्न कमेटियां गठित की थी, उनको भंग करते हुए नए सिरे से कमेटियों का गठन किया जा रहा है।



### डायरेक्टर की कृपा से बने रहे अधीक्षक



डॉ. शशांक पुरवार एम्स में माइक्रोबायोलॉजी विभाग में प्रोफेसर हैं। उन्हें लगभग ढाई साल पहले पूर्व डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने एम्स अस्पताल का अधीक्षक बनाया था। डॉ. पुरवार ने करीब 29 महीने तक प्रभारी के तौर पर अधीक्षक पद संभाला। जबकि एम्स हॉस्पिटल के अधीक्षक का पद प्रतिनियुक्ति का पद है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इस पद के लिए बकायदा एक प्रक्रिया के तहत किसी का चयन किया जाता है। लेकिन डॉ. अजय सिंह की कृपा और उनकी गुड लिस्ट में होने के कारण डॉ. शशांक पुरवार इस अहम पद पर ढाई साल तक काबिज रहे।

**इन कमेटियों का गठन**
- स्टेट सेक्शन कमेटी
- प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग कमेटी
- हॉस्टल मॉनीटरिंग कमेटी

**एम्स की फैकल्टी ने गिनाईं कमियां**

एम्स भोपाल की फैकल्टी का एक व्हाटसअप ग्रुप है। जैसे ही इस ग्रुप में डॉ. शशांक पुरवार ने अपने रिलीविंग की खबर शेयर की और अपने कार्यकाल की खूबियों को गिनाया तो बाकी सदस्यों ने उनकी ट्रोलिंग शुरू कर दी। एक फैकल्टी सदस्य ने लिखा कि आप इतना अच्छा काम कर रहे थे तो आप को रिलीव क्यों किया गया। किसी ने लिखा कि पूर्व डायरेक्टर की कृपा से 29 महीने तक पद पर बैठे रहे। अन्य सदस्यों ने भी बीते 29 महीनों के कामकाज को बेकार बताया।


### सरकारी अस्पतालों में आउटसोर्स पैथोलॉजी जांचों पर विवाद

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में मरीजों की जांचें आउटसोर्स एजेंसियों से कराने के फैसले पर विवाद खड़ा हो गया है। प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री को पत्र लिख इस फैसले का कड़ा विरोध किया है। संगठन ने कहा है कि यह कदम न सिर्फ मेडिकल कॉलेजों की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करेगा, बल्कि इससे भ्रष्टाचार और निजी एजेंसियों का दबदबा बढ़ेगा। एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय और महासचिव डॉ. अविनाश ठाकुर ने पत्र में लिखा है कि 22 वर्षों से प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों में मरीजों की जांचें पैथोलॉजी विभाग द्वारा की जाती रही हैं। डॉक्टरों ने सुझाव दिया है कि पैथोलॉजी में पहले से हैं पर्याप्त संसाधन मध्यप्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में पैथोलॉजी विभाग पहले से ही पूरी तरह सक्षम है। आधुनिक जांच सुविधाओं के साथ ही एमडी/एमएस और एमबीबीएस के सैकड़ों विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में जांच कार्य को निजी एजेंसी को सौंपना न तो उचित है और न ही इसकी कोई जरूरत है।

# कंपनियों की टैगिंग खाद संकट के लिए जिम्मेदार

## शिवराज का दावा, जीएसटी घटने से बढ़ेगी किसानों की आय

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खाद संकट के लिए कंपनियों द्वारा की जाने वाली टैगिंग को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि देश के सभी सीएम और राज्यों के कृषि मंत्रियों को साफ कर दिया गया है कि किसी भी कीमत पर खाद में टैगिंग बर्दाश्त नहीं होगी। शिवराज ने टैगिंग और तय कीमत से अधिकपर खाद बेचने को अवैध करार देते हुए कहा कि ऐसी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अब उर्वरकों के कच्चे माल पर जीएसटी 18 से घटाकर 5 प्रतिशत होने से कीमतें कम होंगी, जिसका लाभ किसानों को मिलेगा। कृषि मंत्री के अनुसार एमपी समेत पूरे देश में फर्टिलाइजर की पर्याप्त मात्रा है लेकिन इसकी वितरण व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। शिवराज ने दावा किया कि इसे जरूरत के मुताबिक उपलब्ध कराया जाएगा और कालाबाजारी पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।



### कांग्रेस पर साधा निशाना, ट्रंप टैरिफ को बताया बेअसर

शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में शनिवार को प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस खाद के संकट को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रही है। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के दौर में एलपीजी, टेलीफोन, स्कूटर, मोटरसाइकिल, खिलौने तक खरीदने के लिए लाइन लगती थी। बीजेपी सरकार ने वह लाइन खत्म कर डिजिटल लाइन के जरिए योजनाओं का सीधा लाभ लोगों को पहुंचाना शुरू कर दिया है। इधर ट्रंप के द्वारा लगाए टैरिफ को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। चौहान ने कहा कि भारत राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। विरोधियों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को हरअच्छे काम पर भी ट्रंप दिखाई देते हैं।

### तीन हफ्ते में देनी होगी फसल बीमा की रकम

केंद्रीय मंत्री ने जीएसटी दरों में हुई कमी का जिक्र करते हुए कहा कि दूध और पनीर जीएसटी से बाहर होने और मक्खन और घी पर जीएसटी कम होने का फायदा आम जमता को होगा। चौहान ने बताया कि संरक्षित फल, सब्जियां, मेवे और मछलियों पर भी जीएसटी दरें घटाई गई हैं. इसके साथ ही सीमेंट और लोहे पर भी जीएसटी कम होने से घर बनाना सस्ता होगा। उन्होंने कहा कि सैटेलाइट बेस्ड तकनीक से फसल नुकसान की जांच से फसल बीमा का अधिक फायदा किसानों को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि क्लेम के 21 दिनों में अगर कंपनी ने किसान को भुगतान नहीं किया नहीं दिया तो कंपनी को ब्याज भी देना होगा।

**जीएसटी में बदलाव किसानों के लिए वरदान, होगी हजारों की बचत**

प्रेस वार्ता में ट्रेक्टरों और कृषि यंत्रों की कीमतों का उदाहरण देते हुए बताया पहले 35 एचपी ट्रैक्टर 6 लाख 50 हजार में आता था यह घटकर अब 6 लाख 9 बजार में मिलेगा इससे 41 हजार की बचत होगी। इसी तरह 75 एचपी ट्रैक्टर पहले 10 लाख तक आता था जो अब 9 लाख 37 हजार में मिलेगा, जिससे 63 हजार की बचत होगी। उन्होंने कहा कि अन्य कृषि उपकरण जैसे पॉवर टिलर, थ्रेशर, सीड ड्रिल, प्लाउ, कल्टीवेटर और कटर बार जैसे यंत्रों पर भी किसानों को हजारों की बचत होगी और खेती भी आधुनिक हो जाएगी।

# प्रदेश में पहली बार पैर की हड्डी से बनाया जबड़ा, उस पर उगाए 13 दांत

## ट्यूमर के कारण खराब हो गया था युवती का जबड़ा




**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** एम्स भोपाल ने एक महिला के खराब हो चुके जबड़े को हटाकर पैर की हड्डी से नया जबड़ा बनाने का काम किया है। मध्य प्रदेश में यह पहली बार है जब पैर की हड्डी से जबड़ा बनाया गया है। जानकारी अनुसार एम्स में डेंटल विभाग के डॉक्टरों ने 24 वर्षीय युवती का निचला जबड़ा पैर की हड्डी से दोबारा बनाकर उसमें 13 दांत भी लगाए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि यह सेंट्रल इंडिया का पहला मामला है, जिसमें 12 सेंटीमीटर का जबड़ा पैर की हड्डी से तैयार कर दांतों का ट्रांसप्लांट किया गया।

**मुंह में सूजन और भोजन करने में हो रही थी परेशानी:** चिकित्सक ने बताया कि युवती लंबे समय से मुंह में सूजन और बार-बार पस बनने की समस्या से जूझ रही थी। जांच में सामने आया कि उसे बेनाइन ओडोन्टोजेनिक ट्यूमर नामक गंभीर बीमारी है। यह ट्यूमर इतना बड़ा हो चुका था कि 12 सेंटीमीटर तक जबड़े को प्रभावित कर चुका था। इसके साथ 13 दांत भी निकालने पड़े। मरीज का चेहरा विकृत हो गया था और सामान्य भोजन करना संभव नहीं था। मानसिक तौर पर भी वह गहरी निराशा में चली गई थी। डॉक्टरों ने बताया कि केस तकनीकी दृष्टि से चुनौतीपूर्ण था, बल्कि मरीज की जिंदगी और आत्मविश्वास दोनों को नया जीवन देने वाला साबित हुआ।

**ऐसे किया पूरा ऑपरेशन**

एम्स के डेंटल विभाग के प्रमुख डॉक्टर अंशुल राय और उनकी टीम ने सबसे पहले पूरा ट्यूमर और प्रभावित जबड़े का हिस्सा हटा दिया। इसके बाद मरीज की खोई हुई हड्डी और दांतों को बदलने के लिए टीम ने उसकी पैर की हड्डी (इलीएक क्रेस्ट) का इस्तेमाल कर नया जबड़ा तैयार किया। इस दौरान 9 डेंटल इम्प्लांट लगाए गए। साथ ही लगातार काउंसलिंग से मरीज को मानसिक मजबूती भी दी गई। छह महीने बाद जब पैर की हड्डी जबड़े से पूरी तरह जुड़ गई, तब 13 नए दांत लगाए गए। इसके बाद मरीज का चेहरा सामान्य हो गया और वह फिर से सामान्य तरीके से भोजन करने लगी। इस दुर्लभ सर्जरी का नेतृत्व डॉ. अंशुल राय ने किया। उनके पास डेंटल इंप्लांट और मैक्सोफेशियल सर्जरी का 20 वर्षों का अनुभव है।

### गोविंदपुरा सिविल अस्पताल में किया गया पहला प्रसव

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** सिविल हॉस्पिटल गोविंदपुरा में शनिवार को पहला प्रसव हुआ। पटेल नगर रायसेन रोड निवासी महिला की नॉर्मल डिलीवरी हुई है। मां और बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ हैं। प्रसूता की प्रसव पूर्व जांच अस्पताल में ही की गई थी। प्रसव सेवाएं शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को 15-20 किलामीटर दूर जयप्रकाश अस्पताल, काटजू या हमीदिया अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। 20 दिन पहले ही सीएमएचओ डॉ.मनीष शर्मा ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान प्रसूताओं के लिए डाइट की व्यवस्था, अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि आवश्यक संसाधनों की तत्काल स्वीकृति कर सितंबर माह से प्रसव सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए थे। विगत दो माह के दौरान अस्पताल के निरंतर निरीक्षण और स्टाफ के मोटिवेशन से सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है।

# अलर्ट रहें, वर्षा के चलते सावधानी बरतकर अतिरिक्त व्यवस्थाएं रखें

**सीएम ने स्टेट सिचुएशन रूम से ली जानकारी**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को मंत्रालय स्थित स्टेट सिचुएशन रूम से प्रदेश में हो रही वर्षा से उपजी परिस्थितियों एवं अनंत चतुर्दशी पर्व पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा कर वर्षा की जानकारी लेकर आपदा प्रबंधन एवं गणेश मूर्तियों के समुचित विसर्जन की व्यवस्थाओं का लाइव प्रदर्शन भी देखा। उन्होंने कहा कि सभी अलर्ट मोड में रहें और सतर्कता बरतें। कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न होने पाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर उज्जैन, इंदौर, जबलपुर, रतलाम, ग्वालियर और भोपाल से वीसी से बात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने कहा कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की सभी व्यवस्थाएं अपडेट रहें। पूरा अमला सजग रहकर देर रात तक यह काम पूरा कर ले। वर्षा की स्थिति में अतिरिक्त सावधानी रखें। आवश्यक हो तो लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स को बाढ़ आपदा राहत का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण किसी को भी परेशान न होना पड़े। इसके लिए समुचित तैयारी रखें। आपदा मोचन दल क्विक रिस्पांस कर प्रभावितों को रेस्क्यू करें। प्रभावितों की सहायता के लिए सभी पूरी संवेदनशीलता और मानवता की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री शिव शेखर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, एडीजी सिविल डिफेंस सुश्री प्रज्ञा श्रीवास्तव, एडीजी इंटेलिजेंस श्री ए. साईं मनोहर, सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े, अपर सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री आलोक सिंह सहित अधिकारी उपस्थित थे।



**प्रक्रिया** | यूजी-पीजी में ढाई लाख सीटें खाली, पीजी में गत वर्ष से बढ़ा प्रवेश का ग्राफ, यूजी में स्थिति नीचे

# प्रवेश प्रक्रिया पर ब्रेक, विशेष सीएलसी में 28 हजार दाखिले

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने अखिरकार शनिवार को प्रदेश के 1200 निजी और सरकारी कालेजों में यूजी-पीजी की सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पर पूर्णविराम लगा दिया है। एक सप्ताह चले विशेष सीएलसी (कालेज लेवल काउंसलिंग) पहले आओ पहले पाओ में प्रदेशभर में करीब 28 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। यूजी और पीजी में कुल प्रवेश की संख्या पांच लाख पहुंच गई है। हालांकि अभी भी लाखों की संख्या में सीटें रिक्त हैं, लेकिन समय अवधि शेष नहीं होने के कारण उक्त सीटें रिक्त ही बनी रहेंगी। सूबे में 1200 निजी और सरकारी कालेजों में साढ़े सात लाख सीटें हैं। उक्त सीटों पर प्रवेश कराने के लिए विभाग ने चार माह तक आनलाइन काउंसलिंग का आयोजन किया है। चार माह चली कड़ी मशक्कत में विभाग को पांच लाख आठ हजार विद्यार्थियों को प्रवेश मिल सका है। अभी भी करीब ढाई लाख से ज्यादा सीटें रिक्त हैं। यह सीटें रिक्त हीं बनी रहेंगी। शनिवार को खत्म हुई अंतिम कउंसलिंग तक पीजी में एक लाख 32 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। जबकि गत वर्ष एक लाख 15 हजार विद्यार्थियों के प्रवेश हुए थे। यह संख्या पिछले साल के मुकाबले 17 हजार अधिक है। इसके बाद पीजी में करीब साठ हजार सीटें रिक्त बनी हैं, जो अब रिक्त ही रहेंगी। वहीं यूजी में कुल 3 लाख 76 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। यह संख्या पिछले साल में मुकाबले 15 हजार कम है। गत वर्ष 2024-25 में यूजी में तीन लाख 91 हजार 580 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ था। वर्तमान में दो काउंसलिंग और तीन सीएलसी और एक विशेष सीएलसी के बाद विभाग तीन लाख 76 हजार विद्यार्थियों का ही प्रवेश करा सकता है। अभी भी विभाग गत वर्ष के आंकड़े से करीब 15 हजार के फासले पर बना हुआ है। हालांकि विभाग ने गत वर्ष भी प्रवेश प्रक्रिया पर दस सितंबर पर ब्रेक लगा दिया था। इसके बाद भी यूजी के प्रवेश के ग्राफ से 15 हजार की दूरी बनी हुई है। हालांकि अभी प्रक्रिया शुरु नहीं की जाएगी।

### चार माह तक चली आनलाइन काउंसलिंग



उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को कालेज तक पहुंचाने के लिए सात से ज्यादा काउंसलिंग की। इस दौरान विशेष सीएलसी सहित चार माह तक चली प्रवेश प्रक्रिया जारी रही। अंतिम सीएलसी में पहले आओ पहले पाओ का आयोजन किया गया। यह विशेष सीएलसी शनिवार शाम पांच बजे तक कालेजों में संचालित की गई है। इसमें में यूजी-पीजी में कुल 28 हजार प्रदेश हुए हैं। इसमें यूजी में 16 हजार और पीजी में 12 हजार विद्यार्थी हैं।

**यूजी-पीजी की स्थिति**

| | |
|---|---|
| यूजी सीटें | 5,54,901 |
| यूजी प्रवेश | 3,76,000 |
| रिक्त सीटें | 1,78,901 |
| पीजी सीटें | 1,94,825 |
| पीजी प्रवेश | 1,32,000 |
| रिक्त सीटें | 62,825 |
| यूजी-पीजी की सीटें | 7,49,726 |
| यूजी-पीजी प्रवेश | 5,08,000 |
| यूजी-पीजी की रिक्त सीटें | 2,41,726 |

| कोर्स | सीट | प्रवेश |
|---|---|---|
| बीएड | 58,977 | 57,000 |
| बीएबीएड | 3,450 | 2,900 |
| पीबीएड | 150 | 127 |
| एमपीएड | 325 | 308 |
| बीईएलएड | 100 | 90 |
| एमएड | 3,160 | 2,050 |
| बीपीएड | 1,550 | 1,392 |
| बीएससीबीएड | 2,800 | 2,160 |
| बीएड-एमएड | 250 | 185 |

### एनसीटीई कोर्स में 67 हजार प्रवेश

विभाग ने एनसीटीई कोर्स के तीसरे अतिरिक्त राउंड पर शनिवार को विराम लगा दिया है। उक्त अतिरिक्त राउंड में विभाग को ज्यादा विद्यार्थियों के प्रवेश नहीं मिल हैं। महज डेढ हजार विद्यार्थी ही प्रवेश लेने के लिए कालेजों तक पहुंच पाए हैं। मौजूदा स्थिति में 560 बीएड कालेजों की 58 हजार 977 सीटों में से 57 हजार विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। अभी करीब दो हजार सीटें बीएड की रिक्त रह गई हैं, जो अभी रिक्त ही रहेंगी।

**एनसीटीई कोर्स की स्थिति**

| | |
|---|---|
| प्रदेश में कालेज | 775 |
| प्रदेश में कुल सीट | 70,762 |
| कुल प्रवेश | 67,000 |



# दिल्ली में कई इलाके जलमग्न मथुरा में 20 कॉलोनियां डूबीं

नई दिल्ली में यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बाढ़ के चलते कई इलाके पानी में डूब चुके हैं।

## 5 दिन से बंद चारधाम यात्रा शुरू



दिल्ली में बाढ़।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यमुना कहर बरपा रही है। शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उप्र के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में जलमग्न हैं। आगरा में ताज महल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गईं। उत्तराखंड में शनिवार से चारधाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितंबर के बीच यात्रा रोकी दी थी। चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है। उधर, पंजाब में 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में फिलहाल बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे राहत की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग, सिंथन मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंसे हैं। श्रीनगर और बड़गाम में भारी बारिश से कई इलाके जलमग्न हैं। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी।

### हरियाणा: ड्रेन टूटा 150 गाड़ियां डूबीं

हरियाणा के बहादुरगढ़ में मंगेशपुर ड्रेन टूटने से हालात बेहद गंभीर हैं। भारी बारिश व ड्रेन ओवरफ्लो होने से औद्योगिक क्षेत्र से आवासीय कॉलोनियां तक पानी में डूब चुकी हैं। हालात से निपटने सेना बुलानी पड़ी है। आर्मी की डोट डिवीजन हिसार से आए 80 से ज्यादा जवान एसडीआरएफ 40 जवानों के साथ राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। ड्रेन के टूटने से शहर के विवेकानंद नगर, छोटूराम नगर पूरी तरह जलमग्न हैं। लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मारुति कंपनी के स्टॉकयार्ड में खड़ी 150 से ज्यादा गाड़ियां पानी में डूब चुकी हैं।

# म्यांमार बॉर्डर तक कर सकेंगे ट्रेन से सफर

## भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ा आइजोल

*आइजोल, जेएनएन। मिजोरम की राजधानी आइजोल पहली बार भारतीय रेलवे के नेटवर्क से जुड़ गई है। अब यह रेल लाइन आगे बढ़कर म्यांमार बॉर्डर तक जाएगी। जिसका सर्वे किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर के तीसरे सप्ताह में 8071 करोड़ से बनी 51.38 किमी लंबी बइरबी-सायरंग रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे। यह न केवल मिजोरम के लिए ऐतिहासिक पल है, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कनेक्टिविटी से जोड़ने का मार्ग भी तैयार करेगा। इससे न केवल मिजोरम का देश से संपर्क मजबूत होगा, बल्कि म्यांमार बॉर्डर तक रेल लाइन ले जाने का रास्ता भी साफ हो जाएगा।*




**2014** में परियोजना की शुरुआत

**2025** में 20 जून को अंतिम सेक्शन हरतकी-सायरंग के साथ काम पूरा

**8071** करोड़ रुपए परियोजना की लागत

**200** किमी लंबर सड़क नेटवर्क तैयार करना पड़ा

**87** छोटे पुल

**55** बड़े पुल

**48** सुरंगे

**51.38** किलोमीटर लंबी रेल लाइन

**38** किमी से अधिक सुरंगों की लंबाई

**48** घंटे में दिल्ली का सफर पूरा

**12** घंटे में पहुंच सकेंगे गुवाहाटी

**11 साल** की मेहनत के बाद सपना हुआ साकार

**07 घंटे** सड़क मार्ग से लगते थे

**03 घंटे** में अब पूरा होगा सफर

रिपोर्ट : कनाड़ा की धरती से बब्बर खालसा, सिख फॉर जस्टिस फैला रहे आतंक

# कनाड़ा ने खालिस्तानी आतंकियों को पनाह, फंडिंग की बात स्वीकारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खालिस्तानी आतंकियों को कनाडा में पनाह दी गई है, उनसे जुड़े टेरर ग्रूप वहां से फंडिंग जुटा रहे हैं। यह बात खुद कनाडा ने स्वीकार की है। कनाडा की एक रिपोर्ट ने देश के अंदर खालिस्तानी आतंकवादियों से जुड़े आतंकी फंडिंग की बात कबूली है। यह एक खुला रहस्य रहा है कि कनाडा बब्बर खालसा, इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन और सिख फॉर जस्टिस जैसे खालिस्तानी आतंकवादी समूहों को सुरक्षित पनाह देता है, लेकिन ओटावा (कनाडा की राजधानी) ने पहली बार स्वीकार किया है कि ये समूह कनाडाई धरती से काम कर रहे हैं और वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं। कनाडा के वित्त विभाग ने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण से जुड़े जोखिमों पर एक आकलन (असेसमेंट) रिपोर्ट जारी किया है, इसमें कहा गया है कि खालिस्तानी समूहों पर 'कनाडा सहित कई देशों में धन जुटाने का संदेह है।'

रिपोर्ट में कनाडा और राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) कैटेगरी के तहत हमास और हिजबुल्लाह जैसे अन्य सूचीबद्ध आतंकवादी समूहों के बीच वित्तीय संबंधों की ओर भी इशारा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, कनाडा में क्रिमिनल कोड के तहत सूचीबद्ध कई आतंकवादी संस्थाएं जो पीएमवीई श्रेणी के अंतर्गत आती हैं, जैसे हमास, हिजबुल्लाह और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन को कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों द्वारा कनाडा से वित्तीय सहायता प्राप्त करते पाया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये चरमपंथी समूह ड्रग्स की तस्करी और ऑटो चोरी के लिए चैरिटेबल ट्रस्ट का उपयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा एक आतंकी वित्तपोषण केंद्र (टेरर फाइनेंसिंग हब) बना हुआ है, इसने खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा गैर-लाभकारी क्षेत्र (नॉन प्रॉफिट सेक्टर) के दुरुपयोग और प्रवासियों से डोनेशन की ओर भी इशारा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है, इन समूहों के पास पहले कनाडा में एक व्यापक धन उगाहने वाला नेटवर्क था, लेकिन अब इसमें छोटे-छोटे लोग शामिल हो गए हैं, जो इस उद्देश्य के तरफ निष्ठा रखते हैं, लेकिन किसी खास समूह से कोई विशेष जुड़ाव नहीं है। इसने इन समूहों के लिए क्राउडफंडिंग और क्रिप्टोकरेंसी जैसी फंडिंग के तमाम तरीकों को भी चिह्नित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आतंकवादी समूह 'अपने ऑपरेशन को बनाए रखने के लिए विविध फंडिंग विधियों का उपयोग करते हैं, जिसमें एमएसबी और बैंकिंग क्षेत्रों का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग, राज्य वित्तपोषण, चैरिटेबल और एनपीओ क्षेत्र का दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधि शामिल है।'



### सरकार की नाकामी का पुख्ता सबूत

कनाडा में खालिस्तानियों की मौजूदगी वीडियो, गवाहों की गवाही और मीडिया रिपोर्टों से स्पष्ट है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वहां की सरकार की तरफ से कार्रवाई की स्पष्ट कमी रही है। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया गया है। अब ध्यान इस बात पर है कि क्या उनके उत्तराधिकारी यानी नए प्रधानमंत्री मार्क सेर्नी इस गलती को सुधारेंगे।

# 'बीड़ी और बिहार' पोस्ट से बैकफुट पर कांग्रेस, सोशल मीडिया चीफ का इस्तीफा

**पटना, जेएनएन।** बीड़ी और बिहार वाली पोस्ट पर कांग्रेस लगातार बैकफुट पर है। केरल कांग्रेस की तरफ से भी इसको लेकर लगातार सफाई दी जा रही है। कांग्रेस की केरल इकाई के अध्यक्ष सनी जोसेफ ने शनिवार को इस बारे में बयान जारी किया। उन्होंने स्वीकार किया कि पार्टी की राज्य इकाई के सोशल मीडिया हैंडल पर 'बीड़ी और बिहार' वाला तंज पोस्ट करते समय गलती हुई और सतर्कता की कमी रही। राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद इस पोस्ट को एक दिन पहले ही हटा दिया गया था। जोसेफ ने कहा कि 'एक्स' पर की गई पोस्ट को हटा दिया गया है और राज्य नेतृत्व के निर्देशानुसार सोशल मीडिया की टीम द्वारा माफी मांगी गई है। उधर, मामले में केरल कांग्रेस यूनिट के सोशल मीडिया चीफ ने इस्तीफा दे दिया है। जोसेफ ने कहा, जिम्मेदार व्यक्तियों-सोशल मीडिया हैंडल के 'एडमिन' और इसके संचालक ने इसे वापस ले लिया है और माफी मांगी है।

# राहुल की नागरिकता को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता को ईडी ने किया तलब

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईडी ने कर्नाटक के उस भाजपा कार्यकर्ता को तलब किया है,जिसने राहुल गांधी के ब्रिटिश नागरिक होने का दावा करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। व्यक्ति की पहचान एस. विग्नेश शिशिर के रूप में हुई। उन्हें ९ सितंबर को केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी सूत्रों ने बताया कि शिशिर से फेमा के प्रावधानों के तहत मामले से संबंधित सभी साक्ष्य, दस्तावेज के साथ पेश होने को कहा गया है। फेमा के तहत ईडी व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की शिकायतों की जांच करता है। इस मामले पर कांग्रेस से प्रतिक्रिया मांगी गई तो टिप्पणी से इनकार कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान: क्रिकेट मैच के दौरान धमाका,1 की मौत

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में क्रिकेट मैच के दौरान क्रिकेट ग्राउंड में आईईडी धमाका हुआ, जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि कई घायल हैं। धमाके के बाद मैदान में अफरा-तफरी मच गई और घायलों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने इसे टारगेटेड अटैक बताया है। घटना खार तहसील के काउसर क्रिकेट ग्राउंड में हुई। धमाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें लोग जान बचाने के लिए यहां-वहां भागते नजर आ रहे हैं, जबकि पीछे से घने धुएं का गुबार उठता दिखाई देता है। धमाके के बाद मैदान में अफरा-तफरी मच गई और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। फिलहाल सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि यह घटना आतंकवादी हमले की ओर इशारा करती है। ये हमला ऐसे समय में हुआ है जब हाल के दिनों में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार आतंकी घटनाएं सामने आ रही हैं।

### 12 हजार करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़

**हैदराबाद, जेएनएन।** मीरा-भयंदर पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए तेलंगाना में विशाल ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने फैक्ट्री से करीब 32 हजार लीटर रॉ एमडी ड्रग्स बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस कार्रवाई में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच की शुरुआत महज 200 ग्राम ड्रग्स की बरामदगी से हुई थी, जिसकी कीमत 25 लाख रुपए आंकी गई थी, लेकिन मामले की गहराई में जाते-जाते पुलिस को ड्रग्स निर्माण की इस बड़ी फैक्ट्री तक पहुंच मिली। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए नेटवर्क का देश और विदेशों में फैला हुआ बड़ा कनेक्शन सामने आ रहा है। बरामद की गई ड्रग्स और फैक्ट्री से मिले केमिकल्स को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई ड्रग्स माफिया के खिलाफ मीरा-भयंदर पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# दिल्ली के लाल किले से एक करोड़ का स्वर्ण कलश चोरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के लाल किला परिसर में जैन धर्म के धार्मिक अनुष्ठान के दौरान करीब 1 करोड़ रुपए मूल्य का सोने और रत्नों से जड़ा कलश चोरी हो गया। यह कलश 760 ग्राम सोने का था, जिस पर 150 ग्राम हीरे, माणिक और पन्ना जड़े हुए थे। जानकारी के अनुसार, कारोबारी सुधीर जैन रोजाना पूजा के लिए यह कलश लेकर आते थे। मंगलवार को इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी मौजूद थे। स्वागत समारोह और अफरातफरी के बीच कलश मंच से अचानक गायब हो गया। दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध की गतिविधियां कैद हुई हैं। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान कर ली है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लाल किला परिसर में जैन समुदाय का यह धार्मिक अनुष्ठान 15 अगस्त पार्क में चल रहा है और 9 सितंबर तक जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दी जाए। इस चोरी की घटना ने आयोजकों और श्रद्धालुओं में हड़कंप मचा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी ताकि आगे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस के मुताबिक, लाल किला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध की गतिविधियां रिकॉर्ड हुई हैं। अधिकारियों ने संदिग्ध की पहचान कर ली है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस टीम मौके पर फॉरेंसिक जांच और गवाहों से पूछताछ में जुटी है।



गायब हो गया सोने का कलश, जड़े हुए थे हीरे

# मैक्रों-मोदी की फोन पर बात यूक्रेन में जल्द शांति पर जोर

## एआई समिट में शामिल होंगे फ्रांसीसी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने भारत-फ्रांस के द्विपक्षीय संबंधों और यूक्रेन में जल्द शांति बहाली पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने दोहराया कि भारत का हमेशा से यह रुख रहा है कि बातचीत और कूटनीति से युद्ध का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाए और क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल की जाए। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत-फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी। उन्होंने कहा कि बातचीत में रक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की सकारात्मक समीक्षा की गई। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मेरी बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की और उसकी सराहना की। यूक्रेन में जल्द शांति बहाली के प्रयासों सहित अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।



मोदी ने फरवरी 2026 में भारत में होने वाले एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए राष्ट्रपति मैक्रों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे फ्रांसीसी राष्ट्रपति का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। दोनों नेताओं ने वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार संपर्क में रहने और मिलकर काम करने पर सहमति जताई। यह चर्चा यूक्रेन-रूस संघर्ष के बीच चल रही कूटनीतिक गतिविधियों के बीच हुई है।

# माल्या-नीरव जैसे भगोड़ों को रखने तिहाड़ जेल तैयार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत से भागे आर्थिक अपराधियों को वापस लाने की कोशिशों को तेज करते हुए ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की टीम ने तिहाड़ जेल का दौरा किया। यह दौरा जुलाई में हुआ था, जिसमें ब्रिटेन से आए ५ मेंबर्स शामिल थे। दौरे का मकसद ब्रिटेन की अदालतों को यह दिखाना था कि भारत में प्रत्यर्पित किए गए आरोपियों को तिहाड़ जेल में सुरक्षित और बेहतर माहौल मिलेगा। हाल ही में ब्रिटेन की अदालतों ने तिहाड़ की स्थिति को लेकर कई मामलों में भारत की प्रत्यर्पण याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इससे भारत सरकार ने ब्रिटेन को आश्वासन दिया कि किसी भी आरोपी के साथ जेल में न तो मारपीट होगी और न ही गैरकानूनी पूछताछ की जाएगी। टीम ने तिहाड़ का निरीक्षण किया और वहां मौजूद कैदियों से बातचीत भी की। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अगर जरूरत पड़ी तो जेल परिसर में एक खास 'एन्क्लेव' बनाया जाएगा,जहां विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे हाई-प्रोफाइल आरोपी सुरक्षित रह सकें। भारत के अभी तक 178 प्रत्यर्पण अनुरोध विदेशों में लंबित हैं, जिनमें से करीब 20 अकेले ब्रिटेन में फंसे हैं।

# दोस्त से नाराज ज्योतिषी ने दी थी ब्लास्ट की धमकी

### मुंबई को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली से सटे नोएडा में बैठे 51 साल के अश्विनी कुमार ने दोस्त को फंसाने के लिए ऐसी चाल चली कि उसमें खुद ही फंस गया। नोएडा पुलिस ने अनुसार, दो साल पहले आरोपी को जिस दोस्त ने जेल पहुंचाया था, उससे बदला लेने के लिए आरोपी ने दो साल तक साजिश रची और उसे शुक्रवार को अंजाम दिया। हालांकि, वह साजिश में खुद ही फंस गया। नोएडा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। अब मुंबई पुलिस उसके मोबाइल का डेटा और कॉल डिटेल खंगाल रही है। दरअसल, नोएडा में ज्योतिषी बनकर रह रहे 51 साल के अश्विनी कुमार ने मुंबई पुलिस को फिरोज के नाम से एक धमकी भरा मैसेज भेजा था। इसमें कहा था कि पूरी मुंबई को बम से उड़ाने की व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को यह धमकी मुंबई पुलिस को मिली। इससे मुंबई में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस ने हाई अलर्ट जारी किया। जांच के दौरान पता चला कि यह धमकी नोएडा से भेजी गई। इसके बाद नोएडा पुलिस सक्रिय हो गई और आरोपी को देर रात सेक्टर-79 से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ने यह खतरनाक कदम सिर्फ दोस्त से पुरानी दुश्मनी निकालने के लिए उठाया।

**बदले की आग में बना खतरनाक प्लान**

अश्विनी कुमार बिहार के पटना जिले के पाटलिपुत्र इलाके का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने पुराने दोस्त फिरोज से गहरी नफरत करता है। दरअसल, साल 2023 में फिरोज ने उसके खिलाफ पटना के फुलवारी शरीफ थाने में मामला दर्ज कराया था। इस केस के चलते अश्विनी को तीन महीने जेल में रहना पड़ा, तभी से वह बदले की आग में जल रहा था और मौके की तलाश में था। आखिरकार, उसने अपने दोस्त को फंसाने के लिए एक ऐसा प्लान बनाया, जिसने पूरे मुंबई पुलिस महकमे को हिला दिया। अश्विनी ने फिरोज का नाम इस्तेमाल करते हुए मुंबई पुलिस को बम धमाके की झूठी धमकी भेजी। उसकी योजना थी कि पुलिस इस मामले में फिरोज को गिरफ्तार कर ले और उसे जेल की सजा भुगतनी पड़े।

**कॉल डिटेल और मोबाइल का डेटा खंगाल रही पुलिस**

फिलहाल मुंबई पुलिस ने इस धमकी को फर्जी करार दिया है, लेकिन शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि अश्विनी तकनीक का इस्तेमाल कर दूसरों को फंसाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस उसकी कॉल डिटेल, मोबाइल डेटा और डिजिटल रिकॉर्ड खंगाल रही है। यह पूरा मामला न केवल मुंबई बल्कि देशभर की सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ा सबक है कि कैसे निजी दुश्मनी के चलते कोई व्यक्ति इस हद तक जा सकता है और पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था को संकट में डाल सकता है।

हेल्थ टेस्ट | मेट्रो, टियर-1 शहरों में 23 से 30 साल की 200 से ज्यादा महिलाओं के सर्वे में खुलासा

# 50% जेन जी युवतियां नियमित करवा रहीं फर्टिलिटी जांच

**बैंगलूरु, जेएनएन।** बेहतर प्लानिंग के साथ भविष्य की योजनाएं बनाने वाली मौजूदा युवा पीढ़ी अपनी आर्थिक स्थिति की तरह ही भविष्य में माता-पिता बनने के लिए भी अधिक योजनाबद्ध तरीके अपना रही है। एक सर्वे में पाया गया है कि 50 फीसदी से ज्यादा जेन जी युवतियां अपने नियमित हेल्थ टेस्ट में फर्टिलिटी जांच करवाना चाहती हैं, ताकि भविष्य में जब वे परिवार के बारे में प्लानिंग करें तो किसी तरह की स्वास्थ्य दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इतना ही नहीं, 25 से 30 उम्र वर्ग की युवतियां अंडे फ्रीज कराने की तकनीक के बारे में भी पूछताछ कर रही हैं।

मदरहुड हॉस्पिटल्स और नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर ने मेट्रो, टियर-1 शहरों में 23 से 30 साल की 200 से ज्यादा महिलाओं से राय लेकर पूरे देश में एक सर्वे किया। इनमें ज्यादातर वे युवतियां शामिल थीं, जो जेन जी यानी 1997 और 2012 के बीच पैदा हुई हैं। यह सर्वे युवा पेशेवरों में फर्टिलिटी, समय-सीमा और प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में सोच को दर्शाता है। सर्वे के अनुसार, भारत की 51 फीसदी जेन जी युवतियां अपने नियमित हेल्थ टेस्ट में फर्टिलिटी जांच करवाना चाहती हैं। सर्वे में जेन जी युवा माता-पिता बनने के लिए भी अधिक योजनाबद्ध तरीके अपनाना चाहती हैं और 40 फीसदी उत्तरदाताओं ने 28 से 32 साल के बीच बच्चे पैदा करने की योजना बनाई है। लगभग 25 फीसदी महिलाओं ने फर्टिलिटी समय-सीमा और गर्भावस्था के बारे में पूछा, जिसमें उन्होंने फर्टिलिटी के लिए उम्र को महत्वपूर्ण कारक बताया। सर्वे के अनुसार, युवा महिलाओं में पीसीओसी (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) और मोटापा बढ़ रहा है, साथ ही देर से शादी और माता-पिता बनने का चलन भी बढ़ रहा है।

बैंगलुरु के मदरहुड हॉस्पिटल्स की फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ. शरवरी मुंडे ने कहा, सर्वे से यह भी पता चलता है कि 20 फीसदी महिलाओं को पीसीओसी, थायरॉइड और एंडोमेट्रियोसिस जैसी बीमारियां हैं, लेकिन वे अभी भी डॉक्टर से सलाह लेने के बारे में नहीं सोच रही हैं। उन्होंने कहा कि फर्टिलिटी स्वास्थ्य में जीवनशैली भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जैसे कि हृदय स्वास्थ्य। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी जीवनशैली के बारे में जागरूक होना चाहिए, जो सिर्फ प्रोसेस्ड फूड, शराब या धूम्रपान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें फैड डाइट और बिना डॉक्टर की सलाह के सप्लीमेंट लेना भी शामिल है।

डॉ. मुंडे ने आगे कहा, फर्टिलिटी के बारे में जागरूकता की जरूरत है। अंडे फ्रीज करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन इस बारे में जागरूकता अभी भी कम है कि इसे कब और क्यों करना चाहिए।



### धीरे-धीरे उम्र, फर्टिलिटी के बारे में जागरुकता बढ़ रही

पुणे स्थित नोवा आईवीएफ की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. रश्मि निपहाडकर ने कहा, धीरे-धीरे उम्र और फर्टिलिटी के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि भारतीय महिलाओं के अंडाशय, विदेशी महिलाओं की तुलना में 6 साल पहले बूढ़े हो जाते हैं, और हम 20 के दशक के अंत और 30 के दशक की शुरुआत में महिलाओं में एएमएच लेवल में गिरावट देख रहे हैं। उन्होंने कहा, फर्टिलिटी धीरे-धीरे कम होती है, लेकिन 35 साल के बाद सबसे ज्यादा गिरावट होती है और अगर फर्टिलिटी टेस्ट को हेल्थ चेकअप की तरह रूटीन बना दिया जाए, तो युवा महिलाएं सोच-समझकर प्रजनन संबंधी फैसले ले सकती हैं।

# नए बस स्टैंड की सड़क पर गड्ढों का साम्राज्य

## हजारों यात्रियों को रोजाना झेलनी पड़ रही परेशानी हादसों का खतरा बढ़ा बस मालिक बोले हालत असहनीय, नगर पालिका ने दिया रेनोवेशन का भरोसा



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले का नया बस स्टैंड बदहाली की जीती-जागती तस्वीर बन चुका है। बस स्टैंड परिसर की सड़कें जगह-जगह गड्ढों से भर गई हैं। बारिश के चलते इन गड्ढों में पानी भर जाने से हालात और भी खतरनाक हो गए हैं। जहां यात्रियों को बस तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है, वहीं वाहन चालक और बस मालिक भी रोजाना हादसों के खतरे से जूझ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि नगर पालिका यहां दुकानों से किराया वसूलती है, लेकिन सुविधाएं देने में पूरी तरह नाकाम है। न यहां समुचित साफ-सफाई है, न रोशनी, न ही शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था।

**प्रमुख अड्डा, लेकिन सुविधाएं नदारद :** नया बस स्टैंड जिलेभर से आने-जाने वाले हजारों यात्रियों का केंद्र है। बावजूद इसके यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यात्री, बस मालिक और बस ऑपरेटर संघ सभी की मांग है कि नगर पालिका तुरंत ठोस कार्रवाई करे, वरना यह बस स्टैंड हादसों और परेशानियों का अड्डा बनकर रह जाएगा।

**किचास ओर पानी से निकलना बनी चुनौती :** वही जब हमारी टीम ने यात्रियों से इस संबंध में चर्चा की तो यात्रियों ने कहा कि हर दिन हमें कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ता है। कभी जूते खराब होते हैं तो कभी सामान गिर जाता है। महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हैं। नगर पालिका सिर्फ वसूली करती है, लेकिन सुविधाएं देने में पूरी तरह नाकाम है।

**जल्द मरम्मत हो वरना स्थिति होगी और भी खराब :** इसी दौरान जब हमारी टीम ने बस स्टैंड परिसर में गड्ढे और कीचड़ के संबंध में बस मालिक मिंकू अली से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि बस स्टैंड की सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि गाड़ियों की बार-बार सर्विसिंग करानी पड़ती है। टायर और सस्पेंशन तक जल्दी खराब हो जाते हैं। यात्रियों को चढ़ने-उतरने में भी परेशानी होती है। प्रशासन को जल्द से जल्द मरम्मत करनी चाहिए, वरना स्थिति और बिगड़ जाएगी।

**रोजाना हो रहे हादसे- प्रद्युम्न सिंह :** बस ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष प्रदुम्न सिंह सोलंकी का कहना है कि हम कई बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। गड्ढों की वजह से रोजाना हादसे हो रहे हैं। हाई मास्क लाइटें बंद होने से शाम ढलते ही पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है। यह स्थिति यात्रियों और बस चालकों दोनों के लिए खतरनाक है। नगर पालिका प्रशासन को तत्काल कदम उठाना चाहिए।

### इनका कहना है

इस मामले पर इस बार की परिषद की बैठक में चर्चा की गई है, और इस पर विचार कर कार्य योजना तैयार की गई है, इसमें अभी थोड़ा समय लगेगा, जिस पर अभी हाल ही में मरम्मत करवाई जा रही है, जितने भी गड्ढे है सभी को समतल करवाया जा रहा है, लेकिन जल्द ही टेंडर लगने के बाद बस स्टैंड की सड़क, लाइट, पार्क, पीने के पानी की व्यबस्था, शौचालय इत्यादि की मरम्मत कर सभी का रेनोवेशन करवाया जाएगा।

**ओमपाल सिंह भदौरिया**
**सीएमओ, नगर पालिका टीकमगढ़**

# जैन समाज ने शोभायात्रा के साथ किया पर्युषण पर्व का समापन



**टीकमगढ़।** जैन समाज द्वारा दस दिवसीय पर्युषण पर्व का समापन रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। बारिश के कारण निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे देरी से यह यात्रा दोपहर 2:30 बजे बाजार जैन मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा जब नगर की सड़कों से गुज़री तो श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

**रिमझिम बारिश में भक्ति का उत्साह :** जवाहर चौक, नजाई बाजार, लुकमान चौराहा, सिंधी धर्मशाला और मिश्रा तिराहा होते हुए शोभायात्रा नजरबाग मैदान तक पहुंची। रिमझिम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। दयोदय बैंड और अहिंसा दिव्य घोष की मधुर धुनों पर भक्तों ने नृत्य कर उत्सव का उल्लास बढ़ाया। महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में और पुरुष पारंपरिक सफेद वस्त्र पहनकर जुलूस में शामिल हुए।

**विमान में विराजमान श्रीजी की आरती :** यात्रा के दौरान विमान में विराजमान श्रीजी की जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। नजरबाग के सामने विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला एवं नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसी क्रम में यामाहा शोरूम के सामने पिंटू जैन बड़गांव एवं उनकी धर्मपत्नी ने आरती उतारी। इसी क्रम में सिंधी धर्मशाला, नंदीश्वर कॉलोनी और सेल सागर तिराहे पर स्थानीय नागरिकों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। वहीं, पूर्व नपा अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी गोस्वामी ने भी श्रीजी की आरती कर आशीर्वाद लिया। सेल सागर चौराहे पर अंकित जैन, संजय नायक और संयम चतुर्वेदी सहित अन्य लोगों ने समाजजनों का स्वागत किया।

**धर्मसभा में मिला संदेश :** नजरबाग मैदान पहुंचने के बाद धर्मसभा का आयोजन किया गया। मुनि सौम्य सागर एवं जयंत सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीते दस दिनों तक सभी ने अपनी क्षमता अनुसार भगवान की पूजा-अर्चना कर पुण्य अर्जित किया है। क्षमावाणी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में किसी से भी बैर भाव या दुश्मनी नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने विरोधियों से भी क्षमा याचना कर सच्चे जैन धर्म का पालन करें।

# वृत्त स्तरीय वन विभाग खेल कूद प्रतियोगिता में दक्षिण पन्ना के वनकर्मियों का जलवा





**पन्ना।** कल दिनांक 07 सितम्बर 2025 को छतरपुर के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में वन विभाग द्वारा 28वीं वन वृत्त स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना एवं निवाड़ी जिले के वन अधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए तथा विभिन्न खेलों में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

दक्षिण पन्ना वनमंडल के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। कार्यवाहक वनपाल भानु प्रताप सिंह ने सीनियर वर्ग में गोला फेंक, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और पैदल चाल जैसी विधाओं में सात स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर उन्हें प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। इसी प्रकार कार्यवाहक वनपाल श्रीमती भारती कुमार ने वेटरन महिला वर्ग में लॉन्ग जंप, गोला फेंक, भाला फेंक और डिस्कस थ्रो में चार स्वर्ण पदक जीतकर दक्षिण पन्ना का नाम रोशन किया। वनरक्षक राहुल पटेल ने बैडमिंटन सिंगल वर्ग में एक स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं वनरक्षक संदीप राय ने गोला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रकार दक्षिण पन्ना वनमंडल के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर एक अलग पहचान स्थापित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य वन मंत्री दिलीप अहिरवार रहे। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक छतरपुर वन वृत्त नरेश यादव, कार्य आयोजना अधिकारी बृजेंद्र श्रीवास्तव, दक्षिण पन्ना वनमंडल अधिकारी अनुपम शर्मा एवं छतरपुर वनमंडल अधिकारी सर्वेश सोनवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 20ङ्क21 सितम्बर को भोपाल में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि नवंबर माह में उत्तराखंड में अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित होगी।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में वोट सत्याग्रह यात्रा रैली को लेकर बैठक संपन्न



**पन्ना ।** आगामी 9 सितंबर को पूरे देश में वोट सत्याग्रह यात्रा रैली का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में पन्ना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट सत्या गृह यात्रा रैली जिला मुख्यालय में निकाली जाएगी तथा वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए नगर भ्रमण करते हुयें महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि वर्तमान में केंद्र तथा राज्य में जो सरकारें हैं वह वोट चोरी करके बनी हुई सरकारे हैं उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी का मामला आंकड़ों के साथ उजागर किया है तथा जनता के सामने सच्चाई लाई है। इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी के लड़ाई लगातार जारी है वोट सत्याग्रह रैली को लेकर पूरे जिले में ब्लॉक मुख्यालय पर प्रभारी नियुक्त किए गए थे जिन्होंने बैठक लेते हुए पूरे जिले से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शामिल होने के संबंध में रुपरेखा तैयार की है दिनांक 9 सितंबर को 12:00 बजे छत्रसाल पार्क से रैली प्रारंभ होगी तथा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित बैठक को पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने भी संबोधित किया बैठक में प्रमुख रुप से अनेक लोग शामिल रहे हे जिसमे मुख्य रुप से पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह परमार,वरिष्ठ अधिवक्ता परशुराम गर्ग, पुरुषोत्तम जड़िया,संजय, जीवन लाल सिद्धार्थ,शशिकांत दीक्षित, डॉ कदीर खानखान, राकेश शर्मा, अधिवक्ता राकेश गर्ग,गणेश त्रिपाठी,बृजेंद्र दुबे अभिषेक चौरसिया ,मीडिया सेल प्रभारी विक्रम यादव,रतन सिंह सहित सम्पूर्ण जिले के कॉग्रेस कार्यकर्ताओं सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# श्री जी की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकली, घर-घर उतारी गई आरती



**टीकमगढ़/कारी।** नगर कारी में पर्वराज पर्युषण के समापन अवसर पर बीते दिवस धर्म और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। इस दौरान पूरे नगर में बड़े ही धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ श्री जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नगर के सभी धर्मबीलंबियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। यात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह रंगोली सजाकर स्वागत किया और घर-घर पर आरती उतारी। वातावरण भक्ति संगीत और जयकारों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा के उपरांत श्री जी का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद आयोजित सर्वधर्म सभा में डॉ. शिखर ने दस धर्मों के महत्व और उनके पालन पर प्रकाश डाला। सभा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन का विशेष आकर्षण प्राची जैन, निशा जैन, स्वाति जैन और रूबी जैन द्वारा निर्मित सुसज्जित आरती रही, जिसे देखकर समाजजन मंत्रमुग्ध हो उठे। शोभायात्रा में प्रमेश जैन, चंद्रभान सिंघई, महेंद्र बुखारिया, राजेश जैन, महेंद्र चिरोंजी, जयप्रकाश, कैलाश जैन, डॉ. राजेंद्र जैन, देवेंद्र जैन, कल्याण जैन, पवन जैन, मनीष जैन, अमित जैन, राहुल, छोटू जैन सहित अनेकों महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पवई की बैठक संपन्न, 9 सितम्बर की रैली को लेकर बनाई रणनीति



**पवई।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनीस खान के निर्देशानुसार रविवार को पवई में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष राज बहादुर पटेल एवं हिम्मत बागरी द्वारा किया गया। बैठक में आगामी 9 सितम्बर को पन्ना में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ ङ्क वोटर अधिकार रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रभारी द्वारा विस्तारपूर्वक रैली के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं व कांग्रेसजनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माखन पटेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अजय देव बुंदेला, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश सचिव डॉ. सरफराज फारूकी सहित महेश बढौलिया, सतेंद्र जैन, उमाकांत त्रिपाठी, दिग्विजय उरमलिया, विषभ पटेल, महबूब खान, राम सेवक सिंगरौल, लालमणि चौधरी, सुरेंद्र बागरी, कमलेश प्रजापति, भूपत शाह बुंदेला, जीवन सिंगरौल, घसोटी चौधरी, महेंद्र पटेल, इब्राहिम खान, अमन बागरी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि पवई क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता पन्ना रैली में शामिल होकर अपनी सक्रिय भागीदारी देंगे।

## जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई

**पन्ना।** जिला कांग्रेस कार्यालय पन्ना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित पत्रकारों को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चुनाव में की गई धांधली की जानकारी देते हुए बताया गया कि भाजपा के द्वारा पूरे देश में मतदाता सूची में हेरा फेरी कर वोट चोरी कर सरकार बनाई गई है प्रेस वार्ता में सभी पूर्व विधायक व कॉग्रेस कमेटी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पर्यटन के साथ रोजगारमूलक गतिविधियों को भी मिले बढ़ावा : पन्ना विधायक

## ईको पार्क अमझिरिया का हुआ शुभारंभ शहर के निकट पर्यटकों एवं आम नागरिकों को मिली बोटिंग की सुविधा





**जागरण, पन्ना ।** हरियाली से भरपूर प्राकृतिक वातावरण में प्राचीन तालाब एवं जल स्रोत का पुनरूद्धार के नए रूवरूप में सृजन सराहनीय पहल है। पर्यटन क्षेत्र के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार की भी असीम संभावना होती है। पर्यटन के साथ सर्वांगीण विकास के लिए रोजगार आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास भी जरूर होना चाहिए, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को आजीविका का बढ़िया माध्यम मिल सके। इससे सामाजिक जीवन में बदलाव होने के साथ ही आर्थिक तरक्की के नए द्वार भी खुलते हैं। यह बात पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार को पन्ना नगर के निकट ग्राम पंचायत मनकी के अमझिरिया ग्राम में बोटिंग सुविधा एवं ईको पार्क के शुभारंभ अवसर पर कही। विधायक श्री सिंह ने ईको पार्क के भविष्य में बेहतर विकास के संबंध में जरूरी प्रस्ताव एवं डीपीआर तैयार कराने के निर्देश भी दिए।

पन्ना विधायक ने जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल एवं प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अब पर्यटकों एवं आम नागरिकों को भी महानगरों की तर्ज पर प्रकृति की गोद में एवं सुरम्य वातावरण के बीच परिवार के साथ जलविहार का अवसर प्राप्त होगा। जिला मुख्यालय के निकट इस बोटिंग ईको पार्क को भविष्य में और बेहतर रूवरूप मिलेगा। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने अमझिरिया में बोटिंग एवं ईको पार्क की स्थापना और स्थल चयन के निर्णय को सही बताते हुए कहा कि इसके मुख्य मार्ग के किनारे स्थापित होने से पर्यटक भी आसानी से पहुंचेंगे। यहां जलपान सुविधा के साथ ही पथ विहार के निर्माण, ओपन जिम की सौगात और दोना-पत्तल एवं कुल्हड़ में खान पान से लोगों को अलग अनुभव प्राप्त होगा। ईको पार्क में पैदल पथ, योग ध्यान स्थल, बच्चों के लिए किड्स जोन और सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमझिरिया ईको पार्क निश्चित ही परिवार के साथ यादगार पल बिताने तथा पिकनिक के लिए आदर्श स्थल बनेगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि मनकी, अमझिरिया एवं आसपास के ग्रामों की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाए। आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पादों के विक्रय की रणनीति भी बनाएं। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध औषधीय महत्व के पौधों के उत्पाद तैयार कर इनकी मार्केटिंग का भी प्रयास किया जाए। स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों के निरंतर रूप से ईको पार्क स्थल में विक्रय की व्यवस्था तथा पारंपरिक एवं देशी खानपान को प्रोत्साहन देने की बात कही। इसके अलावा अमझिरिया में स्थित शराब दुकान को अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करने की आवश्यकता भी बताई। पूर्व मंत्री ने अमझिरिया ईको पार्क की स्थापना को बड़ी उपलब्धि बताया और जिला कलेक्टर को बधाई दी। उन्होंने अच्छी सुविधाओं के साथ बेहतर संचालन तथा समय सीमा में शेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए कहा। पूर्व मंत्री ने इस दौरान ईको पार्क की स्थापना में निरंतर रूप से सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले ग्राम पंचायत के उपयंत्री एवं सचिव का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित बृजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि बोटिंग एवं ईको पार्क की स्थापना से पर्यटकों के साथ ही स्थानीय ग्रामवासियों को भी लाभ मिलेगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि पर्यटन आधारित गतिविधियों से ग्रामवासियों का आर्थिक रूप से उत्थान होने के साथ ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। आगामी दिवसों में पार्किंग और कैफेटेरिया के साथ पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिगत पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, बच्चों के लिए झूले, गजीबो एवं घाट को बेहतर बनाने के साथ सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। प्राचीन तालाब में निरंतर पानी की उपलब्धता के संबंध में भी कार्ययोजना मुताबिक जरूरी कार्य कराए जाएंगे। समूह की महिलाओं को रोजगार आधारित गतिविधियों से जोड़ने के साथ ही आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**बोटिंग एवं देशी व्यंजनों का उठाया लुत्फ :** अमझिरिया ईको पार्क के लोकार्पण अवसर पर पन्ना विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बोटिंग को लुत्फ भी उठाया। देशी व्यंजनों का स्वाद भी चखा। इस मौके पर परिसर में पौधरोपण भी किया गया। अतिथियों ने परिसर का भ्रमण कर विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, सरपंच अंजू यादव सहित पुलिस अधीक्षक सांईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी वन अंशुल तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एस.पी.एस. बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, प्लाटून कमांडर होमगार्ड सत्यपाल जैन, जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय, परियोजना अधिकारी पियूष मिश्रा, जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन प्रमोद शुक्ला, कमल लालवानी, कैलाश गुप्ता, बॉबी राजा, सुरेन्द्र सिंह, विनोद तिवारी, लक्ष्मी यादव, पुष्पेन्द्र गहरवार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा किया गया। संचालनकर्ता द्वारा ईको पार्क निर्माण के दौरान पूर्ण तथा प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

# ढोल नगाड़े और डीजे की धुन के साथ निकली श्रीजी की शोभायात्रा

**पवई ।** दस दिनों तक चलने वाले पवित्र पर्यूषण महापर्व के समापन पर रविवार को भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। परंपरागत रूप से आयोजित शांति धारा पूजा-अर्चना के बाद श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग मिलोनीगंज, करही तिराहा, बस स्टैंड, गांधी चौक होते हुए पुनः मंदिर पर पहुंची। ढोल नगाड़े और आधुनिक डी जे की धुन पर भक्तजन श्रद्धा भाव से नृत्य करते हुए आगे बढ़े।

शोभायात्रा के मार्ग में नगरवासियों ने रंगोली सजाई और कलश स्थापित कर श्रीजी का स्वागत किया। जगह-जगह पर दीप प्रज्वलित कर भव्य आरती की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अजित कुमार जैन, विनोद कुमार, पवन कुमार, दिनेश जैन, विजय जैन, अजय जैन, नितिन जैन, मुन्ना जैन, सुभाष जैन, महेन्द्र जैन, अनिल जैन दिलीप जैन, संजय जैन, बल्लू जैन, संतोष जैन, मोन्टी जैन सहित समाज की महिलाएं भागीदारी रही।

शोभायात्रा ने नगर में उल्लास और आध्यात्मिकता का वातावरण बना दिया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से धार्मिक अनुशासन और समर्पण के साथ इस पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम की समाप्ति मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलन और आरती के साथ हुई। यह आयोजन जैन समाज की एकजुटता एवं धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक बना।



# भारत वर्ष की शिक्षा प्रणाली ने सदियों से संपूर्ण विश्व को एक नई दिशा प्रदान की : डॉ बीना सिंह रागी

## सोन संगम शक्तिनगर की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह 25 का आयोजन

जागरण, शक्तिनगर

साहित्यिक सामाजिक संस्था सोन संगम शक्तिनगर की ओर से सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के पर शिक्षक सम्मान समारोह 25 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भिलाई की विख्यात साहित्यकार डॉ बिना सिंह रागी विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद कुमार पांडेय असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राजीव कुमार प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज खड़िया बाजार विशिष्ट वक्ता के रूप में नरेंद्र भूषण शुक्ला प्रधानाचार्य विवेकानंद इंटर कॉलेज शक्ति नगर तथा दूसरे विशिष्ट वक्ता चंद्रशेखर जोशी वरिष्ठ अध्यापक सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज शक्तिनगर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल तिवारी संभाग निरीक्षक काशी प्रांत ने किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए सोन संगम शक्तिनगर के कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने कहा कि आज का यह सम्मान समारोह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि आज के सम्मान समारोह में ऐसे लोगों को आमंत्रित किया गया है जो समाज को सदैव



नई दिशा प्रदान करते हैं। विषय की स्थापना करते हुए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के असिस्टेंट प्रोफेसर पत्रकारिता डॉ छोटेलाल प्रसाद ने कहा कि आज डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे महान विभूति के जन्मदिन के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो एक आदर्श शिक्षक दार्शनिक शिक्षाविद एवं आदर्श राजनेता के साथ-साथ स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति रहे। सर्वपल्ली राधाकृष्णन महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की खोज थे। उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के अध्यापक के रूप में कार्य किया था। उनका दर्शन संपूर्ण विश्व में अधिमान्य है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ बीना सिंह रागी ने अपने व्याख्यान में कहा कि भारतवर्ष की शिक्षा प्रणाली सदियों से संपूर्ण विश्व को एक नई दिशा प्रदान की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गोपाल तिवारी ने कहा कि जब तक शिक्षा की जिम्मेदारी का निर्वहन समाज कर रहा था तब तक शिक्षा विकार मुक्त रही। जब शिक्षा का नियंत्रण सरकारी हो गया तो शिक्षा की स्थिति सोचनीय हो गई। ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखा जाए तो शिक्षा को मुगलों द्वारा मैकाले द्वारा बहुत ही नुकसान पहुंचाया गया। हमारे देश की भाषाए रहन.सहन विचार भाव सभी को विखंडित किया । इनका मानना था कि शिक्षा राष्ट्रीय होनी चाहिए विद्या ग्लोबल होनी चाहिए। अन्य वक्ताओं में महेंद्र तिवारी बृजेश पांडेय रमाकांत पांडेय जी एन पाठक विजयलक्ष्मी सिंह अनीता कुशवाहा पूजा राय इत्यादि ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मानिक चंद पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन गुलाब सिंह के द्वारा किया गया। इस आयोजन में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ केंद्रीय विद्यालय शक्तिनगर सेंट जोसेफ विद्यालय शक्तिनगर विवेकानंद सीनियर सेकंडरी विद्यालय विवेकानंद शिशु मंदिर विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज अंबेडकर विद्यालय शक्तिनगर लायंस स्कूल शक्तिनगर गौतम बुद्ध स्कूल बस स्टैंड शक्तिनगर कंपोजिट विद्यालय चिल्कटांड बस्ती प्राइमरी विद्यालय परसवार राजा इत्यादि विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस आयोजन में रोमा वर्मा माया गीता सिंह रोशनी ज्योति संध्या कुमारी मनोरमा मुकेश रेल सीताराम बृजेश श्रीवास्तव संजय सिंह प्रदीप कुमार सुरेंद्र कुमार मायाराम गुप्ता अशोक पांडेय सुरेश्वर मिश्र अभय तिवारी सरफ़राज अहमद ओमप्रकाश गुप्ता अवधेश अंकित कुमार लोग उपस्थित रहे।

# आजादी की चाह में घर से निकली 4 नाबालिग बालिकाएं पटना में मिली



## मोरवा पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**जागरण, सिंगरौली।** वर्तमान परिवेश में युवा पीढ़ी के बीच सोशल मीडिया का ऐसा प्रभाव पड़ा है कि वह जिंदगी जीने की चाह में परिजनों की टोका टाकी को नजरअंदाज करते हुए पढ़ना लिखना छोड़ आजादी जिंदगी जीने निकल पड़ते हैं। ऐसा ही मामला मोरवा में देखने को मिला जहां चार नाबालिकाएं घर से बहाना बनाकर घर से निकल पड़ी। हालांकि समय रहते मोरवा पुलिस की सतर्कता एवं सिंगरौली साइबर सेल की दक्षता से चारों नाबालिकों को बिहार राज्य के पटना से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया गया है। यह पूरी कार्रवाई प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन व अनुविभागीय अधिकारी गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन में मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह द्वारा की गई। जानकारी अनुसार बीते गुरुवार को फरियादिया निवासी भगत सिंह कालोनी ने मोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उनकी 13 वर्षीय लडकी रेखा परिवर्तित नाम घर से जन्मदिन की पार्टी मे जाने की बात कहकर अपने 3 अन्य सहेलियों निशा उम्र वर्ष 14 परिवर्तित नाम ज्योति उम्र 16 वर्ष परिवर्तित नाम मोनिका उम्र 12 वर्ष परिवर्तित नाम के साथ गई थी जो शाम तक घर वापस नही आई और उसकी सहेलियो के परिजन से भी उनकी लडकियो के बारे में पूछा गया तो वह भी अपने घर नही पहुंची थी। तब सभी के परिजनों द्वारा लडकियों की पता तलाश बस स्टैण्ड रेलव स्टेशन व अपने अपने नात रिश्तेदारी में पता तलाश की गई पर कुछ पता नही चला। तब परिजनों की सूचना पर मोरवा थाना प्रभारी द्वारा अप.क्र. 538 /25 धारा 137 /2 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना अतिसंवेदनशील होने के कारण तत्काल ही निरी यू.पी. सिंह द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में 2 टीमे गठित कर निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र अपहृत बालिकाओ की पता तलाश किया जाये। थाना प्रभारी मोरवा यू.पी.सिंह के द्वारा तत्काल ही सायबर सेल टीम से समन्वय स्थापित कर अपहृत बालिकाओ की पता तलाश हेतु एक टीम हजारीबाग झारखण्ड के लिये रवाना की गई। पुलिस टीम के द्वारा अपहृत बालिकओं की पता तलाश के दौरान लगातार मोबाईल लोकेशन बदलने से टीम गया बिहार की तरफ रवाना हुई व बीच बीच में अपहृत बालिकाओ की मोबाईल स्वीच आफ आने से पुलिस टीम को अपहृत बालिकाओ को खोजने मे कठिनाई आ रही थी। पुलिस टीम द्वारा लगातार मोबाईल लोकेशन मिलने वाले क्षेत्र में अपहृत बालिकाओ की खोजबीन की जा रही थी जो 3 बालिकाओ को आईआईटी कालेज पटना बिहार के पास से दस्तयाब किया गया वहीं चौथी अपहृता ग्राम मेढौली से दस्तयाब हुई। सभी अपहृताओ को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि. संजीत सिंह संतोष सिंह सुनील दुबे म.प्र. आर. शकुन्तला यादव प्र.आर.अजीत सिंह आर. रियाज आलम ऋषी सिंह अजय यादव एवं सायबर सेल टीम की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।

# सभी का सम्मान और साथ लेकर चलना प्राथमिकता : प्रवीण



## भाजपा, बसपा, आम आदमी, शिवसेना छोड़ सैकड़ों ने थामा कांग्रेस का दामन

**जागरण, बैढ़न।** जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली का कार्यालय उद्घाटन समारोह जिले भर से आये कांग्रेस जनों की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व से तय मुख्य अतिथियों जगमोहन सिंह उइके वंशमणि प्रसाद वर्मा श्रीमती रेनू शाह एवं सोमदेव ब्रह्म के फीता काटकर की गई। जिले भर से आये कांग्रेसी और वरिष्ठ कांग्रेस जनों को शाल श्रीफल और सम्मान पत्र समर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया गया और उनके निष्ठा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सैकड़ो की संख्या मे अन्य दल के लोगो ने अपने दल की सदस्यता त्याग कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। वरिष्ठ और दशकों तक कांग्रेस की सेवा कर चुके कांग्रेस नेताओं ने पुरे विधि विधान से शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष को पूजन अर्चन पश्चात उनका पदभार ग्रहण कराया। स्वलपाहार पश्चात सभी एक दूसरे से भेंट करते हुए कार्यक्रम को समापन की ओर ले गए।

**भाजपा, बसपा, आम आदमी, शिवसेना छोड़ सैकड़ो ने थामा कांग्रेस का दामन :** उद्घाटन समारोह में कई अन्य दलों के सदस्य एवं पदाधिकारी अपने.अपने दलों की सदस्यता और पद त्याग कर कांग्रेस की रीति और नीति से प्रभावित होकर समारोह में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने सामूहिक रूप से कहा की वो सभी कांग्रेस की विचारधारा और मौजूदा राष्ट्रीयएप्रादेशिक एवं जिले स्तर के नेतृत्व से काफी प्रभावित है। जिस तरह से कांग्रेस शोषित पीड़ित वंचितों के साथ तटस्थता और मजबूती के साथ खड़ी रहती है हमारा भी दायित्व बनता है कि हम भी कांग्रेस की लड़ाई को और बुलंदी देने का कार्य करें और हम विश्वास दिलाते हैं कि कांग्रेस की सामाजिक न्याय स्थापना की इस मुहिम में हम सभी जुड़े रहेंगे और बाकी के सदस्यों को भी जोड़ने का कार्य करेंगे। भाजपा से केमला जायसवाल बसपा से बंसमणि साकेत रामजी कुशवाहा सूरज साकेत रामसजीवन बियार इटवा से भरत सिंह घोरौली खुर्द से गणेश सिंह सत्येंद्र सिंह नरेंद्र सिंह शिवसेना से राजेंद्र द्विवेदी समरोह मे आम आदमी पार्टी से सैकड़ो लोगो ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की जिसमें मुख्य रूप से असलम अली शमशेर अली खुर्शीद आलम परवेज आलम सरफुद्दीन तबरेज आलम मुमताज अंसारी तनवीर अली हुसैन अली जावेद खान कमालुद्दीन जावेद खान अशरफ अली गुलाम रसूल साहिल मोहम्मद नईम अंसारी विक्रांत मंसूरिया नवाब अली असगर अली एमडी दानिश अफ्सा परवीन धीरेंद्र कुमार साकेत निरंजन कुमार अनिल कुमार सोनी अबू अख्तर सहित कई सदस्य रहे। इसके अतिरिक्त भी जिले से विनोद देव पांडे कमलेश शाह परमात्मा प्रजापति राम विशाल शाह दिनेश कुमार रजक विनीत तिवारी सीमा भारती राम के शाह ज्ञानेंद्र तिवारी दिनेश पांडे सहित सैकड़ो अन्य लोगो ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

### सभी का सम्मान और साथ लेकर चलना प्राथमिकता : प्रवीण सिंह

अपने उद्बोधन में जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने उपस्थित सभी वरिष्ठों एवं युवा साथियों का आभार व्यक्त किया और समारोह मे उपस्थित कांग्रेस जनों की ऊर्जा और उत्साह हेतु अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया। मंच से शहर अध्यक्ष ने स्पष्ट सन्देश दिया कि पूरी कांग्रेस विचारधारा अनुरूप सभी वर्गों के हित के पक्ष मे कार्य करने हेतु बाध्य है और पूरी प्रतिबद्धता से जिले के हित मे कार्य करेगी। कांग्रेस सभी को साथ लेकर चलती है और यह सुनिश्चित किया जायेगा के कोई भी साथी उपेक्षित ना हो। शीर्ष नेतृत्व से भी जो भी कार्यक्रम अपेक्षित होंगे उसे मज़बूती से धरातल पर उतारा जायेगा। जिले कि हर गतिविधि पर नज़र रखी जाएगी और जिस जगह भी जिलेवासियो का अहित होगा कांग्रेस परिवार वहां उपस्थित मिलेगा। संगठन ने उन्हें जो ज़िम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने के हर संभव प्रयास किये जायेंगे और सुनिश्चित किया जायेगा कि संगठन कि मनशा अनुरूप ही सारे काम किये गए हैं।

# व्यापार मंडल के द्वारा रामलीला कार्यक्रम हेतु बैठक संपन्न

**जागरण, बैढ़न।** श्रीरामचरितमानस आधारित राम लीला मंचन का कार्यक्रम को संपन्न कराने बैठक आयोजित गई जो कि विधान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 3 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलेगा। विजयादशमी का पर्व एवं उसे दिन के रामलीला का कार्यक्रम गत वर्षो की भाति इस वर्ष भी राजमाता चुन कुमारी स्टेडियम में 2 अक्टूबर को संपन्न होगा बाकी 15 दिनों के लीला मंचन का कार्यक्रम राम लीला मैदान में होगा। कार्यक्रम संपन्न कराने हेतु एक कमेटी गठित की गई जिसमें लोगों निम्न जिम्मेदारी गई है जो इस प्रकार है संरक्षक का दायित्व डी एम हिम्मतरामका श्याम सुंदर अग्रवाल जी पी पांडे ताराचंद कारीवाल नारायण दास जायसवाल दीपक साबू राम दुलारे बर्मा जिलाध्यक्ष सोनी समाज राम शिरोमणी गुप्ता विमल चंद सर्राफ लक्ष्मी चंद दुबे अध्यक्ष राजाराम केसरी उपाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल हरिदास गुप्ता सुरेंद्र नोतवानी राम सिया केसरवानी किशोर गुप्ता सचिव स्वर्ण सिंह सोनू सह सचिव संजय ताम्रकार



सत्यनारायण सोनी उर्फ संजय सोनी जगजीवन लाल गुप्ता जगदीश प्रसाद केसरवानी त्रिपुरारी लाल केशरवानी कोषाध्यक्षभरत लाल गुप्ता सदस्य संजीव अग्रवाल अभिलाष जैन नीरज कारीवाल भुवनेश्वर प्रसाद अग्रहरी संजय केसरी अशोक सिंह राम लगन विश्वकर्मा अजय जायसवाल कामतानाथ केसरवानी पवन बरेलिया प्रमोद बरेलिया विकास गोयनका वीरेंद्र केसरवानी रामेश्वर दास गुप्ता उर्फ राजू बनवारी लाल गुप्ता पवन श्रीवास्तव रामलगन विश्वकर्मा टीम की घोषणा की गई। बैठक में निम्न व्यापारी बंधु उपस्थित रहे राजाराम केसरी गोपाल अग्रवाल सुरेंद्र नोतवानी राम सिया केसरवानी किशोर गुप्ता स्वर्ण सिंह सोनू सरदार भोनू अग्रहरि रमेश कुमार शाह गनियारी शंकर दयाल शाह उपस्थित रहे।

# कुराश एक बेहतर खेल के साथ-साथ आत्मरक्षा का उत्कृष्ट विधा है : नम्रता

## विश्व कुराश दिवस के अवसर पर कुराश प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जागरण, सिंगरौली।** एमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्य प्रदेश के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सिंगरौली जिला कुराश एसोसिएशन के तत्वाधान में वीवा क्लब विंध्यनगर में विश्व कुराश दिवस पर अंतर क्लब कुराश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा मंडल सिंगरौली की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में शक्ति मौर्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में कुराश खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों ने जमकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर



8 वर्ष बालिका आयु वर्ग में ईशिका अग्रवाल प्रथम प्रसाह सिंह द्वितीय एवं स्वारा सिंहा तृतीय स्थान पर रही अंडर 10 वर्ष बालक आयु वर्ग में इशांत पटेल प्रथमए शौर्या पिपलिया द्वितीय एवं प्रियांशु सिंह तृतीय स्थान पर रहा अंडर 12 वर्ष बालिका आयु वर्ग में सिगिनां नित्या श्री प्रथम श्रेयांशी शर्मा द्वितीय एवं शुभी अग्रहरि तृतीय स्थान पर रही अंडर 14 वर्ष बालिका आयु वर्ग में ईशिका मौर्य प्रथम आर्याही भारद्वाज द्वितीय आस्था पांडेय एवं तृष्णा संयुक्त रूप से तृतीया स्थान पर रही। वही ग्रुप अंडर 14 वर्ष बालक आयु वर्ग में अवनीश अग्रवाल प्रथम साई कृष्णा आचार्य द्वितीय एवं रिपुंजय राज तृतीय स्थान पर रहा। ग्रुप बी अंडर 14 वर्ष बालक आयु वर्ग में अथर्व सिंह प्रथम आयुष जांगिड द्वितीय एवं आदित्य सिंह तृतीय स्थान पर रहा अंडर 17 वर्ष बालक आयु वर्ग में प्रत्यूष नायक प्रथम एवं क्षितिज खारडिया द्वितीय स्थान पर रहा अंडर 17 वर्ष बालिका आयु वर्ग में सृष्टि कुमारी प्रथम दीक्षा अग्रवाल द्वितीय एवं ईरा सिंह तृतीय स्थान पर रहीए इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती नम्रता सिंह ने विश्व कुराश दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस प्राचीन खेल के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त होने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य कुराश के मूल्यों ईमानदारी साहस एकता एवं कुराश खेल को बढ़ावा देना है। कुराश एक बेहतर खेल के साथ-साथ आत्मरक्षा का उत्कृष्ट विधा है। निर्णायक मंडल में गणेश सिंह विशाल सुश्री खुशबू साकेत वंदना प्रजापति गीतिका सिंह रही।

# आम रास्तों में बालू, गिट्टी के ढेर से राहगीरों को हो रही परेशानी

**जागरण, सरई।** जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर सरई नगर परिषद के स्थानीय बाजार में व्यवसाइयों द्वारा जगह-जगह भवन निर्माण सामग्री मुख्य सड़क पर रखा गया है। जिससे वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरई बाजार में रेलवे स्टेशन तिराहा से लेकर यूनियन बैंक तक कई जगह मिट्टी, गिट्टी, बालू व ईंट रोड पर देखने को मिल रहे हैं। जो मुख्यालय जाने का मुख्य मार्ग है। कई बार इन भवन निर्माण सामग्रियों के रोड में होने के वजह से जाम भी लग जाती है। ये भवन निर्माण सामग्री रोड पर कई महीनो से पड़े हुए हैं। परंतु इन निर्माण सामग्रियों पर किसी शासन प्रशासन के कर्मियों का नजर इस ओर नहीं जा रहा है जबकि नगर परिषद सरई के सीएमओ, तहसील सरई के तहसीलदार एवं थाना सरई के थाना प्रभारी भी इसी मार्ग से रोज आवागमन कर रहे हैं। आगे आपको बता दें कि कोल व गिट्टी परिवहन कर रहे भारी वाहनों की आवाजाही से वैसे ही रोड सकरी पड़ रही है। जिससे वाहन का निकलना तो दूर पैदल राहगीर भी बड़ी मुश्किल से अपना सफर तय कर पा रहे हैं। बावजूद इतने भी नगर परिषद सरई एवं पुलिस के आला अफसर मुख्य सड़क पर अवैध रूप से रखे निर्माण सामग्रियों को हटाने के लिए साहस नहीं जुटा पा रहे हैं।

# नवजीवन विहार सेक्टर नंबर 4 बसोर बस्ती में मोहल्ला क्लास का आयोजन

**जागरण, बैढ़न।** नवजीवन विहार सेक्टर नंबर 4 बसोर बस्ती में शिक्षक दिवस के अवसर पर सर्वहित सेवा संस्थान ने शिक्षा का उजाला प्रोजेक्ट के तहत स्कूल न जाने वाले या बीच.बीच में स्कूल जाने वाले बच्चों को लगातार स्कूल जाने के लिए प्रेरित करने और समुदाय विशेष को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्ती में मोहल्ला क्लास का आयोजन किया गया और इस विशेष अवसर पर मोहल्ला कक्षा के शिक्षक शरद पांडे को संस्थान के द्वारा अवनीश दुबे सचिव ने शाल और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। बच्चों ने भी इस दिन अपने शिक्षक को सम्मानित किया ।।गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरु देव महेश्वरः गुरु साक्षात परम ब्रम्ह तस्मै श्री गुरुवे नमः ।।के मंत्र से सम्मानित किया। बच्चों को भी संस्था के द्वारा पठन पाठन सामग्री पेन पेंसिल आदि का वितरण किया गया अभिभावकों को भी प्रेरणा स्वरूप बताया गया कि जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं किसी कारणवश उन्हें लगातार स्कूल भेजने की कोशिश करें क्योंकि छात्र जीवन में बच्चों के लिए पढ़ाई ही सबसे जरूरी है जो भविष्य में उनको सम्मान दिलाती है। अक्सर यह



देखा जा रहा है कि कुछ बच्चे किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं या कभी.कभी स्कूल जाते हैं निरंतर स्कूल नहीं जा पाते कुछ सामाजिक पारिवारिक या आर्थिक कमजोरी के वजह से ऐसे बच्चों के लिए संस्था सर्वहित सेवा संस्थानए नवजीवन विहारए सिंगरौली के द्वारा शिक्षा का उजाला सिंगरौली के बच्चे स्कूल की ओर प्रोजेक्ट के तहत समुदाय को परिवार को और स्वयं बच्चों को प्रेरित करके ऐसे स्कूल न जाने वाले या बीच.बीच में स्कूल जाने वाले बच्चों को लगातार स्कूल भेजने के लिए यह परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना के तहत एनटीपीसी विंध्यनगर के आसपास निवासरत अभिभावकों एवं बच्चों को प्रेरित किया जा रहा है कि बच्चे लगातार स्कूल जाएं। इसी तारतम्य में नवजीवन विहार सेक्टर 3 बसौर बस्तीए नवजीवन विहार सेक्टर 3 हरिजन बस्ती सिंपलेक्स कालोनी ग्रीन हट कॉलोनी में लगातार जन जागरूकता एवं प्रेरणा कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

# गणेश की प्रतिमा विसर्जन का कार्य पूर्ण

**जागरण, बैढ़न।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला इकाई सिंगरौली की नवांकुर संस्था माता सुमित्रा देवी विकास समिति बरगवां के सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा एवं नगर विकास प्रसफ्टन समिति के अध्यक्ष डॉ.राजेश त्रिपाठी द्वारा जिला एवं




ब्लॉक समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा एवं प्रभु दयाल दहिया के निर्देशन व मार्गदर्शन में गणेश चतुर्थी की अवसर पर मिट्टी के गणेश सिद्ध गणेश की प्रतिमा परिवार के साथ बनाकर पूजा पाठ के साथ स्थापित कराया गया प्रतिदिन भगवान गणेश की आरती वंदना के साथ.भजन रामायण कराया गया शाम 6. 00 बजे से 10. 00 रात्रि तक गांव घर की महिलाएं एकत्रित होकर भगवान गणेश जी का पाठ पूजन एवं भजन गीत नृत्य करके सभी दसों दिन आनंद लिया वही भगवान का पूजन हवन उपरांत भंडारा कराया गया जिसमें सैकड़ो लोगों को प्रसाद वितरण करया गया उसके बाद मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा के साथ तालाब में विसर्जन का कार्य पूर्ण किया गया भगवान गणेश की आयोजन में बच्चों का छोटू अमन पिंकी विशेष योगदान रहा साथ ही समय समय पर नवअंकुर सखी प्रेसफूटन समिति स्वयं सहायता समुँह की महिलाएं जनप्रतिनिधि भजन मंडली के सदस्य समाजसेवी धार्मिक पुजारी आदर्श किसान एवं फतेह लाल तिवारी राजेश कुमार पांडेय बृजेश भाइ डॉ राजेश त्रिपाठी जमुना प्रसाद साहू हरिप्रसाद पनिका श्रीमती प्रीति मिश्रा ममता माझी शिव शंकर विश्वकर्मा हीरालाल विश्वकर्मा जमुना प्रसाद साहू सभी का सराहनीय योगदान रहा।



# आर्यना सबालेंका ने 100वीं जीत के साथ जीता चौथा यूएस ओपन

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** वर्ल्ड नंबर वन आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यूएस ओपन में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराया। यह सबालेंका के करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। सबालेंका ने आर्थर एशे स्टेडियम में 6-3, 7-6 (7/3) से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियन और फ्रेंच ओपन के फाइनल में हार के बाद सबालेंका के लिए 2025 में ग्रैंड स्लैम जीतने का यह आखिरी मौका था। उन्होंने इस मौके को भुनाया और अनिसिमोवा का सपना तोड़ दिया। इससे पहले अनिसिमोवा को विंबलडन के फाइनल में इगा स्विएटेक ने 6-0, 6-0 से हराया था। अनिसिमोवा ने पहले सबालेंका के खिलाफ 9 मुकाबलों में से 6 जीते थे। इसमें विंबलडन के सेमीफाइनल में मिली जीत भी शामिल है। लेकिन सबालेंका ने अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और अनिसिमोवा को अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक दिया। सबालेंका 7वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में खेल रही थीं।अनिसिमोवा ने फिर से ब्रेक किया और 3-2 की बढ़त बना ली। लेकिन सबालेंका ने हार नहीं मानी और उन्होंने ब्रेक करके स्कोर बराबर कर दिया। आठवें गेम में अनिसिमोवा ने दो डबल-फॉल्ट किए। इससे सबालेंका को दो ब्रेक पॉइंट मिले। सबालेंका ने इसका फायदा उठाया और पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी सबालेंका ने अनिसिमोवा की कमजोर सर्विस का फायदा उठाया और 3-1 की बढ़त बना ली। लेकिन अनिसिमोवा ने हार नहीं मानी और उन्होंने ब्रेक करके स्कोर 3-3 कर दिया। अनिसिमोवा ने एक आसान फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया। इससे सबालेंका को 15-40 की बढ़त मिल गई। सबालेंका ने फिर से ब्रेक किया।



## लगातार चौथा खिताब बचाने वाली पहली खिलाड़ी

सबालेंका पिछले 11 वर्षों में पहली महिला खिलाड़ी बन गई है जिन्होंने अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले यह कारनामा सेरेना विलियम्स ने किया था। वह 2012 से लेकर 2014 तक लगातार तीन बार चैंपियन बनी थी। अमांडा को लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।सबालेंका ने टाईब्रेक में अपनी शानदार क्षमता दिखाई। उन्होंने लगातार 19वां टाईब्रेक 7/3 से जीता और एक घंटे 34 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। अनिसिमोवा को अहम मौकों पर ब्रेक पॉइंट का फायदा नहीं उठाने का अफसोस रहा। वहीं सबालेंका ने 6 में से 5 ब्रेक पॉइंट को भुनाया। पहले सेट में अनिसिमोवा को तीन ब्रेक पॉइंट मिले लेकिन वह उन्हें भुना नहीं पाईं। सबालेंका ने 2-0 की बढ़त बना ली। अनिसिमोवा ने तीसरे गेम में वापसी की और बैकहैंड विनर लगाकर ब्रेक पॉइंट हासिल किया। फिर उन्होंने फोरहैंड विनर लगाकर स्कोर 2-2 कर दिया।

### भारत का एशिया कप हाकी फाइनल में डबल धमाका

# चौथी बार जीता खिताब विश्वकप का टिकट भी



**राजगीर, जेएनएन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार वर्ल्ड को दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर एशिया कप का खिताब जीता। भारत ने चौथी बार एशिया कप ट्रॉफी जीती है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट जीतने के साथ ही भारतीय टीम ने अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। राजगीर में खेले गए फाइनल में भारत की ओर से सुखजीत, दिलप्रीत और अमित ने गोल किए। भारत ने एशिया कप में दमदार प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने ग्रुप स्टेज में चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 से और कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदा था। इसके बाद सुपर-4 में भी टीम का दबदबा कायम रहा। पहला मुकाबला कोरिया से 2-2 से ड्रॉ रहा। दूसरे मुकाबले में टीम ने मलेशिया को 4-1 से धोया। अंतिम सपर-4 मुकाबले में भारत ने चीन को 7-0 से धोया। वहीं फाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सुखजीत सिंह ने 30वें सेकंड में भारत के लिए पहला गोल किया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने गोल दागा। 45वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने फिर गोल किया। अमित ने 50वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को मजबूत किया। 51वें मिनट में कोरिया ने मैच का पहला गोल किया।

## खेल एक नजर

### पूरे साल फिटनेस बनाये रखने के लिए 'ब्रेक' लेना जरूरी : शार्दुल

**बेंगलुरु।** भारत के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने रविवार को खिलाड़ियों को खेल से कभी-कभी 'ब्रेक (खेल से विश्राम)' लेने का समर्थन करते हुए कहा कि आधुनिक क्रिकेटरों के लिए पूरे साल अपनी फिटनेस बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले महीने समाप्त हुई पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के केवल तीन टेस्ट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट जगत में कार्यभार प्रबंधन (चोट और थकान से बचने लिए) चर्चा का विषय बन गया है। शार्दुल ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, ''मैं इन सवालों की सराहना करता हूं। कोई भी वास्तव में आकर हमसे नहीं पूछता कि इतने महीनों तक खेलने के बाद हमारे शरीर को कैसा महसूस होता है। कई बार हमें हल्के में लिया जाता है और इससे जुड़ा प्रबंधन शीर्ष स्तर का नहीं होता है।'' दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की अगुवाई करने के बाद ठाकुर ने कहा, '' मैं फिजियो और एसएनसी (स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच) के साथ लगातार काम करके अपने शरीर को प्रबंधित कर रहा हूं, क्योंकि यह क्रिकेट खेलने के बारे में है।'' ठाकुर ने कहा कि इस युग के खिलाड़ियों का कार्यक्रम काफी व्यस्त होता है। ऐसे में उन्हें कुछ समय के लिए आराम की जरूरत होती है। इस तेज गेंदबाज हरफनमौला ने कहा, ''मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आप खुद को खेल से दूर रखें लेकिन मैचों के बीच में ब्रेक जरूरी होता है।



### वेस्टइंडीज दौरे के लिए भी करुण नायर का चयन मुश्किल : आकाश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेले जाने वाले दो बहु-दिवसीय मुकाबलों के लिए इंडिया ए का ऐलान हो चुका है। भारतीय टीम की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में दी गई है। हैरानी वाली बात यह है कि आगामी सीरीज के लिए करुण नायर को टीम में शामिल नहीं किया गया है। जिसके बाद हर कोई संभावना जता रहा है कि क्या उनका टीम से पत्ता कट चुका है? जवाब टीम इंडिया के पूर्व टेस्ट ओपनर आकाश चोपड़ा ने दिया है। अपने यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, श्रेयस अय्यर का चयन तो एशिया कप के लिए हुआ नहीं है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वेस्टइंडीज के सामने टेस्ट मैच खेलते नजर आएंगे। ऐसा प्रतीत होता है, क्योंकि इंडिया ए की कप्तानी इन्हें दे दी गई है। उनकी जिम्मेदारी अब थोड़ी बढ़ गई है। मगर करुण नायर का नाम उस टीम में नहीं है। इसका अर्थ यह है कि शायद वो नहीं होंगे (वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में) उनकी जगह श्रेयस अय्यर होंगे। इंग्लैंड दौरे पर करुण नायर के प्रदर्शन के बारे में बातचीत करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि वहां उनका प्रदर्शन ठीक ठाक था। ना उसे काफी ज्यादा अच्छा कहा जा सकता है और ना ही बहुत ज्यादा बुरा। मुझे लग रहा था कि उन्हें वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम में शामिल किया जाएगा।



## मुझे वह ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता जो मुझे वास्तव में चाहिए: लवलीना

**लीवरपूल, जेएनएन।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दौर से बाहर होने के बाद ट्रेनिंग के कम अवसरों पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा वह ट्रेनिंग नहीं मिलती जो उन्हें वास्तव में चाहिए। एक साल से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी करने वाली तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना शनिवार को 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में तुर्की की बुसरा इस्लिदार के खिलाफ 0-5 की हार के दौरान लय में नहीं दिखी। लवलीना ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, ''एक साल बाद मैंने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैं अपने पहले ही मुकाबले में हार गई। इससे पीड़ा पहुंचती है। मुझे खेद है कि मैं इस बार ऐसा नहीं कर पाई। लेकिन सभी जानते हैं- मैं कभी भी किसी और चीज के लिए नहीं लड़ती, सिर्फ अपनी ट्रेनिंग के लिए। मैं कभी विलासिता की चीजें नहीं मांगती। मैं सिर्फ अच्छी ट्रेनिंग मांगती हूं। इस 27 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने पेरिस ओलंपिक और उसके बाद के मुकाबलों के लिए तैयारी के दौरान कम अनुभव मिलने पर अफसोस जताया और तोक्यो खेलों से पहले मिली सहयोग प्रणाली से तुलना की। उन्होंने कहा, तोक्यो ओलंपिक से पहले हमारे पास अच्छे अंतरराष्ट्रीय शिविर थे। मैं ट्रेनिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय स्परिंग जोड़ीदार के लिए अनुरोध करती थी लेकिन पेरिस ओलंपिक से पहले मुझे बहुत कम प्रतियोगिताएं और बहुत कम अंतरराष्ट्रीय शिविर का मौका मिला। लवलीना ने कहा, अच्छे जोड़ीदार के बिना मैं खुद को कैसे बेहतर बना सकती हूं? पेरिस ओलंपिक में भी मैं अकेली थी। मुझे खुद को बार-बार साबित करना पड़ता है। और सभी जानते हैं कि खेल में मानसिक शक्ति उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी शारीरिक शक्ति। उन्होंने कहा, फिर भी अपने देश के लिए सब कुछ देने के बाद भी मुझे हमेशा वह ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता जो मुझे सच में चाहिए।



### विश्व चैंपियनशिप में फ्रांस को हराकर रचा इतिहास, दबाव में भी दिखाया धैर्य

# भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने स्वर्ण पदक पर लगाए निशाने, मिश्रित टीम ने भी जीता रजत

**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)।** भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने रविवार को यहां फाइनल में फ्रांस को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा और इस तरह से महिला टीम को मिली निराशा को दूर कर दिया जो आठ साल में पहली बार पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रही। व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रहने वाले ऋषभ यादव ने भी मिश्रित टीम स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ रजत पदक जीतकर वापसी की। महिला वर्ग में निराशा हाथ लगी क्योंकि टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई और 2017 से लगातार पदक जीतने का उसका अभियान समाप्त हो गया। तेईस वर्षीय ऋषभ ने अमन सैनी और प्रथमेश फुगे के साथ मिलकर भारत को पुरुष कंपाउंड टीम के खिताबी मुकाबले में फ्रांस पर 235-233 से रोमांचक जीत दिलाई। फ्रांस ने निकोलस गिरार्ड, जीन फिलिप बौल्च और फ्रेंकोइस डुबोइस को मैदान में उतारा, लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी उल्लेखनीय धैर्य दिखाया। इसका श्रेय फुगे को जाना चाहिए, जो क्वालीफायर में 19वें और भारतीय खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर रहे थे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले चरण में 9-9 का स्कोर बनाया लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह परफेक्ट 10 लगाए। इसमें निर्णायक अंतिम तीर भी शामिल था, जिसने भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया।



### फाइनल तक का सफर शानदार रहा

भारत के मुख्य कंपाउंड कोच जीवनजोत सिंह तेजा ने कहा, यह सिर्फ फुगे की बात नहीं है, बल्कि तीनों खिलाड़ियों ने अपना जज्बा दिखाया और दबाव में आए बिना एक-दूसरे का साथ दिया। पहले चरण के बाद भारत 57-59 से पीछे था, लेकिन दूसरे चरण में उसने छह 10-10 के साथ वापसी करते हुए स्कोर 117-117 पर बराबर कर दिया। तीसरे चरण में दोनों टीमों ने 59-59 अंक बनाए, जिससे स्कोर 176-176 से बराबर रहा। अंतिम चरण में फ्रांस की टीम लड़खड़ा गई और भारत स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचने में सफल रहा। भारत ने फाइनल तक के अपने सफ़र में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और तुर्की पर प्रभावशाली जीत दर्ज की थी।

### महिला टीम ने किया निराश

इससे पहले दिन में यादव और ज्योति को मिश्रित टीम फाइनल में नीदरलैंड के विश्व नंबर एक माइक श्लोएसर और साने डे लाट की जोड़ी से 155-157 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले चरण के बाद एक अंक की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे चरण में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वे 76-77 से पीछे हो गए। नीदरलैंड की जोड़ी ने इसके बाद भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और छह 10 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत का इस स्पर्धा में 2021 के बाद यह पहला पदक है। दो साल पहले बर्लिन में उसे पदक नहीं मिला था।

## फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मुकाबले में पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से दी शिकस्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पुर्तगाल ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए यूईएफए क्वालीफाइंग के अपने शुरुआती मुकाबले में आर्मेनिया को 5-0 से रौंदा। पुर्तगाल की जीत में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने दो गोल दागे। रोनाल्डो के अलावा, जोआओ फेलिक्स ने भी दो गोल किए, जबकि जोआओ कैंसिलो ने एक गोल दागा। रॉबर्टो मार्टिनेज की टीम ने ग्रुफ-एफ में शुरुआत से ही अपना इरादा जाहिर कर दिया था। 40 वर्षीय रोनाल्डो ने अपने अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या 140 तक पहुंचा दी है। वह कार्लोस रुइज के वर्ल्ड कप क्वॉलिफाइंग में सर्वाधिक 39 गोलों के रिकॉर्ड से सिर्फ एक कदम दूर रह गए हैं। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला डबलिन में खेला गया, जहां रिपब्लिक ऑफ आयरलैंड ने हंगरी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ किया। हंगरी को बर्नाबास वार्गा और रोलैंड सलाई के शुरुआती गोलों ने शानदार बढ़त दिलाई थी, लेकिन ब्रेक के तुरंत बाद इवान फर्ग्यूसन ने इस अंतर को कम कर दिया। इसके बाद सलाई को बाहर भेजा गया। इंजरी टाइम में एडम इदाह ने हेडर के जरिए गोल दागकर मेजबानों को एक अंक दिला दिया। एक अन्य मुकाबले में सर्बिया ने लातविया को 1-0 से हराकर दबाव बनाए रखा। इस



मैच में दुसान व्लाहोविच का शुरुआती गोल निर्णायक साबित हुआ, हालांकि मेजबान टीम ने अंत में कड़ा दबाव बनाया। ऑस्ट्रिया ने ग्रुप-एच में शानदार अभियान जारी रखते हुए साइप्रस को 1-0 से शिकस्त दी। यह गोल मार्सेल सबिट्जर ने पेनाल्टी पर किया। बोस्निया एंड हर्जेगोविना ने सैन मरीनो को 6-0 से रौंदते हुए शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस जीत में एडिन डेजेको ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे।

### एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर : भारत कतर से 1-2 से हारा

**दोहा, जेएनएन।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच के अपने दूसरे मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बाद मेजबान कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल हाशमी मोहियालदीन (18वें मिनट) ने कतर को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी, लेकिन मुहम्मद सुहैल (52वें मिनट) ने बराबरी का गोल दाग दिया। जसीम अल शरशानी (67वें मिनट) के पेनल्टी पर किए गए गोल ने शनिवार को खेले गए मैच में कतर के लिए तीन अंक सुनिश्चित कर दिए। पिछले मैच में बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत से उत्साहित भारत ने अच्छी शुरुआत की। सुहैल को शुरुआत में ही मौका मिल गया, जहां दूसरे मिनट में ही उन्होंने बॉक्स के बाहर से शॉट मारा लेकिन गेंद क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई। मेजबान टीम ने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण हासिल कर लिया और 18वें मिनट में बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी की।

## इंग्लैंड को मिली वनडे की सबसे बड़ी जीत, द. अफ्रीका को 342 रन से हराया

**साउथैम्पटन, जेएनएन।** इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 342 रन से हरा दिया। यह वनडे इतिहास में रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड रहा। इससे पहले भारत ने 2023 में श्रीलंका को 317 रन से हराया था। रविवार को साउथैम्प्टन में पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने 414 रन बनाए। प्रोटियाज टीम महज 72 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इसके बावजूद, साउथ अफ्रीका ने वनडे सीरीज 2-1 से जीत ली। इंग्लैंड से जैकब बेथेल और जो रूट ने सेंचुरी लगाईं। वहीं तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 4 विकेट लिए। इंग्लैंड ने इससे पहले सबसे बड़ी जीत 2018 में आई थी, तब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को 242 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका ने भी अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया। टीम 2008 में 83 रन पर ऑलआउट हुई थी। यह वनडे में साउथ अफ्रीका का दूसरा सबसे छोटा स्कोर रहा। टीम 1993 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 69 रन पर भी सिमट चुकी है। द रोज़ बाउल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने फील्डिंग चुनी। इंग्लैंड को बेन डकेट और जैमी स्मिथ ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 8वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। डकेट 31 रन बनाकर आउट हुए।



### रूट और बेथेल ने लगाए शतक

117 रन पर 2 विकेट गंवाने के बाद इंग्लैंड को जो रूट और जैकब बेथेल ने संभाल लिया। दोनों ने 40 ओवर के बाद टीम का स्कोर 299 तक पहुंचा दिया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 182 रन की पार्टनरशिप हुई। बेथेल 110 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद कप्तान हैरी ब्रुक भी 3 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

## 5 साल में बीसीसीआई का 'बैंक बैलेंस' 6000 करोड़ से बढ़कर हुआ 20,000 करोड़ रुपए

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के खजाने में पिछले पांच सालों में 14,627 करोड़ रुपये आए हैं और इनमें से 4,193 करोड़ रुपये पिछले वित्तीय वर्ष में ही आए। इस प्रकार बीसीसीआई का 'बैंक बैलेंस' जो 2019 में 6,059 करोड़ का था वो अब 2025 में बढ़कर 20,686 करोड़ रुपए का हो गया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य इकाइयों को सभी बकाया राशि का भुगतान करने के बाद भी, सामान्य कोष में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई और 2019 में यह कोष 3,906 करोड़ रुपये का था, जो 2024 में बढ़कर लगभग दोगुना यानी 7,988 करोड़ रुपये हो गया है। ये आंकड़े राज्य एसोसिएशन के साथ साझा किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में पेश किए गए लेखा-जोखा में कहा गया है कि मानद सचिव ने सदस्यों को बताया कि 2019 से बीसीसीआई की नकद और बैंक में जमा राशि 6,059 करोड़ रुपये से बढ़कर 20,686 करोड़ रुपये हो गई है। इसमें कहा गया है कि 6,059 करोड़ रुपये तब थे जब राज्य क्रिकेट संघों को भुगतान नहीं किया गया था, जबकि 20,686 करोड़ रुपये राज्य क्रिकेट संघों का बकाया भुगतान करने के बाद हैं। बोर्ड की अंतर्राष्ट्रीय मैचों से मीडिया अधिकारों से आय पिछले साल के 2,524.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 813.14 करोड़ रुपये हो गई, जिसका मुख्य कारण आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के दौरान कम अंतरराष्ट्रीय घरेलू मैच हैं।

### दलीप ट्रॉफी : फाइनल में सेंट्रल जोन का सामना साउथ जोन से होगा

**बेंगलुरु, जेएनएन।** सेंट्रल जोन ने रविवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। इस टीम ने बीसीसीआई सीओई ग्राउंड पर वेस्ट जोन के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले की पहली पारी में बढ़त के आधार पर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है। अब फाइनल मैच में सेंट्रल जोन का सामना साउथ जोन से होगा। खिताबी मुकाबला 11 सितंबर से खेला जाएगा। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्ट जोन पहली पारी में 438 रन पर सिमट गई। खराब शुरुआत के बावजूद सेंट्रल जोन ने ऋतुराज गायकवाड़ की पारी के दम पर मजबूत स्कोर बनाया। टीम 179 के स्कोर तक पांच विकेट गंवा चुकी थी। यहां से ऋतुराज गायकवाड़ ने तनुष कोटियान के साथ छठे विकेट के लिए 148 रन जोड़ते हुए टीम को मजबूती दी। गायकवाड़ 206 गेंदों में 184 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में एक छक्का और 25 चौके शामिल थे।

## विराट कोहली ने फुटबॉलर सुनील छेत्री के साथ शेयर किया अपना फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली के मैदान पर उतरने का इंतजार फैन्स को बेसब्री से है। कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की खिताबी जीत के बाद से क्रिकेटिंग एक्शन से दूर हैं। कोहली अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर अक्टूबर में होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में खेलते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के मद्देनजर मद्देनजर विराट कोहली ने हाल ही में लंदन में अपना फिटेनस टेस्ट दिया है जबकि बाकी भारतीय खिलाड़ियों ने यह टेस्ट



बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दिया था। विजय कुमार वैशाक को छोड़ दें, तो बाकी खिलाड़ी फिटनेस टेस्ट पास करने में सफल रहे। विराट कोहली ने अपने फिटनेस टेस्ट के स्कोर भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री संग शेयर किए हैं। छेत्री विराट के फिटनेस स्कोर देखकर काफी प्रभावित हुए। हालांकि छेत्री ने ये नहीं बताया कि कोहली को फिटनेस टेस्ट में कितने अंक मिले। छेत्री और कोहली के बीच काफी अच्छी दोस्ती है। छेत्री ने कोहली की तुलना फुटबॉल के दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो से की। सुनील छेत्री ने देसीपीएल ने कहा, कुछ दिन पहले विराट ने मुझे अपने फिटनेस टेस्ट के स्कोर भेजे थे।

## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 11 को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत एमपी वन मित्र पोर्टल पर जिला स्तर पर लंबित दावों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 11 सितंबर को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 11 को

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 11 सितम्बर को प्रातः 11 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा, वन अधिकार पट्टा, वन राजस्व भूमि एवं सीमा विवाद, सिविल केस विथ जीपी एवं एजीपी, लीगल कॉलोनी डिप्लायमेंट, आरसीएमएस के लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील आदि को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## सीएम यादव के मऊगंज जिले के बहुती प्रपात पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**सतना।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज की लोक कला के छात्र-छात्राओं ने बघेली शैला नृत्य और स्थानीय कलाकारों के दल ने अहिरहाई लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया।

# इंस्टाग्राम से दोस्ती कर शादी का झांसा देने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाब बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

### सिविल लाइन टीआई ने कार्यवाही कर दबोचा

**जागरण, सतना।** इंस्टाग्राम में दोस्ती कर शादी का झांसा देने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह व सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह परिहार द्वारा की गई है।



**ये है विवरण :** फरियादिया ने बताया कि वर्ष 2023 मे अगस्त सितम्बर के महीने मे इंस्टाग्राम के माध्यम से रील देखते देखते मेरी पहचान सोहेल बैलिम उर्फ सोनू पिता अब्दुल जब्बार निवासी घंटाघर सायकल मार्केट जनता सायकल स्टोर थाना सिटी पुलिस जिला जोधपुर राजस्थान से हुई थी जो इमोशनल ब्लैकमेल करके मुझसे कई किस्तो मे चार लाख पाँच हजार रूपये फोन पे व पेटीएम के माध्यम से ले लिया था सोहेल उर्फ सोनू मुझसे बोला कि मै मुसलमान हूँ और इस्लाम धर्म को मानता हूँ अगर तुम्हे मुझसे शादी करना है तो तुम्हे भी इस्लाम धर्म अपनाना पडेगा। मै बोली कि मै अपना धर्म नही छोडूंगी तो उसने बोला कि तुम मुस्लिम धर्म नही अपनाओगी और मुझसे शादी नही करोगी तो मै तुम्हे बदनाम कर दूंगा और मुझे डराकर इसी बहाने से रुपये ट्रांसफर कराए है सोनू उर्फ सोहेल बेलिम मुझसे अब घर के जेवर की मांग करने लगा था। मै अपने घरवालो को यह बात पूरी बात बताई। सोनू उर्फसोहेल बैलिम बोलता था कि अगर तुम धर्म परिवर्तन करके मुझसे शादी नही करोगी तो तुमको जान से खत्म कर देंगे।

## नगर वन में 501 पौधे रोपे गए

**सतना।** सतना नगर में पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देने के उद्देश्य से सोनौरा स्थित नगर वन में आज 501 पौधों का रोपण किया गया। अनुभूति फाउंडेशन द्वारा नगर निगम सतना के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बेलपत्र आँवला आमए अमरूद और शहतूत जैसे फलदार पौधे लगाए गए। आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र हरियाली और फल.छाया से आच्छादित होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा मरूस्थल को भी हरा.भरा बनाया जा सकता है तो सतना की उपजाऊ धरती क्यों पीछे रहे हर नागरिक एक पेड़ माँ के नाम और एक पेड़ अपनी आने वाली पीढ़ियों के नाम अवश्य लगाए।

उन्होंने अनुभूति फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती पांडेय विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी महापौर योगेश ताम्रकार बालेन्द गौतम सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय बड़ेरिया और कार्य संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि मात्र 14 महीनों में संस्था ने 5000 से अधिक पौधों का रोपण किया है और उनकी नियमित देखभाल के लिए विशेष अभियान संचालित हो रहा है। सचिव पीयूष गुप्ता ने संचालन किया। संजय गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया जबकि श्याम लाल गुप्ता ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सेवामित्रों के साथ नगर के अनेक नागरिक भी शामिल हुए। प्रमुख रूप से पार्षद पति शारदा तिवारी पार्षद आदित्य यादव मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी श्रीनिवास संदीप गुप्ता सचिन गुप्ता धीरेन्द्र गुप्ता मुकेश केशरवानी मुकेश अग्रवाल राम मोहन सिंह पवन अग्रवाल हरीश सोनी प्रमोद कुचया उत्तम अग्रवाल हीरामन जैसवाल राम पांडेय, सुखलाल चौरसिया संदीप धूत महेंद्र विशकर्मा रजनीश वर्मा शिव चौधरी दीपक अग्रवाल परसराम स्वर्णकार शिवाकांत पांडेय नरेंद्र कुमार जैसवाल बालमुकुन्द सिंह सत्य प्रकाश अग्रवाल कुलदीप अग्रवाल एवं अन्य पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।
































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com